राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष, 10 | पृष्ठ 12 | अंक 183 | रांची, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com

## आज का दिन

रानी चेनम्मा कर्नाटक के कित्तूर राज्य की रानी थीं। भारत के पहले स्वतंत्रता संग्राम 1857 से भी 33 वर्ष पूर्व रानी चेनम्मा ने हड़प नीति (डॉक्ट्रिन ऑफ लेप्स) के विरुद्ध अंग्रेजों से सशस्त्र संघर्ष किया था। अंग्रेजों की नीति 'डाक्ट्रिन ऑफ लैप्स' के तहत दत्तक पुत्रों को राज करने का अधिकार नहीं था। ऐसी स्थिति आने पर अंग्रेज उस राज्य को अपने साम्राज्य में मिला लेते थे। रानी चेनम्मा ने अंग्रेजों की इस नीति का कड़ा विरोध किया। अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध में रानी चेन्नम्मा ने अपूर्व शौर्य का प्रदर्शन किया।










होम्योपैथी द्वारा 100% सफल इलाज।

फीस नहीं ली जाती है रोग का जांच मुफ्त होता है,सपरिवार आकर मिलें, स्त्री पुरुष दोनों में कमी होने पर बांझपन आता है, औरतों के पेट में भगवान एवं इशु का घर है जहां संतान पैदा होता है,यहां बिना चीरफाड़ किए 100% दवा से ही मनचाही संतान प्राप्त करें,अगर बांझपन बहुत दिनों से है सारे उपाय फेल हो गए तब भी दवा से घर बैठे संतान पैदा होती है, इसके अलावा पुरुष यौवन,बच्ची महिला का सभी रोग,सादा पानी गिरना,शुक्राणु नहीं बनना वह भी 100% दवा से ठीक होता है, पथरी,नस जोड़,शुगर,हृदय की बीमारी चाहे जैसा भी रोग हो सिर के बाल से पैर तक जैसा भी रोग 100% इलाज होता है। एक बार आकर मिलें कोई परेशानी और खर्च नहीं होगी।

डॉ.रामगोपाल अग्रवाल 6202029408 | डॉ.सुनीता अग्रवाल 7488694267

गोकुल कायन होम्यो दवाखाना सदर अस्पताल के समीप श्री लेदर के बगल में डॉ.जे.शरण लैब के अन्दर।

## दिल्ली में शपथ ग्रहण के बाद राजग की हुई बैठक

# बिहार, बंगाल समेत सभी आगामी चुनाव दृढ़ता के साथ लड़ने का फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह के बाद इंपीरियल होटल में भाजपा-नीत राजग के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई। इस दौरान राजग नेताओं ने बिहार और पश्चिम बंगाल समेत सभी आगामी चुनाव दृढ़ता के साथ लड़ने का फैसला किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आश्वासन दिया कि सभी पक्ष एक साथ राजग के बैनर तले चुनाव लड़ेंगे। इस बैठक में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों और अन्य घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेताओं ने भी इसमें शिरकत की। इस बैठक में एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी को सभी ने महाराष्ट्र के बाद अब दिल्ली में मिली जीत पर बधाई दी। वहीं दूसरी ओर आगामी बिहार और पश्चिम बंगाल सहित अन्य चुनावों में एकजुटता से लड़ने का आश्वासन दिया। दोपहर भोज के बाद नेताओं ने एक सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। राजग के घटक दल के नेताओं में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार प्रमुख रूप से शामिल हुए।




महाराष्ट्र, राजस्थान और हरियाणा के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। जदयू नेता एवं केन्द्रीय मंत्री लल्लन सिंह भी बैठक में शामिल हुए। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि सभी मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और राजग के नेता शपथ ग्रहण समारोह के लिए दिल्ली आए थे। शपथ समारोह के बाद राजग नेताओं की एक बैठक हुई जिसमें सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री को महाराष्ट्र और दिल्ली में भाजपा की जीत के लिए बधाई दी। सभी राजग नेताओं ने सभी आगामी चुनावों जैसे बिहार और पश्चिम बंगाल के लिए दृढ़ता से लड़ने का फैसला किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को आश्वासन दिया कि सभी पक्ष एक साथ राजग के बैनर के तहत चुनाव लड़ेंगे।

## दिल्ली की सत्ता पर चौथी बार महिला मुख्यमंत्री काबिज




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में एक बार फिर इतिहास रचा गया। दिल्ली की सत्ता से 27 साल से बाहर रही भारतीय जनता पार्टी ने जबरदस्त वापसी करते हुए इस बार भी मुख्यमंत्री पद पर महिला को मौका दिया। रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस समारोह की गवाह बनने के लिए दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से भी महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंचीं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला रहे थे, उस समय महिलाओं का जोश भी हाई था। महिलाओं ने भाजपा के झंडे को लहराते हुए जय श्री राम का उद्घोष कर अपनी खुशी को जाहिर किया। वैसे तो शपथ ग्रहण समारोह का समय साढ़े 12 बजे का था लेकिन लोग इसके साक्षी बनने सुबह 10 बजे से ही पहुंचने लगे। केसरियां रंग के झंडों से पूरा मैदान सराबोर नजर आ रहा था।

### जमकर हुई आतिशबाजी

शपथ ग्रहण समारोह के बाद भाजपा मुख्यालय में भी खुशी का माहौल दिखा। बड़ी संख?ा में कार्यकर्ता आतिशबाजी करते हुए दिखाई दिए। 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में काबिज होने की खुशी में भाजपा मुख्यालय में कार्यकताओं ने पटाखे जलाए और मिठाइयां बांटीं।

## दिल्ली की नई मुख्यमंत्री और मंत्रियों को प्रधानमंत्री ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता को देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि दिल्ली के विकास के लिए वे पूरी शक्ति के साथ काम करेंगी और उनका कार्यकाल एक फलदाई कार्यकाल होगा। उन्होंने कहा कि कैंपस की राजनीति, राज्य के संगठन, नगरपालिका प्रशासन और विधायक तथा अब मुख्यमंत्री के तौर पर सक्रियता के साथ काम करते हुए वे जमीनी स्तर से आगे बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ने मंत्री पद की शपथ लेने वाले प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह टीम साहस और अनुभव का संगम है और निश्चित रूप से दिल्ली के लिए सुशासन सुनिश्चित करेगी।

# कुंभ स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त

**जौनपुर में हजारीबाग के 11 यात्रियों से भरी वाहन डिवाइडर से टकराई, 6 लोगों की मौत**

**मृतक और घायल सभी हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के कंडसार गांव के हैं रहने वाले**




उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में कुंभ स्नान से लौट रहे श्रद्धालुओं की वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बदलापुर थाना क्षेत्र में हुई। इस सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की मौत हो गई। 5 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडसार गांव के रहने वाले हैं। श्रद्धालु कुंभ स्नान के बाद अयोध्या में राम जन्मभूमि के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। जौनपुर मार्ग पर उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। गाड़ी डिवाइडर को पार करते हुए पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### एक ही परिवार के दो लोगों की मौत

**दुर्घटना में मृत श्रद्धालुओं में कांति देवी, धनवा देवी, मतिया देवी, मुनिया देवी, रंजीत यादव और केशिया देवी शामिल हैं। एक ही परिवार की धनवा देवी और उनके बेटे रंजीत यादव की भी मौत हो गई। घायलों को स्थानीय अस्पताल और वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई।**

## कुंभ नहाने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस में लगी आग, कूद कर बचाई जान



**रामगढ़।** रांची से प्रयागराज कुंभ नहाने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस में अचानक आग लग गई। इस हादसे में श्रद्धालुओं ने बस का शीशा तोड़ा और कूद कर अपनी जान बचाई। यह घटना रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत से हेसागढ़ा डायवर्सन में बुधवार के देर रात हुई है। जानकारी के अनुसार रांची से प्रयागराज जा रही रूनी स्लीपर बस के (जेएच 01 एफआर 2771) में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। बस जब कुजू क्षेत्र से गुजर रही थी, इसी दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ और एसी बस में आग लग गई। क्योंकि बस में कोई आपातकालीन निकास नहीं था और आग तेजी से फैल रहा था, इसलिए श्रद्धालुओं ने शीशा तोड़कर बाहर निकलने का प्रयास किया। श्रद्धालुओं ने कूद कर जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## मैट्रिक की हिन्दी और विज्ञान की परीक्षाएं रद्द




रांची। झारखंड अधिविद्य परिषद् ने गुरुवार को मैट्रिक के दो विषयों हिन्दी और विज्ञान की परीक्षाएं रद्द कर दी है। जैक ने 18 फरवरी को पहली पाली में ली गई हिन्दी के कोर्स ए और कोर्स बी और 20 फरवरी को होनेवाली पहली पाली में होनेवाली विज्ञान की परीक्षा को रद्द किया है। दोनों विषयों की परीक्षा को रद्द करने को लेकर जैक की ओर से पत्र जारी कर राज्य भर के छात्र और उनके अभिभावकों को सूचना दी है।

### हेमंत सरकार ने झारखंड को फिर से शर्मसार कर दिया: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पेपर लीक माफिया के रूप में कुख्यात हेमंत सरकार ने झारखंड को फिर से शर्मसार कर दिया है। शायद यह पहली बार है कि झारखंड में मैट्रिक परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आज सुबह से विज्ञान विषय का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की बरी



**रांची।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े छह वर्ष पुराने एक मामले में एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने बंधु तिर्की को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। गुरुवार को कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। इससे पहले सोमवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की का 313 का बयान दर्ज किया गया था, जिसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था और फैसला सुनाने के लिए गुरुवार की तिथि निर्धारित की थी।

## राहुल गांधी के व्यक्तिगत उपस्थिति छूट मामले में अगली सुनवाई 12 को



**रांची।** रांची एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में गुरुवार को राहुल गांधी के व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 12 मार्च निर्धारित की है। अधिवक्ता विनोद साहू ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट से निचली कोर्ट के कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है। इसीलिए मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 12 मार्च निर्धारित की गयी है। मामला भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह (अभी गृह मंत्री) के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। राहुल गांधी मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट चाहते हैं।

# बालाघाट: मुठभेड़ में मारी गई चार महिला नक्सलियों पर था 62 लाख रुपये का इनाम




**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में 19 फरवरी को गढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुपखार रेंज में हुई मुठभेड़ में हॉक फोर्स द्वारा चार महिला नक्सलियों को मार गिराया गया था। पुलिस को मिली इस सफलता के बाद आईजी संजय कुमार और एसपी नगेन्द्र सिंह ने गुरुवार को पत्रवार वार्ता आयोजित की। उन्होंने बताया कि चारों महिला नक्सलियों की पहचान हो गई है। चारों पर 62 लाख रुपये का ईनाम घोषित था। आईजी संजय कुमार ने मुठभेड़ के दौरान हुई फायरिंग और दलों के सम्बंध में विस्तार से जानकारी देते बताया गया कि कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के नक्सलियों के एक समूह की उपस्थिति की सूचनाएं एकत्रित हुए थी। इसके बाद बुधवार को जिला पुलिस बल और हॉक फोर्स द्वारा रौंदा गढ़ीदादर व कटोलदेही में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जब हॉक फोर्स व पुलिस बल द्वारा संदिग्ध क्षेत्र में सर्चिंग की जा रही थी। उसी दौरान 20 से 25 नक्सलियों के समूह द्वारा पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। तब सुरक्षा बलों द्वारा जान की परवाह न करते हुए जवाबी फायरिंग शुरू की गई। फायरिंग में चार हार्डकोर वदीधारी महिला नक्सली मारी गई। इसके पास से एक इंसास मैग्जीन के साथ, एक एसएलआर रायफल मैग्नीज के साथ, 303 व 315 रायफल और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई।

### मुठभेड़ में ये मारी गई महिला नक्सली

पत्रकार वार्ता में बताया गया कि सुकमा में भोरमदेव एरिया कमेटी कमांडर आशा पर 20 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सुकमा में जगरगुंडा की शीला उर्फ पदम उर्फ सरिता जो एसीएम भोरमदेव एरिया कमेटी से जुड़ी थी। इस पर 14 लाख का इनाम था। कोंडागांव की रंजिता एसीएम भोरमदेव एरिया कमेटी जिस पर 14 लाख रुपये और सुकमा की लक्खे मरावी एसीएम भोरमदेव एरिया कमेटी पर भी 14 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इन चारों को मुठभेड़ में मार गिराया गया। इसके अलावा कुछ नक्सली घने जंगल के सहारे भागने में कामयाब हुए है। हॉक फोर्स, पुलिस पार्टी और सीआरपीएफ द्वारा बड़े क्षेत्र में सर्चिंग जारी है।

# बांग्लादेशी फ्लाईट नागपुर स्थित डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई



**नागपुर।** बांग्लादेश के ढाका से दुबई जाने वाली फ्लाईट कि बुधवार आधी रात के बाद नागपुर स्थित डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इस फ्लाइट के यात्री 12 घंटो से नागपुर में फंसे हुए हैं और संबंधित एयरलाइन द्वारा उनके लिए व्यवस्था की गई है। नागपुर हवाई अड्डे के वरिष्ठ निदेशक आबिद रूही ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण नागपुर में उतारा गया विमान मरम्मत के बाद आज गुरुवार को रवाना होगा। नागपुर हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन के पास खड़े इस विमान में चालक दल के 12 सदस्य और 396 यात्री सवार थे। इनमे से अधिकांश यात्री चॅम्पियन्स ट्रॉफी मैच के लिए दुबई जा रहे थे। लेकिन विमान मे आई तकनिकी खराबी के चलते उन्हे नागपुर मे रूकना पडा।यात्रा के दौरान पायलट को पता चला कि विमान के इंजन में खराबी आ गई है। जिसके बाद विमान की आपातकालीन लैंडिंग के लिए डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से संपर्क किया गया। हवाई अड्डा प्रशासन से हरी झंडी मिलने के बाद विमान की सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इस बार यात्रियों को नौ घंटे तक हवाई अड्डे पर रुकना पड़ा था।

## कनकी गांव में युवकों व महिलाओं की एक बैठक की गई आयोजित

**गिद्दी।** कनकी गांव के नौजवानो और महिलाओं के साथ अजाद राईन के नेतृत्व में एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता रिना देवी ने एवं संचालन छोटू महतो द्वारा की गई। जिसमें कनकी गांव के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने, प्रदूषण व पलायन पर रोक लगाने, भ्रष्टाचार मुक्त क्षेत्र के लिए आपस में विचार विमर्श किया गया। साथ ही आगामी दिनों में लोकतांत्रिक एवं शांति पूर्ण तरीके से आंदोलन करने पर सहमति बनाई गई। इसके लिए गांव गांव जाकर यूवाओ एवं महिलाओ की एक कमिटी गठित करने एवं आंदोलन की रणनीति बना कर ब्यापक पैमाने पर क्षेत्र में बहुत जल्द जनहित के मुद्दो को ठिक करने पर सहमति बनी।बैठक में मुख्य रूप से दिपक साव, रंजींत साव ( राधे ),विजय सिंह, बिरेन्द्र महतो, सुलेंद्र महतो, नागेद्र महतो, मुरली राम, प्रयाग महतो, रेनू देवी, यशोदा देवी, सुनिता देवी, सावित्री किस्कू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने गुमला में विकास योजनाओं की समीक्षा की

**गुमला :** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह ने आज गुमला जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परिसदन, गुमला में विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा, जल छाजन योजना, बेरोजगारी भत्ता योजना सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पंचायत सचिवालय को पूरी तरह सक्रिय मोड में लाया जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवालय स्थानीय प्रशासन की रीढ़ है और इसे प्रभावी रूप से संचालित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पंचायत सचिव प्रतिदिन पंचायत सचिवालय में उपस्थित रहें और वहां सुचारू रूप से कार्य संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही, सभी स्वयंसेवकों की भी पंचायत सचिवालय में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही गई, ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पंचायत स्तर पर ही मिल सके और उन्हें बार-बार ब्लॉक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पंचायत सचिवालयों में सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएं और जरूरतमंदों को इन फॉर्मों को भरने और सबमिट करने में पूरी सहायता दी जाए।

मंत्री ने मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक श्रमिकों को इस योजना से जोड़ा जाए, ताकि रोजगार के अवसर बढ़ें और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण हो सके। उन्होंने इस योजना के तहत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया और कहा कि सभी योजनाओं का समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में बेरोजगारी भत्ता योजना पर भी चर्चा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसे सुचारु रूप से संचालित किया जाए, ताकि बेरोजगार युवाओं को राहत मिले और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि युवाओं को रोजगार के अवसर मिले और वे अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकें।

बैठक के उपरांत मंत्री श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह ने डुमरी प्रखंड का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रोजेक्ट किशोरी अंतर्गत संचालित सैनेट्री पैड निर्माण सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने छ्रस्क्क (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) द्वारा संचालित स्त्रक्क (स्त्रङुह्लद्बद्दह्न क्कह्लश्रस्त्रह्वष्द्गह्न ह्लह्नद्दङ्खठ्ठद्ब5ङ्खह्लद्बश्रठ्ठ) मॉडल की जानकारी ली और विशेष रूप से डुमरी प्रखंड में स्त्रक्क की महिलाओं द्वारा संचालित सेनेटरी पैड सेंटर का निरीक्षण किया। मंत्री ने इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि गुमला जिले में निर्मित सेनेटरी पैड्स सबसे पतले सेनेटरी पैड्स में से एक हैं, जिनमें जेल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे नमी का अनुभव नहीं होता।

## बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य : अमरनाथ कुशवाहा

**भुरकुंडा (रामगढ)।** मार्शल आर्ट सितोरियू डो फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वाधान में गुरूवार को फंडामेंटल साइंस स्कूल लादी में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कराटे कोच सेंसाई कंचन दास के देखरेख में महिला कराटे प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान द्वारा 35 ल?कियों को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग दिया गया। इस दौरान छात्राओं को पीटी, बेसिक फाइट और जूडो का ट्रेनिंग दिया गया। मौके पर प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर ने कहा कि प?ाई के साथ-साथ ल?कियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे का गुर जरूर सीखना चाहिए। कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। मौके पर विद्यालय के



प्रधानाध्यापक अमरनाथ कुशवाहा ने कहा कि कराटे से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है यह अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। प?ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाना ही विद्यालय का उद्देश्य है। प्राचार्य श्री कुशाहा ने बताया कि हमारे विद्यालय में कराटे प्रशिक्षिका सृष्टि कुजूर द्वारा सप्ताह में दो दिन ल?कियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में आभा, आस्था, वैष्णवी, बिंदिया, सुमन, दिव्या, दिलरुबा, शिखा, सुनैना, सिमरन, माही, आराध्या, नंदिनी, अंशिका, तनु, हनी आदि ने कराटे का प्रशिक्षण लिया।

## सैमसंग इंडिया ने लॉन्च किया गैलेक्सी ए06 5जी

**रांची :** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी ए06 5जी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स?मार्टफोन किफायती कीमत पर शानदार 5जी अनुभव लेकर आया है। सबसे किफायती बजट गैलेक्सी ए सीरीज़ 5जी स्मार्टफोन के रूप में, गैलेक्सी ए06 5जी को अपने विश्वसनीय प्रदर्शन और लंबी उम्र के साथ उपभोक्ताओं को अधिकतम वैल्यू देने के लिए डिजाइन किया गया है।




गैलेक्सी ए06 5जी भारत के सभी रिटेल आउटलेट्स, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, और अन्य ऑफलाइन चैनलों पर कई स्टोरेज वैरिएंट में उपलब्ध होगा। 4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज वाले वैरिएंट की शुरुआती कीमत मात्र 10499 रुपये है। गैलेक्सी ए06 5जी तीन आकर्षक रंगों - ब्लैक, ग्रे और लाइट ग्रीन में उपलब्ध है। एक विशेष लॉन्च ऑफर के रूप में, ग्राहक केवल 129 रुपये में सैमसंग केयर+ पैकेज के साथ एक साल की स्क्रीन प्रोटेक्शन योजना का लाभ उठा सकते हैं, जो अतिरिक्त सुरक्षा और मानसिक सुकून प्रदान करता है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के जनरल मैनेजर अक्षय एस राव ने कहा कि गैलेक्सी ए06 5जी के लॉन्च के साथ, हम बेहतरीन 5जी अनुभव के लिए सेगमेंट में अग्रणी 12 5जी बैंड ला रहे हैं। शानदार कनेक्टिविटी, दमदार परफॉरमेंस और सेगमेंट में अग्रणी इनोवेशन प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई यह डिवाइस अत्याधुनिक तकनीक को सभी तक पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस डिवाइस के साथ, हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि यूजर्स काम और मनोरंजन के लिए हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के साथ-साथ बेजोड़ ड्यूरैबिलिटी का आनंद ले सकें।

## एनआईबीएम ने पूरी की सफलतापूर्वक 26 वर्ष

**रांची :** एनआईबीएम जहां हजारों युवा अपनी सरकारी नौकरी की सपना को साकार कर चुके हैं तथा यह सिलसिला पिछले 26 वर्ष से चलती आ रही है वर्ष 1997 में पटना के अशोक राज पथ से शुरुआत की गई तथा वर्ष 2003 में रांची के हरिओम टॉवर से और 2012 से अपनी चौथी मंजिल श्री साई टावर सर्कुलर रोड में चल रही है।संस्थान में बिहार उड़ीसा पश्चिम बंगाल छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के वि?द्यार्थी आते हैं तथा सरकारी नौकरी प्राप्त कर अपने तथा समाज को मजबूत बना रहे हैं.

इस अवसर पर एन आई थी एम के सीईओ श्री एम के गुप्ता, श्रीमती विजेयता गुप्ता, रांची विश्व विद्यालय के पूर्व वी सी श्री रमेश पांडे, सरला बिरला विश्ववि?द्यालय के वीसी श्री गोपाल पाठक, साई नाथ वीसी श्री एस पी अग्रवाल, डॉ




श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्व वि?द्यालय के वीसी श्री तपन सांड्यन, जेवियर के पूर्व प्राचार्य श्री नाबोरा लकड़ा, शिक्षाविद श्री रमण बल्लभ, श्री सुरजीत घोष, श्री बी के सिन्हा, श्री ए के ठाकुर, श्री कौशिक बनर्जी, श्री के सी अग्रवाल, श्री शिवेश, श्री छोटन महतो, श्री निखिल, श्री ईशान, पुष्पांजलि तथा संस्था के पूरी टीम के साथ सैकड़ो वि?द्यार्थी उपस्थित रहे।

निदेशक एगके गुप्ता ने सफलता का श्रेय संस्थान के सफल युवा तथा उनके अभिभावकों के साथ-साथ सभी शिक्षकों और एनआईबीएम के टीम को देते हैं तथा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित को सम्मानित किए संस्थान का अपना 5000 वर्ग फुट में जिसमें लाइब्रेरी, रीडिंग रूम क्लास रून वाई-फाई से सुसज्जित है नई पैटर्न पर प्रकाशित पुस्तक स्टडी मैटेरियल है जो परीक्षा में लगभग हुबहू पूछे जाते हैं,सभी विशेषज परमानेंट है तथा सुबह से शाम तक रहते हैं विशेषज्ञ के रूप में निदेशक खुद क्लास लेते हैं तथा विभिन्न बैंक के रिटायर्ड चीफ मैनेजर, एजीएम है.बैंकिग, एसएससी, रेलवे जेपीएससी के लिए संपरेट तथा कंबाइंड में हिंदी और इंग्लिश दोनों माध्यम में 16 तथा 21 फरवरी से प्रारंभ की जा रही इसक विद्यार्थी श्री साई टावर चौथी मंजिल, सर्कुलर रोड लालपुर रांची स्थित पर तथा 9334726278 तथा 8825250625 पर संपर्क कर सकते हैं।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महामंत्री सतीश सिन्हा ने सीसीएल गांधीनगर हॉस्पिटल का किया निरीक्षण



**भुरकुंडा (रामगढ)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महामंत्री सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा ने गुरूवार को सीसीएल गांधीनगर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सतीश सिन्हा ने साफ-सफाई, मरीजों की सुविधाओं सहित अन्य चीजों का जायजा लिया। इस दौरान श्री सिन्हा ने एमआरआई मशीन की व्यवस्था, अटेंडेंट की ठहरने की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, मरीज के खाने की मात्रा ब?ाने, मरीज को उचित दवा की व्यवस्था करने की आदि की मांग हॉस्पिटल प्रबंधन से की। साथ ही कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। जिसपर हॉस्पिटल प्रबंधन ने आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। निरीक्षण के मौके पर सतीश सिन्हा, नान्हू सिंह, रमेश प्रसाद, संतोष ठाकुर, हरेंद्र सिंह, रवि प्रधान, संतोष कुमार, हर्षवर्धन, विनोद कुमार, डी पोद्दार, शिवजी साव सहित हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से सीएमओ डॉ रत्नेश जैन, पर्सनल मैनेजर तेजवेंदर सिंह आदि उपस्थित थें।

## साहित्य सम्मान से सम्मानित होंगे भुरकुंडा के शिक्षक डॉ.गजाधर महतो प्रभाकर

**भुरकुंडा (रामगढ)।** अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर 21 फरवरी को रांची के प्रेस क्लब में अखिल झारखंड साहित्य अकादमी की तत्वावधान में आयोजित कार्यकम में जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी शिक्षक डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर को खोरठा भाषा का साहित्य सम्मान दिया जायगा। खोरठा भाषा पर सबसे पहला पीएच.डी. धारक एवं खोरठा के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर का जन्म 11 फरवरी 1952 को ग्राम साहेदा पोस्ट हलमाद थाना सिल्ली जिला रांची के एक साधारण किसान परिवार में हुआ है। इनके पिता का नाम स्व. जगन्नाथ महतो तथा माता का नाम स्व. लाखों देवी है। इनकी शैक्षणिक योग्यता एमए बी.एड पीएच.डी है। इन्होंने प?ाई हिंदी विषय से स्नातक प्रतिष्ठा, स्नातकोत्तर हिंदी से और पीएच. डी भी हिंदी विभाग से ही किया है। किंतु इनके शोध का विषय था खोरठा लोककथा विषय और विश्लेषण जिसे 1990 में शोध प्रस्तुत करके पीएच. डी की उपाधि ग्रहण की है। 1978 ई. से विद्यालय महात्मा गांधी उच्च विद्यालय भुरकुंडा के शिक्षक रहे हैं और अवकाश ग्रहण के बाद अप्रैल 2012 ई. से 2017 ई. तक बिरसा मुंडा इंटर कॉलेज रामग? कैंट में प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहे हैं। जन्म स्थान की दृष्टि से इनकी मातृभाषा कुरमाली है पर इन्होंने कुरमाली में न लिख कर खोरठा में रुचि अधिक दिखाई है तथा खोरठा भाषा के उन्नयन एवं संवर्द्धन में अपने जीवन को समर्पित कर दिया है। इसके पीछे का एक ही कारण है इनका लालन-पालन खोरठा क्षेत्र ग्राम उसरा, थाना-जिला रामग? से हुआ है। प?ाई-लिखाई का कार्य भी इसी क्षेत्र से हुआ है। प्राथमिक शिक्षा ग्राम उसरा से, माध्यमिक शिक्षा कृष्णा वल्लभ आदर्श उच्च



विद्यालय लारी से और उच्च शिक्षा/कॉलेज की शिक्षा रामग? कॉलेज रामग? से प्राप्त की है। यह रामग? का क्षेत्र खोरठा भाषा का क्षेत्र है और नौकरी का काम भी यह इसी जिला के अंतर्गत् किए हैं, इसीलिए खोरठा के प्रति उनकी रुझान अधिक है। साहित्य जगत में 1970 में प्रवेश किये हैं। पहले हिन्दी में रचनाएं लिखते थे। खोरठा में लिखने की सलाह ए. के. झा ने दी और आकाशवाणी रांची में झा जी ने नाम लिखा दिया। 20 मार्च 1983 ई. को इनकी पहली कहनी प्रसारित हुई। इसके बाद इनके मन में खोरठा के प्रति रुचि ब?ी। 1984 में इन्होंने हिंदी से एम. ए. किया, उसी वर्ष जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में खोरठा की प?ाई शुरू हुई थी। 1986 में खोरठा से एम.ए. करने के लिए नाम लिखाने के लिए विभाग पहुंचे की वहां के तत्कालीन विभाग के प्रभारी डॉ. बी. पी. केसरी ने सलाह दी कि आप पीएच.डी कीजिए। क्योंकि एम.ए कर चुकने के कारण आपका नामांकन नहीं हो सकता है। ओरिएंटेसन कोर्स शुरू करने जा रहे हैं। इन्होंने वहां नामांकन तो कराया, पर कतिपय कारणों से जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग से पीएच. डी नहीं कर पाए और हिन्दी से ही पीएच. डी की। पर विषय वही रह- खोरठा लोककथा विषय और विश्लेषण'। खोरठा के प्रति इनकी रूचि कम नहीं हुई और अनवरत सेवा जारी रहा। 2006 में जब झारखंड अधिविद्य परिषद् द्वारा आयोजित परीक्षा नवम एवं दशम् के विद्यार्थियों को जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा प?ने और परीक्षा देने की शुरूआत हुई तो इन्होंने खोरठा प?ाना शुरू किया। 2012 के बाद इंटर कॉलेज में पदस्थापित हुए तो वहां भी हिंदी के साथ खोरठा प?ाने लगें। 2017-18 से जेएसएससी, जेपीएससी एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए गाइड एवं पासपसेर्ट बुक बनाना शुरू किए हैं। इस तरह खोरठा विद्यार्थियों को निराश नहीं करने के उद्देश्य से पुस्तकें लिखना इनकी प्राथमिकता रही है और जीवनपर्यन्त निरन्तर जारी रहेगा। खोरठा एवं हिन्दी भाषा में इनकी निम्नलिखित रचनाएं प्रकाशित हैं तथा कुछ प्रकाशनाधीन हैं। जिसमें पुटुस फूल (खोरठा कहानी संग्रह), आब ना रहा पटाइल (खोरठा कविता संग्रह), खोरठा आलेख (आकाशवाणी द्वारा प्रसारित खोरठा वार्ता संग्रह), खोरठा भाषा व्याकरण, खोरठा साहित्यिक निबंध, खोरठा लोक साहित्य सार, खोरठा की प्रतिनिधि कहानियां (सम्पादित खोरठा कहानी संग्रह, स्नातक कक्षा के लिए), केंवराक गमक (सम्पादित खोरठा कविता संग्रह, स्नातक कक्षा के लिए), दु डाइर करंज फूल (सम्पादित खोरठा गद्य-पद्य संग्रह, 8 वीं कक्षा के लिए), गांधी मानस (हिन्दी कविता संग्रह), कली और फूल (हिन्दी कविता संग्रह), मरीचिका (हिन्दी लघुकथा संग्रह) आदि शामिल हैं। इनके अलावे आठवीं से लेकर इंटर तक जैक द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निमित छात्रों के लिए गेस पेपर एवं पासपोर्ट बनाना तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सभी सेमेस्टर का पासपोर्ट तैयार करना इनका प्रमुख कार्य है।

## एक-नजर

### उपायुक्त के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया



**सिमडेगा-** आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्व ।

### राज्य सरकार चला रहा है जन कल्याणकारी योजना-नसीर अंसारी

**सिमडेगा/कुरडेग -** प्रखंड के हेठमा में मो. नसीर अंसारी एवं लोरेंतुस कुजूर के नेतृत्व में, जिला संयोजक मंडली के निर्देशानुसार प्रखण्ड संयोजक मंडली के द्वारा हेठमा पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया गया। तथा हेठमा पंचायत का पंचायत समिति का गठन भी किया गया। मौके पर श्री अशोक कुमार दास के द्वारा झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का नीति सिद्ध.।

### झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह 23 को:महेश्वर साहु

**भुरकुंडा (रामगढ)।** पंचवटी मैरेज हॉल (जो?ा पुल, पतरातू डैम गेट) में आगामी 23 फरवरी को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष परिवार के साथ शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज और संगठन के मुद्दे पर चर्चा के पश्चात कई प्रस्ताव पारित किये जायेंगे। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की जायेगी।

### चितरपुर कॉलेज का स्नातक का छात्र की सड़क दुर्घटना में हुआ निधन

**रजरप्पा।** चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर के स्नातक का 19वर्षीय छात्र पंकज कुमार की मोटरसाइकिल दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। इस ख़बर से महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों के बीच शोक का लहर ?ैल गया। महाविद्यालय परिसर में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर छात्र को श्रद्धांजलि दी गयी। पंकज कुमार महाविद्यालय का नियमित तथा मेघावी छात्र था। वह सेमेस्टर-द्धद्ध के हिंदी विभाग का छात्र था। कल शाम अपने बुआ के घर चेटर गांव से कुंभ का प्रसाद देकर वापस लौट रहा था। उसी क्रम मे विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन की चपेट मे आने से मौत हो गई। छात्र वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं पहना था। महाविद्यालय परिसर में शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।.

### रांची में टेलीकॉम पेंशनर्स, फैमिली पेंशनर्स एवं कर्मचारियों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन

**रांची :** दिनांक 20/02/2025 को रांची के शहीद चौक स्थित टेलीकम्यूनिकेशन विभाग के कार्यालय में 11ः00 - 4ः00 बजे तक ऑर्किड मेडिकल सेंटर द्वारा सामान्य हेल्थ चेकअप कैंप और आई चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।

इस मौके पर ब्लड प्रेशर (ब्क्क), एसपीओ 2 (स्क्क2), रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी (श्वष्टत्र), वजन का माप, शरीर की लंबाई और आई चेकअप जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचों की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस हेल्थ कैंप मे आईरिस सुपरस्पेशलिटी आई हॉस्पिटल टीम भी सामिल हुई।

इस हेल्थ चेकअप कैंप में 60 के लगभग पेंशनर्स कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों ने शामिल होकर इसका लाभ उठाया।

इस हेल्थ कैंप का उद्देश्य स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान, उचित परामर्श एवं रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। ऑर्किड मेडिकल सेंटर, रांची के विशेषज्ञों के सहयोग से उपस्थित लोगों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति का सही आकलन करने और आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्राप्त करने का अवसर मिला।

इस सफल आयोजन के लिए उपस्थित सभी लोगों ने ऑर्किड मेडिकल सेंटर, रांची का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते रहने की मांग की।.

### मुगमा क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर वर्चस्व को लेकर आए दिन गोली चला कर आम लोगों में दहशत का महोल.

**एग्यारकुंड ।** मुगमा क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर वर्चस्व को लेकर मारपीट की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है, दुसरे दिन बुधवार की रात भी अवैध कोयला का कारोबार करने वाले भट्ठा संचालक के गुर्गो के बीच मुगमा रेलवे फाटक के समीप व मुगमा स्टेशन रोड जाने वाली सड़क पर मारपीट की घटना घटी,हालांकि मारपीट में किसी की घायल होने की सूचना नहीं है,वहीं बारबार हो रही मारपीट व गोली चलने की घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत व्याप्त है,साथ ही पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश भी व्याप्त है। लोगों का कहना है कि अवैध कारोबार में अफराधिक किस्म के लोग जुड़े हुए है, जो रात भर हरवे हथियार के साथ लैस होकर टोली बनाकर घुमते है। जिससे लोगों के बीच काफी भय का वातवरण बना हुआ है।जिससे कभी भी अप्रीय घटना घटने की संभावना बनी हुई है। एक दिन पूर्व ही लतीबाबू पुल के समीप दो गुटों के बीच हुई मारपीट में युवक घ्याल व चार राउंड गोली चलायी गई थी, वहीं कुछ दिन पहले भी मुगमा रेलवे फाटक के समीप छ राउंड गोली चलने की घटना घटी थी। जिसमें पुलिस दो खोखा भी बरामद किया था।

क्या है मामला

जानकारी के अनुसार बीते रात स्टेशन रोड मुगमा व मुगमा रेलवे फाटक पार स्थित भट्ठा है,इन भट्ठों में गोपीनाथपुर नदीं किनारे जंगल, बंद कापासारा में बैड़े पैमाने पर कोयला का अवैध खनन किया जाता है,जहां से शाम होते ही ट्रैक्टर से भट्ठों में कोयला पहुंचाना शुरु कर दिया जाता है जो रातभर चलता रहता है। बताया जाता है कि जिस भट्ठा में कम कोयला पहूंचता है उस भट्ठे को गुर्गे दूसरे भट्ठा में कोयला ले जाने पर रोक लगाने लगते हैं,इसी बात पर रात में दो गुटों के बीच मारपीट की घटना घटी।

### हथियार का भय दिखाकर लूटपाट का योजना बना रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**गुमला -** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना के पुअनि थाना प्रभारी अरुण कुमार को एक गुप्त सूचना मिली की घाघरा थाना स्थित मसरिया डैम हनुमान मंदिर के समक्ष दो व्यक्ति आज मसरीया डैम के समक्ष हथियार देखाकर लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले हैं और अभी उक्त दोनों व्यक्ति उक्त स्थान पर बैठकर मुर्गा दारू का पार्टी मना रहे हैं , उक्त सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें छापामारी दल का गठन करते हुए और घाघरा थाना में एक सन्हा दर्ज कर , अपने साथ हवलदार हरिश्चंद्र दास तथा आरक्षी विनोद टेटे एवं सुजीत कुमार यादव को अपने साथ लेकर उक्त गुप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु उक्त घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उक्त स्थान पर दो व्यक्ति बैठे हुए हैं और कुछ खा पी रहे हैं, इसी क्रम में पुलिस को देखते ही उक्त दोनों व्यक्ति भागने लगे, जिसे पुलिस जवानों ने खदेडकर पकड़ लिया ।

## एक नजर

### झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, हल्की बारिश से गिरा तापमान

**रांची।** झारखंड के अधिकांश जिलों में गुरुवार की सुबह से ही मौसम का मिजाज बदल गया। रांची समेत कई जगहों पर हल्की बारिश से मौसम सुहाना हो गया। हल्की बारिश से रांची में तापमान में लगभग छह डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सुबह में रांची में तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड दर्ज किया गया जो बुधवार को 29.8 डिग्री सेल्सियस था। हालांकि बाद में मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने पूर्व में ही गुरुवार और शनिवार को राज्य के दक्षिणी, पूर्वी, मध्यवर्ती और पश्चमी जिलों के कई इलाकों में गर्जन के साथ ओलावृष्टि और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था।

### तीन दिवसीय शिव मंदिर नंदी प्राणप्रतिष्ठा सह कलशयात्रा का आयोजन



**मांडर।** प्रखण्ड स्थित गुरूवार को  मलती गांव में शिव मंदिर नंदी स्थापना सह बियारखो  धाम से कलश  यात्रा शुरू होकर शिव मंदिर मलती  तक आया , इसमें लगभग 400 महिलाओं ने भाग लिया यह तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन हुआ दूसरे एवं तीसरे दिन अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है, मुख्य रूप से पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ,रामबालक ठाकुर, बबलू गोप ,प्रीति यादव, सीता देवी, कौशल्या देवी, रामचंद्र भगत, कमल भगत, विनोद साहू, मनोहर साहू , रमेश चौरसिया, रीना चौरसिया, राजेश नायक ,मन बह। ल साहू , कैलाश  भगत, शकुन देवी, सहित सेकड़ो शिव भक्तो मौजूद थे।

### चैंबर भवन में संवाद दो कार्यक्रम 22 को

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से संवाद-दो कार्यक्रम का आयोजन 22 फरवरी को चैंबर भवन में किया जायेगा। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय शामिल होंगे। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक अमित शर्मा और शैलेश अग्रवाल ने देते हुए बताया कि राज्य में नई सरकार के गठन के बाद सरकार की भावी योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा के साथ ही राज्य के विकासात्मक मुद्दों पर सरकार और स्टेकहोल्डर्स का संयुक्त प्रयास शुरू करने की दिशा में हमारा यह प्रयास सफल साबित होगा। वहीं चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि संवाद दो के माध्यम से हमारा प्रयास होगा कि राज्य में व्यापार-उद्योग जगत की ज्वलंत समस्याओं पर ठोस पहल हो सके। हमें पूर्ण विश्वास है कि सरकार का सकारात्मक सहयोग हमें प्राप्त होगा। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

### हाईकोर्ट के दिवंगत अधिवक्ता सूरज कुमार को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सूरज कुमार के निधन पर गुरुवार को झारखंड एडवोकेट्स एसोसिएशन के बैनर तले हाईकोर्ट के सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया। आयोजित शोक सभा में हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने दिवंगत सूरज कुमार को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा के बाद अधिवक्ताओं ने अपने आप को न्यायिक कार्य से अलग रखा। इस कारण सैकड़ों मामलों की सुनवाई प्रभावित रही। उल्लेखनीय है कि 18 फरवरी को झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सूरज कुमार का आकस्मिक निधन हो गया था। वह हाईकोर्ट में एक केस की बहस कर कोर्ट रूम से निकलते ही बेहोश होकर गिर पड़े थे। इसके बाद उन्हें हाईकोर्ट स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था।लेकिन स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं होता देख, आनन फानन में अधिवक्ता सूरज कुमार को पारस हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

### पांच दिवसीय दौरे पर 21 को आएंगे कांग्रेस प्रभारी

रांची। प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू पांच दिवसीय दौरे के क्रम में 21 फरवरी को रांची पहुंचेंगे।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस की ओर से कांग्रेस भवन में उनका स्वागत समारोह आयोजित किया गया है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने गुरुवार को बताया कि पांच दिवसीय दौरे के क्रम में राजू कांग्रेस के पार्टी के सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, विधायक और अग्रणी मोर्चा के संगठन के अध्यक्षों समेत अन्यस से मुलाकात करेंगे।

इस दौरे में वे लोहरदगा गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम जिलों का दौरा कर वहां के जिला अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों से संवाद करेंगे। शांति ने बताया कि संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत राजू का यह प्रथम दौरा झारखंड में संगठन की नींव को मजबूती प्रदान करेगी। उनके लिए झारखंड का संगठन और यहां के कांग्रेस जन नये नहीं हैं। इसके पहले भी संगठन के कार्यक्रमों के लिए राजू का दौरा लगातार झारखंड में होता रहा है।

# चेसिस और डाक पार्सल गाड़ी में टक्कर, मौत

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर फूदी मोड़ के समीप गुरुवार को टाटा कंपनी की नई चेसिस और डाक पार्सल गाड़ी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल चेसिस चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटना में डाक पार्सल गाड़ी का चालक भी मामूली रूप से घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार टाटा की नई चेसिस जमशेदपुर से रांची की ओर जा रही थी, जबकि डाक पार्सल गाड़ी रांची से खूंटी की ओर आ रही थी। घटनास्थल के समीप दोनों के बीच सीधी टक्कर हो गई। टक्कर से चेसिस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक स्टेरिंग के पास फंस गया, जबकि डाक पार्सल गाड़ी सड़क किनारे पलट गया। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और चेसिस में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद निकालकर इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## एसएसबी की बस और बाइक में टक्कर, दो की मौत



खूंटी, 20 फरवरी (हि.स.)। खूंटी-तमाड़ रोड पर अड़की थाना क्षेत्र के जारंगा सारना के पास सशस्त्र सीमा बल(एसएसबी) की बस और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में बाइक सवार युवक श्रीकांत लोहरा(22 ) और सोमवारी कुमारी नामक (20) युवती की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। श्रीकांत लोहरा जरंगा का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार सोमवारी कुमारी पीपीके कॉलेज बुंडु की छात्रा थी। गुरुवार को वह एनसीसी की क्लास कर बुंडू से वापस अड़की अपने घर आ रही थी। तमाड़ से अड़की तक सवारी गाड़ी नहीं मिलने के कारण वह पैसेंजर ऑटो से सिंदरी बाजार तक पहुंची। उसी समय श्रीकांत लोहरा अपनी पैशन प्रो बाइक से सिंदरी बाजार से अपने गांव जारंगा आ रहा था। श्रीकांत से लिफ्ट लेकर सोमवारी कुमारी अपने घर अड़की लौट रही थी। शाम को हल्की बूंदाबांदी हो रही थी। इसी क्रम बाइक सवार दोनों युवक-युवती जैसे ही जरंगा सरना के पास विपरीत दिशा से आ रही सशस्त्र सीमा बल की बस ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार को रौंदते हुए बस गड्ढे में जा घुसी। दोनों युवक-युवती की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जाता है कि उक्त बस जवानों को लेने तमाड़ की ओर जा रही थी। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

# छावा फिल्म को टैक्स फ्री करे सरकार : अमरदीप

उज्जवल दुनिया संवाददाता

रांची। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने धर्मवीर, महाप्रतापी छत्रपति संभाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास पर बनी फिल्म छावा को टैक्स फ्री करने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। डॉ अमरदीप यादव ने गुरुवार को कहा कि फिल्म छावा को मनोरंजन कर से मुक्त किया जाए ताकि, अधिक से अधिक झारखंडवासी विशेष रूप से युवा इस फिल्म को देखकर हिंदवी स्वराज के महानायक के गौरवशाली और संघर्षमयी इतिहास को जान सकें। राज्यवासी छत्रपति शंभाजी महाराज के जीवन से देश की एकता, अखंडता, राष्ट्रवाद और हिंदुत्ववाद की प्रेरणा लेंगे। पत्र में डॉ अमरदीप ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के बाद उनके सुपुत्र हिंदवी स्वराज की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले संभाजी महाराज की वीरता, ओजस्विता और साहस अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है।

औरंगजेब द्वारा छल-बल का उपयोग कर छत्रपति शंभूराजे एवं उनके मित्र कवि कलश को गिरफ्तार करने के बाद सभी तरह की क्रूर से क्रूर यातनाएं दीं, दोनों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, लेकिन स्वराज का भाव और हिंदू धर्म नहीं छोड़ा।

# स्टील को कार्बन मुक्त करना एक अवसर : चैंबर

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**रांची।** स्विच-ऑन फाउंडेशन और एसोचैम सेंट्रल ईस्ट रीजन की ओर से झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स, क्रेडाई और आईआईए के सहयोग से ग्रीन स्टील क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के विषय पर कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यशाला में चैम्बर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि स्टील को कार्बन मुक्त करना एक पर्यावरणीय आवश्यकता और आर्थिक अवसर दोनों है। उन्होंने कहा कि झारखंड के पास ग्रीन स्टील प्रोडक्शन में राष्ट्रीय मिसाल कायम करने के लिए संसाधन और औद्योगिक आधार है। उन्होंने झारखंड की औद्योगिक प्रक्रियाओं में सौर, बायोमास और हाइड्रोजन-आधारित समाधानों को एकीकृत करके इस परिवर्तन का नेतृत्व करने की क्षमता की जानकारी दी। कार्यशाला में रिन्यूएबल एनर्जी अपनाने, कम कार्बन वाली टेक्नोलोग्य और सप्लाई चेन ट्रांसफॉर्मेशन के माध्यम से ग्रीन स्टील प्रोडक्शन के लिए इको-सिस्टम बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम का समापन झारखंड को कम उत्सर्जन वाले, टिकाऊ इस्पात निर्माण का केंद्र बनाने के लिए सामुहिक कार्रवाई के आह्वान के साथ हुआ, जिससे स्वच्छ, हरित भविष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को बल मिला। कार्यशाला में चैंबर के सदस्य शशांक भरद्वाज और क्रेडाई की ओर से कुमुद झा उपस्थित थे। यह जानकारी चैंबर के प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

# मंच के झारखंड संयोजक बने सूरज मंडल

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**रांची।** पूर्व सांसद और जैक के पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा नेता डॉ सूरज मंडल को अखिल भारतीय संपूर्ण क्रान्ति राष्ट्रीय मंच का झारखंड का संयोजक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय संयोजक राम प्रवेश सिंह की अध्यक्षता में हुई संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच की बैठक में यह निर्णय लिया गया। साथ ही अन्य राज्यों में भी संयोजकों की नियुक्ति के साथ व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तय की गयी। बैठक में फैसला लिया गया कि संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच का प्रस्तावित दो दिवसीय वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन 20 मार्च को नयी दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में होगा। यह सम्मेलन तीन सत्रों में होगा। वहीं 21 मार्च को जंतर-मंतर, नयी दिल्ली में पूरे देश से आये लोकतंत्र व जेपी आंदोलन के सेनानी एकत्रित होंगे और वहां से कुच कर संसद घेराव करने के लिये अपनी यात्रा शुरू करेंगे। बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुए डॉ मंडल ने कहा कि यदि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संपूर्ण क्रांति न हुई होती तो भारतीय लोकतंत्र पर छाये खतरे के बाद स्वतंत्रता आंदोलन में देखे गये सारे सपने समाप्त हो जाते।

उन्होंने कहा कि जेपी आंदोलन की भावनाओं को जिंदा रखना ही संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच का सबसे प्रमुख उद्देश्य है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये रूपरेखा और एजेंडा तैयार करना मंच का लक्ष्य है। मंच की ओर से इसी क्रम में विविध राज्यों में राज्य संयोजकों की नियुक्ति की घोषणा की गयी है, जिसमें उन्हें झारखंड का संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा जग्गनाथ शहाने, अन्ना जी राजेदार, संजय राजेदार, सुभाष रामप्पायेवते, अजय भूजवल, भीमराव शंकरराव देवकर, सचिन विटल राव पाटिल, चंद्र छाबड़ा, लक्ष्मण सेव पाटिल समेत अन्य को अन्य राज्यों का संयोजक सहित अन्य पदों पर मनोनीत किया गया है।

### माता शबरी थीं भगवान राम की अनन्य भक्त : कर्मवीर

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में माता शबरी की जयंती गुरुवार को मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा माता शबरी प्रभु श्री राम की अनन्य भक्त होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कर्मवीर सिंह ने कहा कि माता शबरी का असली नाम श्रमणा था वो भीलों के राजा की बेटी थीं। माता शबरी के मन में प्रभु राम के प्रति बहुत स्नेह था। इसी कारण उनमें भक्ति और ध्यान के सारे गुण आ गए शुरू में माता शबरी जब ऋषियों-मुनियों को बाहर जाते देखतीं तो वो उनके रास्ते को साफ करतीं थी। उन्होंने कहा कि माता शबरी ने भगवान राम को बेर चखकर इसलिए खिलाए,ताकि कोई खट्टा बेर भगवान के मुंह में न चला जाए। भगवान राम माता शबरी की भक्ति देखकर प्रसन्न हुए और उनको प्रभु की कृपा से मोक्ष की प्राप्ति हुई। इस मौके पर राकेश प्रसाद,सीमा पासवान,हेमंत दास, अशोक बड़ाईक,आरती सिंह,जोगेन्द्र लाल,राजीव राज लाल,खुदा राम,सीमा सिंह समेत अन्य नेताओं ने मां शबरी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

# डालसा ने लोगों को दी कानून की जानकारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

रांची। झालसा के निर्देश पर न्यायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर बुंडू प्रखंड के सिरकाडीह गांव में जस्टिस-ऑन-व्हिल मोबाईल वैन टूर जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन गुरुवार को किया गया। इसके अलावा डालसा टीम ने कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में लिगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में एलएडीसी डिप्टीं चीफ कविता कुमारी खाती, सोनामनी देवी, रूकमनी देवी, प्रद्युम्नी प्रमाणिक, सुनीता कुमारी, मुस्कान कुमारी, संध्या कुमारी, विमला कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे। एलएडीसी डिप्टी चीफ ने मौजूद लोगों को डायन बिसाही, बाल-विवाह, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या की जानकारी दी। साथ ही कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय स्कूल में बच्चों को संविधान के मुल अधिकार तथा मूल कर्त्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि डायन बिसाही के मामले में एक दूसरे की हत्या करना बड़ा अपराध है। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएलवी सुनीता कुमारी, मुस्कान कुमारी और संध्या कुमारी ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि आठ मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में डालसा की कई पीएलवी ने जानकारी दी। साथ ही 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत की भी जानकारी दी गई।

**Government of Jharkhand**
**State Urban Development Agency**
**URBAN DEVELOPMENT AND HOUSING DEPARTMENT**

**e-Procurement Notice**

**NIT NO: 05/न0 वि0/14th FC(SLB)-02/16-03 Date 19/02/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Project | E-Tender for Selection of agency for Support in Publication of Service Level Benchmark (SLB) of ULBs for Water Supply, Sanitation, Solid Waste Management and Storm Water Drainage through Online PAS Portal. |
| 2. | Tender Fee & Bid Security/ EMD (In INR) | Tender Document Fee: ₹ 5,000.00 Bid Security/EMD: ₹ 50,000.00 The Tender Fee and Bid Security should be paid Online. |
| 3. | Time of Completion | The maximum time limit to submit the Service Level Benchmark Gazette for every concerned year is 04 Months. |
| 4. | Date and Time of E-Publication of Tender on website | On 20/02/2025 from 17:00 HRS |
| 5. | Date of submission of pre-bid queries. | 28/02/2025 till 16:00 HRS, Bidders must submit their queries through post or email (suda.goj@gmail.com) in writing. Mail should contain NIT No. & e-Tender (RFP) Reference no. and RFP Name in email subject line. The replies to the Pre-bid queries will be uploaded on website and will emailed to the bidders. |
| 6. | Mode of submission of bids | e-Tendering (https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 7. | Online Last Date/Time for submission of bids | On 17/03/2025 by 16:00 HRS |
| 8. | Date of Technical Bid Opening (Online) | On 18/03/2025 at 16:00 HRS |
| 9. | Bid submission address (Online) | https://jharkhandtenders.gov.in ( E-Tendering) |
| 10. | Helpline no. | 0651-2446640 |

**Note: Only e-Tenders will be accepted.**
Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

PR 346886 Urban Development(24-25).D


Sd/-
Director
State Urban Development Agency

# खलारी में मौसम ने मिजाज बदला, हल्की ओलावृष्टि से आम के मंजर व खेत में लगे फसलों को आंशिक नुकशान



खलारी। खलारी कोयलांचल क्षेत्र में गुरूवार की अहले सुबह पांच बजे मौसम ने मिजाज बदला और गर्जन के साथ बारिश शुरू हो गई। लगभग आधे घंटे हुई बारिश के साथ ही तापमान में गिरावट आई। बारिश व हल्की ओलावृष्टि से आम के मंजर व खेत में लगे फसलों को आंशिक नुकशान पहुंची है। गुरूवार को खलारी का न्यूनतम तापमान 16 डिग्री व अधिकतम तापमान 29 डिग्री रहा। खलारी कोयलांचल क्षेत्र में दिनभर बादलों व सुर्य देव के बीच आंख मिचौनी का खेल जारी रहा। वहीं शाम 6 बजे फिर से छोटे-छोटे ओले के साथ बारिश शुरू हुई। बारिश शुरू होते ही बिजली भी गुल हो गई। लगभग पौन घंटे झमाझम बारिश होने से शहीद चौक से बैंक चौक सहित अन्य जगहों की सड़कों में जहां-तहां बने गढों में पानी जम गया। खलारी रेलवे स्टेशन के टिकट घर के पास व फुट ओवरब्रीज में पानी जमने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

## केडीएच परियोजना में डंपर में लगी आग, बाल बाल बचा ऑपरेटर



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया की केडीएच परियोजना खदान में गुरूवार की दोपहर एक होलपेक डंपर में आग लग गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरूवार की शाम चार बजे का है। घटना के संबंध में बताया गया कि ऑपरेटर दर्शन गंझू शाम में हॉलपेक लेकर डंपिंग यार्ड में आया था। इसी क्रम में डंपर के इंजन में अचानक आग लग गया और धुंआ निकलने लगा। होलपेक डंपर से धुंआ निकलता देखकर ऑपरेटर दर्शन ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत होलपेक डंपर से कूद गया। उसके बाद सीसीएल कामगार व यार्ड चेकपोस्ट पर तैनात सीआईएसएफ जवान अमित कुमार की सूझबूझ से तुरंत पास में खड़े वाहनो से अग्निशामक यंत्र निकालकर डंपर की आग को बुझाया गया। घटना में ज्यादा नुकसान नही हुआ, समय रहते अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी घटना हो सकता था।

## एक नजर

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरही में नामांकन तिथि बढ़ाई गई

**बरही।** हजारीबाग जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरही ने सत्र 2025-26 के नामांकन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले अंतिम तिथि 20 फरवरी 2025 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 27 फरवरी 2025 कर दी गई है। वार्डन सह शिक्षिका ने सभी अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और प्रखंड के प्रधानाचार्यों को सूचित किया है कि इच्छुक छात्राएं अब नई तिथि तक आवेदन कर सकती हैं।

### पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतिम चार में



**हजारीबाग।** कीट विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में विनोबा भावे विश्वविद्यालय का शानदार प्रदर्शन जारी है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने लगातार चार मैच जीत कर प्रतियोगिता के अंतिम चार में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण संकायअध्यक्ष डॉ विकास कुमार एवं खेल निदेशक डॉ राखो हरि ने बताया कि इस स्तर में सभी चार विश्वविद्यालय आपस में लीग पद्धति से मैच खेलते हैं। इसी क्रम में अपने लीग के पहले मैच में गुरुवार को विभावि ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना को 9 विकेट से पराजित किया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय टीम की कप्तानी प्रियम कर रहे हैं। स्नातकोत्तर के खेल अनुदेशक उत्तम कुमार ने बताया कि इससे पूर्व विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने आलिया विश्वविद्यालय, कोलकाता, पटना विश्वविद्यालय, पटना एवं उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर को पराजित कर क्वार्टर फाइनल चक्र में प्रवेश प्राप्त किया था। क्वार्टर फाइनल में विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने मगध विश्वविद्यालय को बुरी तरह से पराजित किया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय को अब रविंद्र भारती विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल और एलएन मिथिला विश्वविद्यालय, बिहार से अपने अगले दो मैच खेलने हैं। विश्वविद्यालय के शानदार प्रदर्शन पर छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष ने कहां की इसका पूरा श्रेय खिलाड़ियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार एवं गिरिडीह कॉलेज की पूरी टीम को जाता है। ज्ञात हो कि इस वर्ष का विभावि अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन गिरिडीह कॉलेज की मेजबानी में हुई थी और यहीं पर विश्वविद्यालय टीम का कैंप भी संचालित हुआ था।

### मानव के पूर्ण अध्ययन से समस्याओं का निदान संभव : डॉ. गंगानाथ झा



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग में गुरुवार को विद्यार्थियों ने विश्व मानवविज्ञान दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्व में मानव कल्याण के लिए मानवविज्ञान के उभरते हुए विभिन्न क्षेत्रों की चर्चा की गई। थर्ड जेंडर के अधिकारों से लेकर परिवार और संबंध पर पड़ने वाले टेक्नोलॉजी के प्रभावों की चर्चा की गई। समाज में परिवार और नातेदारी के बदलते स्वरूप और विभिन्न समस्याओं को कैसे दूर किया जा सकता है इस पर चिंतन किया गया। इस मौके पर विभाग के शिक्षक डॉ गंगानाथ झा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी मानवीय समस्याओं के समाधान का उपाय मानव के संपूर्ण अध्ययन से जुड़ा हुआ है जो मानवविज्ञान विषय के अंतर्गत किया जाता है मानवविज्ञान मानव की क्रमिक विकास के अध्ययन के साथ- साथ मानवीय समस्याओं के निदान का उपाय ढूंढता है। डॉ गंगानाथ झा ने बताया की विश्व मानव विज्ञान दिवस का आयोजन 1902 से अमेरिकन एंथ्रोपॉलजिस्ट संगठन से जुड़ा हुआ है। यह आयोजन विश्व भर के मानव वैज्ञानिकों के द्वारा फरवरी के तीसरे गुरुवार को निर्धारित है। इस अवसर पर मानव वैज्ञानिकों द्वारा किए गए खोज को समाज के साथ साझा किया जाता है। उन्होंने बताया कि मानव विज्ञान आदिकाल से वर्तमान समय तक मानव के क्रमिक विकास का अध्ययन करता है। इसी अध्ययन के आधार पर मानव वैज्ञानिक मानव की समस्याओं के निदान का निरंतर खोज करते रहते है। इस अवसर पर विभाग की शिक्षिका डॉ जॉनी रुफिना तिर्की ने विद्यार्थियों को मानव विज्ञान और फील्ड वर्क की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर शोध छात्रा प्रतिमा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी और अच्छी संख्या में विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## झारखंड विधानसभा में लोक लेखा समिति की बैठक आयोजित

# सभापति ने मुख्यसचिव को दिया निर्देश, बैठक में शामिल रहे विभाग के सचिव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बरही।** झारखंड विधानसभा के सभागार में लोक लेखा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता सभापति सह बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने की। बैठक में विभिन्न विधायकों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें राज्य के आर्थिक प्रबंधन और लेखा से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में सदस्य सह बरकट्ठा विधायक अमित यादव, विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, विधायक जगत माझी सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा, झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी, वित्त सचिव प्रशांत सिंह और नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) के पदाधिकारीगण भी बैठक में शामिल हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करना और सरकारी खर्चों की पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों के वित्तीय दस्तावेजों का मूल्यांकन किया गया और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया गया। साथ ही सभापति ने मुख्यसचिव को निर्देश दिया। लोक लेखा समिति के सभापति मनोज कुमार यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और खर्चों की निगरानी पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में वित्तीय अनियमितताओं को रोकने के लिए नए कदम उठाने पर चर्चा की गई। साथ ही, विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति और उनके वित्तीय प्रभाव का आकलन करने पर जोर दिया गया। इस बैठक को सफल बनाने में संबंधित विभागों के अधिकारियों और समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। बैठक के अंत में उपस्थित अधिकारियों और विधायकों ने राज्य के वित्तीय ढांचे को मजबूत करने के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।

## 11 हजार वोल्ट के झुके खंभे बन सकते हैं मौत का जाल

# प्रशासन और बिजली विभाग की लापरवाही से हो सकती है बड़ी दुर्घटना




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड के रसोईया धमना स्थित एनएच-2 के पास एक बड़े हादसे का खतरा मंडरा रहा है। 11 हजार वोल्ट की हाई-वोल्टेज बिजली लाइन के कई खंभे जर्जर हालत में झुक चुके हैं। इन खंभों के गिरने से किसी भी समय कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है, लेकिन प्रशासन और बिजली विभाग आंखें मूंदे बैठी है।

**कई गांवों पर खतरा, आधा दर्जन से अधिक खंभे झुके :** यह बिजली लाइन चौपारण की ओर जाती है और कई गांवों से होकर गुजरती है। खासकर बधिया नामक कृषि भूमि क्षेत्र में स्थिति बेहद खतरनाक है, जहां आधा दर्जन से ज्यादा बिजली के खंभे झुक चुके हैं। यदि जल्द सुधार कार्य नहीं हुआ तो तार गिर सकते हैं और बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता हरि यादव ने इस गंभीर समस्या पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द मरम्मति नहीं की गई तो बिजली के झुके खंभे किसी भी वक्त गिर सकते हैं, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है। स्थानीय लोग बिजली विभाग और प्रशासन की अनदेखी से बेहद नाराज हैं। वे जल्द से जल्द जर्जर खंभों की मरम्मति की मांग कर रहे हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन कब जागता है और क्या कोई बड़ा हादसा होने के बाद ही कार्रवाई होगी।

## अफसरों मुखिया का कोपभाजन बना विनोद यादव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



दारू, हजारीबाग, झारखण्ड।
विषय :- प्रधानमंत्री आवास आवंटन हेतु आवेदन पत्र।
महोदय,

**दारू ।** दारू प्रखंड के अंतर्गत पुनाई पंचायत के पुनाई टांड़ गांव निवासी विनोद यादव पिता स्वर्गीय कैला यादव के पास रहने के लिए घर नहीं है। उनके दिवंगत पिता को करीब पंद्रह वर्ष पूर्व इंदिरा आवास मिला था जिसमें दो कमरे है, लेकिन चार भाई होने के कारण दो भाइयों को दो कमरे बंटवारा कर दिए गए है । छोटे बेटे ने कर्ज लेकर मेहनत मजदूरी कर किसी तरह अपना घर बनाया। एक बेटा (विनोद यादव) बच गया जो अब घर की तलाश में दर-दर भटक रहा है, लेकिन ऐसे लोगों के लिए न तो पीएम आवास है, और न ही अबुआ आवास। हां, बबुआ लोग जिनके पास घर, धन दोलत जैसी सारी सुविधाएं हैं, ऐसे लोगों के लिए सभी सरकारी योजनाएं उपलब्ध हैं और ऐसे लोग को सरकारी योजनाओं का लाभ पहला सूची में ही मिला है। गांव के लगभग सभी लोगों को यह सारी जानकारी है, फिर भी विनोद यादव पीएम आवास, अबुआ आवास जैसी योजनाओं से वंचित हैं, जो काफी दुखद है। आवास के लिए ये मंत्रियों से लेकर आला अधिकारियों तक ट्वीट कर दिया है। परंतु भाग्य की विडंबना देखिए आज तक किसी ने इसका सुध नहीं लिया ।

## गुरुवार को मैट्रिक की परीक्षा के दौरान मोबाइल से रिकॉर्डिंग करने व परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने से संबंधित थाने में दिया गया आवेदन

# प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव के केंद्र अधीक्षक द्वारा संदीप कुमार सिंह नामक व्यक्ति पर लगाया गया है आरोप

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता


+2 उच्च विद्यालय, बड़कागाँव
जिला–हजारीबाग (झारखण्ड)
पत्रांक 37/2025 दिनांक 20.02.2025

प्रेस विज्ञप्ति
संवाददाता
दैनिक समाचार पत्र, बड़कागांव
ग्राम ढेंगा निवासी संदीप कुमार सिंह पर परीक्षा के दौरान रिकॉर्डिंग करने का आरोप।

केंद्र अधीक्षक
कृष्ण कुमार कन्हैया
प्लस टू उच्च विद्यालय, हजारीबाग।

**बड़कागांव।** प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव के केंद्र अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार कन्हैया ने मैट्रिक की परीक्षा के दौरान संदीप कुमार सिंह पिता सकलदेव सिंह ग्राम - ढेंगा, पोस्ट+थाना - बड़कागांव, जिला - हजारीबाग निवासी पर आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन देकर यह कहा हैं कि 20 फरवरी 2025 दिन गुरुवार को मैट्रिक की परीक्षा के दौरान जबरदस्ती श्री सिंह परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में घुसकर मोबाइल से रिकॉर्डिंग करने व परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया है। परीक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों के द्वारा उन्हें रोकने का भी प्रयास किया गया लेकिन वह जबरदस्ती विद्यालय परिसर में घुसकर किसी विशेष छात्र को परीक्षा में सहयोग करने व परीक्षा केंद्र को मैनेज करने का दबाव बना जा रहा था और धमकी भी दे रहा था। आवेदन में यह भी कहा गया है कि इस प्रकार की हरकत विद्यालय परिसर मे उनके द्वारा कई बार की गई है। संदीप सिंह के उक्त गतिविधियों से क्षुब्ध होकर विद्यालय के केंद्र अधीक्षक ने प्रशासन से उक्त व्यक्ति पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। जिससे आने वाले दिनों में विद्यालय में जो परीक्षा होनी है उन परीक्षाओं को सफलतापूर्वक संचालित किया जा सके। उक्त आशय की जानकारी प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव के प्रधानाध्यापक सह केंद्र अधीक्षक कृष्ण कुमार कन्हैया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। 03

## हजारीबाग में बंद मकान से 1 करोड़ की शराब बरामद

# छापेमारी से पहले फरार माफिया, 1500 पेटी अवैध शराब जब्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दारू थाना क्षेत्र के जोनिया गांव में एक बंद मकान से 1500 पेटी शराब बरामद की गई है। बरामद शराब की कीमत करीब 1 करोड़ रुपए आंकी गई है। सहायक उत्पाद आयुक्त शिव कुमार साहू के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में उत्पाद निरीक्षक, पुलिस बल और अन्य अधिकारी शामिल थे। छापेमारी के दौरान मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला।

**मकान लंबे समय से बंद था**

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह मकान लंबे समय से बंद था। इसका इस्तेमाल अवैध शराब के भंडारण के लिए किया जा रहा था। विभाग अब जांच कर रहा है कि शराब कहां से आई और इसका नेटवर्क कितना बड़ा है। सहायक आयुक्त साहू ने कहा कि राज्य में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## त्रिभुवन ने लहराया परचम!

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को रांची में 289 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटा गया। जिसमें बड़कागांव प्रखंड के सिकरी पंचायत के चमगढ़ा गांव निवासी स्वर्गीय रामेश्वर महतो के पुत्र त्रिभुवन कुमार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों रेवेन्यू इंस्पेक्टर (राजस्व निरीक्षक) नगर विकास और आवास विभाग का नियुक्ति पत्र दिया। तथा इनकी पोस्टिंग नगर निगम रांची दिया गया है। बताते चलें कि त्रिभुवन के पिताजी बचपन में ही गुजर गए थे। लेकिन इनकी मां की कड़ी मेहनत और लगन के द्वारा अपने बेटे को पढाया। इन्होंने मैट्रिक हाई स्कूल सिसई चतरा, इंटरमीडिएट और ग्रेजुएशन मार्खम कॉलेज हजारीबाग तथा एम कॉम विनोबा भावे यूनिवर्सिटी हजारीबाग से किया। लगभग 10 वर्षों से कड़ी मेहनत के बाद यह मुकाम हासिल किया है। कहते हैं ना लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती और कोशिश करने वाले के कभी हार नहीं होती! इस कहावत को त्रिभुवन ने चरितार्थ

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बबाल

## सांसद के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि पहुंचे अस्पताल, मामला कराया शांत

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** बुधवार की रात को हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक सड़क दुर्घटना के दो घायलों को लेकर परिजन पहुंचे तो चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया लेकिन मृतक के परिजनों ने ड्यूटी चिकित्सक पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए अस्पताल कर्मी और मृतक के परिजनों में कहासुनी हो गई। जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने भी हस्तक्षेप किया तब दोनों पक्षों का मामला शांत हुआ। मृतक के परिजनों द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को प्राप्त सूचना के बाद उनके निर्देश पर तत्काल उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी अस्पताल पहुंचे और मध्य रात्रि तक यहां दोनों पक्षों से वार्ता कर तनावपूर्ण माहौल को शांत करवाने का सकारात्मक पहल किया। दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया और चिकित्सकों से आग्रह कर तत्काल ओपीडी सेवा शुरू कराया । सांसद जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि चिकित्सक और चिकित्साकर्मी को किसी भी मृतक के परिवारजनों से विनम्रता और अनुशासित तरीके से संवेदनशील होकर बात करना चाहिए वहीं किसी भी मरीज या मृतक को लेकर अस्पताल पहुंचने पर आप धैर्य और साहस का परिचय देते हुए बेहतर इलाज या पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराएं ताकि चिकित्सीय व्यवस्था सुदृढ़ बनी रही और किसी अन्य जरूरतमंद मरीजों को परेशानी न हो। सुबह पोस्टमार्टम के उपरांत शवों को उनके घर भेजवाया गया। रंजन चौधरी ने गुरुवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुप्रिटेंडेंट डॉ. अनुकरण पूर्ति से मिलकर ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इस दिशा में सकारात्मक चर्चा किया ।मृतकों में निवासी तिलरा, निश्चितपुर निवासी राहुल कुमार यादव (उम्र करीब 25 वर्ष) और बंदरबेला, पदमा निवासी कामेश्वर यादव (उम्र करीब 24 वर्ष) है और दोनों अविवाहित हैं। इचाक ओर पद्मा के बीच स्थित इटखोरी मोड पर ये दोनों एक सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए । दोनों युवा मृतकों के प्रति सांसद मनीष जायसवाल ने संवेदना प्रकट किया और ईश्वर से उनके आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को इस विकट दुःख से उबरने हेतु अदम्य साहस प्रदान करने की कामना भी किया।5

# समाजसेवी योगेंद्र प्रसाद पंचतत्व में हुए बिलीन प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**दारू।** इरगा पंचायत के दारू खरिका निवासी अंबिका साव के पुत्र योगेंद्र प्रसाद का निधन रांची के एक हॉस्पिटल में हो गया । उनका सिटी स्वीट्स नाम का प्रतिष्ठान दारू चौक में है । वे मृदुभाषी और समाजसेवी थे । प्रखंड निर्माण समिति दारू में उन्होंने अपनी अहम भूमिका निभाया और हर जगह अपनी बुद्धिमता का परिचय देते हुए दारू प्रखंड निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया । उन्होंने अपने जीवन काल में जिला परिषद और मुखिया के पद के लिए भी अपनी दावेदारी ठोकी । प्रखंड के एक समाजसेवी का जाना प्रखंड वासियों को खलेगा । गांव स्तर में अगर किसी तरह का लड़ाई झगड़ा होता था तो उन्हें पंच मानकर लोग उनसे निपटारा करवाते थे और वह दोनों पक्षों को मान्य होता था । वह अपना फैसला सुनाकर लोगों को कोट कचहरी जाने से बचाते थे । उनका अग्निसंस्कार आज दारू खैरका के कोनार नदी तट पर हिंदू रीति रिवाज से किया गया तथा इनके बड़े पुत्र दिगंबर प्रसाद ने मुखाग्नि दिया । योगेंद्र प्रसाद अपने पीछे अपनी पत्नी ,बेटी और चारों पुत्रों को छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो गए ।

# एक नजर

## राष्ट्रीय पटल पर इटखोरी का पुरातात्विक महत्व पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**चतरा।** राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को मां भद्रकाली मंदिर परिसर में राष्ट्रीय पटल पर इटखोरी का पुरातात्विक महत्व विषय पर संगोष्ठी का विशेष आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे और कहा कि चतरा जिले के इटखोरी के पावन भूमि पर मां भद्रकाली के आंचल तले, भगवान बुद्ध की तपोभूमि एवं जैन धर्म के 10वें तीर्थंकर भगवान शीतल नाथ स्वामी की पवित्र जन्म भूमि है। यह स्थल कई सभ्यताओं और संस्कृतियों का संगम रहा है। महाने और बक्सा नदी के संगम तट पर बसे इटखोरी तीन धर्म की संगम स्थली भी है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चतरा उपायुक्त रमेश घोलप ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पुरातत्व विभाग रांची के सहायक अधीक्षण डॉ नीरज कुमार मिश्र ने विस्तार से इटखोरी के पुरातत्व का महत्व विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि इटखोरी एक अद्वितीय धार्मिक स्थल है। यहां मोर्य काल से लेकर पाल वंश तक की संस्कृतियों का अनूठा सम्मिश्रण है। यहां खुदाई से प्राप्त मूर्तियां अलग-अलग शैली में बनीं हुई है। इनमें अधिकांश मूर्तियां पालयुग की है। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म और वज्रयान के सिद्धांतों पर आधारित मां तारा की मूर्ति जो अत्यंत दुर्लभ है। सनातन एवं शीतल नाथ से संबंधित बहुत सारी मूर्तियां प्राप्त हुई है जो संग्रहालय में सुरक्षित है। यहां की खुदाई से प्राप्त ताम्रपत्र के द्वारा ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त होती है। व्याख्याता विवेक आशीष ने कहा कि यहां की महत्ता को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित-प्रसारित करने की आवश्यकता है। डीसी रमेश घोलप ने कहा कि इटखोरी का इतिहास प्राचीन है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से यहां तीन दिवसीय अलग-अलग विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन करवाया जाएगा। भद्रकाली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दुलार हजाम और व्याख्याता डॉ अशोक कुमार आरएनवाईएम कॉलेज बरही द्वारा लिखित वित्तीय लेखांकन नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। मौके पर एसडीओ जहूर आलम, सिमरिया एसडीओ सन्नी राज, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, प्रखंड प्रमुख प्रिया कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## बीमार मां को घर में बंद कर कुंभ गए बेटे को प्रशासन ने थमाया नोटिस



**रामगढ़।** बीमार मां को घर में बंद कर पत्नी और बच्चों के साथ कुंभ जाना बेटे को भारी पड़ गया। तीन दिनों से ताले में बंद मां भूख से तड़पती रही। वहीं बेटा पुण्य कमाने की बात करता रहा। यह मामला जब सुर्खियों में आया तो जिला प्रशासन ने पहल की। डीसी चंदन कुमार ने मानवीय मूल्यों के आधार पर इसे संज्ञान में लिया और उस नालायक बेटे को गुरुवार को नोटिस थमा दिया। डीसी ने उस नालायक बेटे पर कार्रवाई करने का आदेश एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी को दिया है। डीसी के आदेश के बाद एसडीओ ने नालायक बेटे को 27 फरवरी को एसडीओ कोर्ट में हाजिर होने का फरमान जारी किया। अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के अंतर्गत पुत्र सीसीएल कर्मी अखिलेश कुमार को नोटिस दिया है। अखिलेश कुमार को 27 फरवरी 2025 को अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय में उपस्थित होकर यह बताना होगा कि क्यों ना उनके विरुद्ध भरण पोषण अधिनियम 2007 के अंतर्गत कार्यवाही की जाए। उल्लेखनीय है कि सीसीएल कर्मी अखिलेश कुमार अपनी बीमार वृद्ध मां संजू देवी को अरगड्डा सुभाष नगर स्थित अपने ए टाइप क्वार्टर में ताला जड़कर सोमवार को पत्नी व बच्चों के साथ स्नान करने के लिए कुंभ चला गया। जाने से पहले उन लोगों ने मां को खाने के लिए चूड़ा दिया था। वह चूड़ा भी खत्म हो गया था। दो दिनों से भूखी संजू देवी रो-रो कर बंद क्वार्टर में खाने के लिए तड़प रही थी। वह भूख मिटाने के लिए घर में रखे प्लास्टिक चबाने लगी। इसके बाद आस पड़ोस के लोगों के जरिये ताला तोड़कर उन्हें बाहर निकला गया। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

## फरार महिला कैदी सल्फास खा पुलिस गाड़ी में बैठी, मौत

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** जय प्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग से पेरोल पर बाहर सजायाफ्ता महिला कैदी 52 वर्षीय मुन्नी देवी ने गिरफ्तारी से पहले बुधवार को सल्फास खा लिया और पुलिस की गाड़ी में बैठ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना बड़ा बाजार थाना क्षेत्र स्थित खिरगांव के मालीटोला में हुई। मूल रूप से पदमा की रहने वाली मुन्नी देवी वर्ष 2008 में प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति प्रकाश यादव की हत्या में दोषी थी। कोर्ट से सजा मिलने के बाद जेल भेजी गई थी। 11 साल पहले पेरोल से जेल से बाहर निकली थी, लेकिन फिर जेल वापस न जाकर फरार हो गई थी। पुलिस से बचने के लिए पदमा में न रहकर खिरगांव स्थित मालीटोला में किराए के घर में छिपकर रह रही थी। किसी ने उसके छिपे होने की सूचना पुलिस को दे दी। इसके बाद मंगलवार को पुलिस उसे गिरफ्तार करने मालीटोला पहुंची। पुलिस को देख उसने साड़ी बदलने की बात कह कमरे में चली गई, जहां उसने सल्फास खा लिया। फिर बेटी को फोन कर जहर खा लेने की बात बताई। इसके बाद वह कमरे से निकली और पुलिस की गाड़ी में बैठ गई।गंध आने पर जब पुलिस को शक हुआ तब पूछताछ की तो पता चला कि उसने सल्फास खा लिया है। पुलिस आनन-फानन में उसे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज पहुंची। स्थिति नाजुक देख उसे बुधवार को रांची रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक,अवैध खनन व परिचालन पर सख्ती बरतने का निर्देश

# अपेक्षाकृत कम कारवाई पर उपायुक्त ने जताई नाराजगी

### अवैध खनन पर संयुक्त एवं प्रभावी कारवाई करने के निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददाता





**नशे के विरुद्ध लड़ाई एवं अफीम की खेती पर लगातार हो रही है कारवाई : उपायुक्त**

**उपायुक्त ने नशे पर नकेल कसने के लिए नियमित रूप से सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया,उन्होंने कहा कि हजारीबाग के कई स्थानों में अवैध रूप से हो रहे अफीम की खेती को नष्ट करने की कारवाई नियमित रूप से की जा रही है,इस प्रकार की कारवाई को गतिमान बनाए रखना आवश्यक है।**

**हजारीबाग।** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में उपायुक्त ने टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन की समीक्षा की। विभिन्न संचार माध्यमों से प्राप्त अवैध बालू के उठाव तथा परिचालन की सूचना पर उपायुक्त ने पुलिस तथा प्रखंड स्तर पर बेहतर कॉर्डिनेशन के साथ कारवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलास्तर के सभी चेक पोस्ट का सुचारू व गंभीरता से बालू से लदे वाहनों की जांच एवं परिचालन पर रोक लगाने की बात कही। उपायुक्त ने जनवरी माह में पूरे जिले से केवल पांच अवैध वाहनों पर एफआईआर की कार्रवाई को नाकाफी बताते हुए कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने विशेष शाखा से प्राप्त सूचनाओं पर भी तत्परता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही एक्शन टेकेन रिपोर्ट भी अनिवार्य से भेजने को कहा। विभिन्न अंचलों से कार्रवाई की शून्य प्रतिवेदन प्राप्त होने पर अत्यंत खेद जताया। साथ ही उन्होंने वैसे अंचल जिनके द्वारा कार्रवाई की रिपोर्ट अप्राप्त है उन्हें स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। मौके पर डीएफओ पूर्वी ने बताया कि जिले भर से 47 खनन का कार्य पूर्ण हो चुके खदानों के मुहाने को बंद किया गया था,लेकिन वर्तमान में अवैधकताओं द्वारा अवैध रूप से वैसे खदानों पर कार्य किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। इसपर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है। आगे उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी से खनिज लदे वाहनों पर ओवरलोड के मामले में पकड़े गये वाहनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की।अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी को उपायुक्त के द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर डीएफओ पूर्वी, डीएमओ श्री अजित कुमार, सदर एसडीओ लोकेश बारंगे, सिंह,प्रशिक्षु आइपीएस सुश्री श्रुति,सभी सीओ एवं थाना प्रभारी मौजुद रहे।

## मैट्रिक परीक्षा का पर्चा लीक, दो विषयों की परीक्षा रद्द


झारखण्ड अधिविद्य परिषद, राँची
JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI
वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 के संबंध में आवश्यक सूचना

विज्ञप्ति संख्या– 09 /2025

एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 से संबंधित सभी छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों, संबंधित प्राचार्यों, केन्द्राधीक्षकों एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि सोशल मीडिया में वायरल एवं समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त सूचना के आलोक में दिनांक 18.02.2025 को प्रथम पाली में सम्पन्न Hindi (Course A & Course B) विषय एवं दिनांक 20.02.2025 को प्रथम पाली में सम्पन्न Science विषय की परीक्षा रद्द की जाती है। उक्त विषयों की पुनर्परीक्षा के आयोजन की तिथि संबंधी सूचना बाद में प्रकाशित की जाएगी।

अध्यक्ष के आदेश से,

जे०ए०सी०/3262/24/SECY./183/25.
Dt- 20/02/25.
D.O.P.- 21/02/25.

सचिव
झारखण्ड अधिविद्य परिषद,
राँची

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**विभिन्न संगठनों ने जताया विरोध, सरकार को बताया विफल**

**झारखंड में थम नहीं रहा विभिन्न पर्चा लीक का मामला**

**इम्तिहान से पहले सोशल मीडिया पर छा गए थे सवाल, मिलान करने पर हुई पुष्टि**

**हजारीबाग।** झारखंड में पर्चा लीक का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन परीक्षा माफिया के कारण विद्यार्थियों की सेहत और मनोबल पर असर पड़ रहा है। फिलहाल मामला गिरिडीह और कैडरमा से जुड़ा बताया जा रहा है। परीक्षा केंद्रों में पेपर खुलने के पहले सोशल मीडिया पर पूछे जाने वाले प्रश्नों की झड़ी लगी हुई थी। झारखंड एकेडेमिक काउंसिल (जैक) ने जब हिन्दी और विज्ञान की परीक्षा के प्रश्न पत्रों का सोशल मीडिया पर छाए सवालों से मिलान किया, तो वह सही पाए गए। फिर 18 फरवरी को दी गई हिन्दी और 20 फरवरी को हुई विज्ञान की परीक्षा को रद्द कर दिया गया। इधर विभिन्न संगठनों ने पर्चा लीक मामले पर विरोध जताते हुए झारखंड सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा किया है।

### क्या कहते हैं जैक के अध्यक्ष

जैक के अध्यक्ष नटवा हांसदा ने एक निजी चैनल को बताया है कि 20 फरवरी की सुबह 9.45 बजे प्रश्न पत्र का पैकेट खुलते ही वायरल प्रश्न पत्र से मिलान किया गया। मिलान में मामला सही पाया गया। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इस बाबत एक हाई लेवल बैठक भी की है। जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा का कहना है कि विज्ञान सैद्धांतिक की परीक्षा रद्द करने की कवायद शुरू हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच के लिए एक हाई लेवल कमेटी का भी गठन किया जाएगा।

### भ्रामक खबरों से बचने की सलाह

इधर जैक ने वेब नोटिस जारी कर अभ्यर्थियों को भ्रामक खबरों से बचने की सलाह दी थी। जैक सचिव के हस्ताक्षर से जारी नोटिस में कहा गया था कि अभ्यर्थियों को भ्रामक खबरों से बचना है। परिषद पूरी गोपनीयता और निष्पक्षता के साथ पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ऐसी किसी भी खबर की पुष्टि के लिए जैक के आधिकारिक वेबसाइट को देखने की सलाह दी थी।

### ऑटो पलटने से कई परीक्षार्थी घायल

# इलाज के दौरान एक छात्रा की मौत



**कोडरमा।** जिले के चंद्रोडीह में गुरुवार की दोपहर परीक्षार्थियों को लेकर जा रहे एक ऑटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान ऑटो पर सवार कई परीक्षार्थी घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान एक छात्रा की मौत हो गयी। घायलों ने बताया कि सभी इंदरवा स्थित परीक्षा केंद्र से जैक के द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा देकर अपने गांव कमेडीह लौट रहे थे। घायलों में चांदनी कुमारी , पूर्णिमा कुमारी, तन्नू कुमारी, निशु कुमारी , ज्योति कुमारी , दिलसान अंसारी, अरमान अंसारी, सेहान अंसारी और सोनम कुमारी शामिल हैं । दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल परीक्षार्थी ज्योति कुमारी (16) को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था लेकिन छात्रा की सदर अस्पताल में ही मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर कोडरमा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि अन्य सभी घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने ऑटो को जब्त कर लिया और चालक को हिरासत में लिया गया है।

# भू-रैयत संघर्ष समिति के संरक्षक राजकुमार सिंह ने की प्रेस वार्ता

उज्जवल दुनिया संवाददाता

### पांच सूत्री के साथ एनटीपीसी प्रबंधन को दी खुली चिट्ठी



**केरेडारी।** भू रैयत संघर्ष समिति ने गुरुवार को केरेडारी में की प्रेस वार्ता! कहा कि पत्र के माध्यम से आपको यह अवगत कराना उचित समझता हूँ कि आप अपने अधीनस्थ कंपनी के माध्यम से कोयला उत्पादन का कार्य चट्टीबारियातु कोल खदान में विगत कई वर्षों से प्रारंभ कर रखा है!मैं उक्त पत्र के माध्यम से यह लिखित जानना चाहता हूँ कि क्या आपने विस्थापन की सारी नीतियों का पालन किया है! आप उत्पादन में जो स्थानीय लोगो की नियुक्ति की है उसका प्रक्रिया क्या है इसकी लिखित जानकारी देंगे!आपने कार्यरत मजदुरो का वेतन निर्धारण एवं भुगतान की प्रक्रिया कानूनी प्रक्रिया के तहत किया है क्या इसकी जानकारी देंगे! परियोजना में उत्पादन कार्य प्रारंभ करने के पूर्व विस्थापित एव मजदूरो के बिच क्या-क्या सुविधाएँ उपलब्ध करानी पड़ती है, क्या आपने ऐसा किया है इसकी लिखित जानकारी देगे! परियोजना के अन्तर्गत ठेकेदारी प्रथा से होने वाले कार्य की पारदर्शी प्रक्रिया क्या है इसकी लिखित जानकारी देंगे! उक्त पत्र को अविलम्ब संज्ञान में लेते हुए 20 मार्च 2025 के अन्दर हमे लिखित उपरोक्त प्रश्नों का जवान उपलब्ध कराएंगे! ऐसा नहीं करने पर भू-रेयत सधर्ष समिति पगार मेरे नेतृत्व में आपके साथ अहिंसक सत्याग्रह की लड़ाई किसी भी तिथि को कर सनती है. जिसकी लिखित सुचना आपके एवं संबंधित अधिकारियो दी! मौके पर भू रैयत संघर्ष समिति के संतोष कुमार सिंह मो लियाकत हुसैन सुरेश प्रसाद सिंह राम कुमार साहू धनपत सिंह प्रदीप कुमार सिंह प्रकाश सिंह सोमेश कुमार राणा किशोर साव संदीप कुमार वर्मा खुदनी देवी पवित्री कुमारी रंजिता एक्का मौजूद थे!

### झारखण्ड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा 23 फरवरी को रांची के प्रेस क्लब में करेगी सेमिनार का आयोजन

# राज्य भर के पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग, पर्यावरण, प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे लोग, शिक्षाविद, आंदोलनकारी, बुद्धिजीवी, विपक्षी पार्टी के लोग होंगे शामिल

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**हजारीबाग।** 20/02/2025 झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया।इस प्रेस वार्ता में स्थानीयता,विस्थापन, जबरिया भूमि अधिग्रहण,भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को लागू करने,उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण नहीं करने,हजारीबाग के बड़कागांव में पकरी बरवाडीह,चट्टी बरियातू, गोंदलपुरा,बादम कोल ब्लॉक के आवंटन को रद्द करने,गैर मजूरवा जमीन को भूमि बैंक में देने के फैसले को रद्द करने,गैर मजूरवा जमीन के रुका हुआ रसीद को चालू करने को लेकर कई बिन्दुओं पर चचाएँ की,वहीं कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर 23 फरवरी को एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन रांची के प्रेस क्लब में किया जाएगा,इसमें राज्य भर के पर्यावरणविद, शिक्षाविद, आंदोलनकारी, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग एवं पर्यावरण प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे लोग शामिल रहेंगे.वहीं उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का गठन हुए 25 वर्ष हो गया लेकिन दुख की बात है कि अभी तक न तो विस्थापन नीति बनी और न ही नियोजन नीति !नियोजन नीति नहीं बनने के चलते आज भी स्थानीय बेरोजगार युवकों युवतियों की उपेक्षा हो रही है,25 वर्ष में राज्य में भाजपा की सरकार 16 वर्ष रही लेकिन झारखण्डी मूलवासी और आदिवासी के हित में एक भी काम नहीं किया अन्य सरकार भी झारखंड के बेरोजगारों के हित में कोई काम नहीं कर रही है,लाखों की संख्या में देश के बड़े शहरों में रोजगार के लिए बेरोजगार लोग पलायन कर जाते हैं,वहीं बताया कि गोंदलपुरा बादाम के लोग अभी भी आंदोलनरत हैं,ग्राम सभा भी सफल नहीं हो पाया है।पर्यावरण प्रदूषण पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है,इस को लेकर एनजीटी ने 1200 करोड़ का फाइन भी लगाया था,कंपनी के द्वारा नदी, नाला,तालाब भरकर 100 एकड़ से अधिक वन विभाग की जमीन से कोयला निकालने का कार्य कर रही है ।इस पर एनजीटी ने 1200 करोड़ रुपए का फाइन लगाया था। कोयले की ढुलाई में कन्वेयर बैल्ट का इस्तेमाल न के बराबर किया जाता है,बाना दाग रेलवे यार्ड में 24 घंटा बरवाडीह से कोयले का ढुलाई किया जाता रहता है,200 मीटर तक के दायरे में पेड़ पौधे,घर भी कोयले के डस्ट के कारण काला हो गए हैं,सैकड़ों की संख्या में लोग दमा व सांस के रोग से ग्रसित हो गए हैं, वहीं दूर के लोग बस रेलवे आदि संसाधनों से जुटेंगे, विधानसभा घेराव के दौरान 50 हजार से भी ज्यादा की संख्या में शिक्षाविद, पर्यावरणविद, आंदोलनकारी, बुद्धिजीवी वर्ग, विपक्षी लोग शामिल रहेंगे, इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से झारखंड राज्य व्यवस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राजद के प्रमुख नेता अर्जुन यादव, बरकट्ठा विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता खतीयानी परिवार के महासचिव मोहम्मद हकीम, सीपीआई पार्टी के शंभू प्रसाद, निजाम अंसारी, क.महेंद्र राम एनुअल हक के साथ-साथ कई गणमान्य मौजूद रहे ।

## सड़क किनारे युवक का मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** पुलिस ने प्रतापपुर से गुरुवार को सड़क किनारे से एक युवक का शव बरामद किया है। युवक की पहचान सोनवर्षा गांव निवासी नीरज कुमार उर्फ भोला( 17 ) के रुप में की गयी है। वह उमेश यादव का पुत्र था। नीरज के परिजनों ने बताया कि वह रात्रि में अपने बलवादोहर घर से सोनवर्षा घर जा रहा था। तभी यह घटना हुई। मृतक नीरज के चाचा जवाहर यादव ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह दुर्घटना नहीं बल्कि इसकी हत्या की गई है। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि युवक मोटरसाइकिल पर सवार था। युवक के सर में गहरी चोट लगी है। यह दुर्घटना है या हत्या इसकी जांच की जा रही है।

# शिव वाटिका में मनाया गया भव्य गुरु पूजा एवं नागरिक अभिनंदन समारोह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





**झुमरीतिलैया** – शहर के शिव वाटिका में जैन समाज के धर्म गुरु परम पूज्य वाक् केसरी विनिश्चय सागर जी महाराज एवं नगर गौरव मुनि श्री 108 प्रांजल सागर जी महाराज,प्रवीण,प्रत्यक्ष सागर जी महाराज ससंघ को गाजे-बाजे के साथ जूलूस के माध्यम से बड़ा मंदिर जी से शिव वाटिका जैन समाज के अनेक श्रृद्धालूओं के साथ गये। जहाँ गुरुदेव का माहुरी समाज,वर्णवाल समाज,पंजाबी समाज,बह्मण समाज,बंगाली समाज,मारवाड़ी युवा मंच,प्रेरणा शाखा,रोटरी क्लब आदि संस्थाओं ने गुरुदेव की पूजा अर्चना कर श्रीफल अर्पित किया। जैन समाज के सदस्यों ने सभी शाखाओं के प्रतिनिधियों का तिलक लगा कर स्वागत अभिनंदन किया।कार्यक्रम में द्वीप प्रज्जवलन और चित्र अनावरण राज छाबड़ा,मंत्री सुरेन्द्र काला,कोषाध्यक्ष एवं मुख्य पुण्यार्जक सुरेश जी पांडया पूर्व अध्यक्ष सुशील जी छबड़ा पूर्व अध्यक्ष प्रदीप जी पांडया पूर्व अध्यक्ष सुरेश जी झांझरी पूर्व मंत्री जयकुमार जी गंगवाल पूर्व मंत्री ललित जी सेठी पूर्व मंत्री प्रदीप जी छाबड़ा किशोर जी पांडया महिला समाज की अध्यक्षा नीलम सेठी और मंत्री आशा गंगवाल जैन युवक समिति के अध्यक्ष - राजीव छाबड़ा एवं इस कार्यक्रम के संयोजक लोकेश पाटोदी,राहुल छाबड़ा,अभिषेक गंगवाल,रोनक काशलीवाल,प्रशम सेठी आदि ने किया ।सुबोध जी गंगवाल ने महाराज श्री भव्य पूजन की साथ ही इस कार्यक्रम में मंच संचालन संजय छाबड़ा द्वारा किया गया। साथ ही समाज के सदस्यों द्वारा गुरुदेव को श्रुत वारिधि की उपाधि भी दी गई । जिसे सुरेश जी झांझरी ने पढ़कर सुनाया इस कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों ने भक्ति नृत्य कर पूरे समारोह में जोश भर दिया । पूज्य मुनि श्री ने अपने पूर्व जीवन घटनाओं को सभा के मध्य रखा जिसमें उन्होंने मानमल झांझरी का नाम लेकर उन्ही के धार्मिक संस्कार से ही में आज इस पद पर पहुँच पाया ।

मौके पर समाज के पदाधिकारियों ने मुनि प्रांजल सागर जी महाराज के गृहस्थ अवस्था के माता पिता को सम्मानित भी किया गया । पूज्य वाक् केसरी आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी महाराज ने कहा हमें समय अर्थात आत्मा को जानने की जरूरत है जिसने आत्मा को जान लिया वे मोक्ष मार्ग प्राप्त कर सकते हैं । हमारा शरीर नष्ट होता है जीव दव्य का कुछ नहीं होता हम सब को मोक्ष मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए ।

## विश्व न्याय दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन




**कोडरमा** – हैंड इन हैंड इंडिया और जोकनिक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में विश्व न्याय दिवस के अवसर डोमचांच प्रखंड अंतर्गत जानपुर पंचायत भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मैं बतौर मुख्य अतिथि हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन उपस्थित थे। उन्होंन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं समाज में बढ़ते हुए समानता के ऊपर उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े बिना सामाजिक न्याय की कल्पना करना बेईमानी होगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से संविधान एवं मौलिक कर्तव्य तथा मौलिक अधिकारों जानकारी रखने की बात कही। वही हैंड इन हैंड इंडिया के सहायक परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव ने लोगो को कहा कि जब तक हम अपने अधिकारों को समझेंगे नहीं तब तक समाजिक न्याय की कल्पना नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों के लिए शिक्षा अधिकार कानून, सूचना का अधिकार अधिनियम, अंधविश्वास से दूर रहने, सरकारी संपति की सुरक्षा करने सहित सामाजिक समरसता कायम करने की बात कही। कार्यशाला में सुधीर कुमार, सविता कुमारी, पूनम देवी, एंजेला एक्का, बबीता देवी सहित दर्जनों महिलाएं व बालिकाएं उपस्थित थे।

## सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने गोद लिए गांव में जागरूकता रैली निकाली




**कोडरमा** – ग्रिजली कॉलेज आफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में स्वयंसेवक मिथुन ने लक्ष्य गीत गाकर शुरुआत की। तत्पश्चात् स्वयंसेविका अन्ना श्री एवं शिखा ने प्राणायाम, ताड़ासन, अनुलोम विलोम योगाभ्यास करवाया । शिविर में स्वयं सेवकों को पांच सदनों विनोबा भावे, सरदार वल्लभ भाई पटेल, भगवान बिरसा मुंडा, महात्मा गाँधी, स्वामी विवेकानंद में बांटा गया। स्वयं सेवकों ने गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में सर्वेक्षण किया और सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाल गांव वालों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। दोपहर को सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक भोजन किया। वहीं दूसरे सत्र में स्वयंसेवक शिखा व रवि ने गोद लिए गांव के बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया। जिसमें रूबी, राखी, पुनम, सोनम, रोशनी, आदित्य, नीरज, धीरज और कई बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। वहीं कुणाल एवं अन्ना श्री ने मिलकर गांव ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान प्रस्तुत कर पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ करने के कुछ सुझाव दिए । शिविर में कुणाल,ओशो, विपिन सचदेव, रोहित, अमित ,शीखा, द्रोपती, कोमल , प्रिया , नंदिनी ,दीपा ,दीप्ति, खुशबू ,ट्विंकल , संदीप आलोक ।

## श्री दिगम्बर जैन विद्यालय के न्यू इंडोर स्टेडियम कैंपस में जैनाचार्य विनिश्चय सागर जी महाराज ने किया विद्यालय के बच्चों का मार्गदर्शन



**झुमरीतिलैया** – श्री दिगम्बर जैन विद्यालय परम पूज्य वाक् केसरी विनिश्चय सागर जी महाराज एवं नगर गौरव मुनि श्री 108 प्रांजल सागर जी महाराज ससंघ ने का गाजे बाजे के साथ विद्यालय परिसर में छात्रों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया पूरे विद्यालय में महाराज श्री की जय के नारों से पूरा विद्यालय गुंजायमान हो गया कार्यक्रम का शुभारंभ गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के चित्र अनावरण और द्वीप प्रजवलन विद्यालय कमेटी एवं समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया एवं मंगलाचरण ओम श्री और सिमर भाटिया के द्वारा किया गया पूज्य गुरुदेव ने विद्यालय में क्लास 4 से क्लास 9 ह्ल्द्ध तक के छात्रों को राष्ट के प्रति छात्रों का क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए एवं माता पिता और परिवार के प्रति समर्पण और श्रद्धा के महत्व को गुरुदेव ने समझाया पूज्य आचार्य श्री ने माता पिता के चरण स्पर्श प्रत्येक दिन हर बच्चे को करना चाहिए इस बात पर जोर दिया विद्यार्थी के जीवन में माता-पिता का सहयोग हमेशा करना चाहिए गुरुदेव ने कहा कि माता-पिता बच्चे के प्रथम शिक्षक या गुरु होते है। माता-पिता बच्चे को जन्म ही नहीं देते बल्कि वे उन्हे पाल-पोषकर बड़ा करते है। माता-पिता एक बच्चे को बोलना, चलना, तथा उन्हे सभी संस्कार सिखाते है। हमे अपने माता पिता द्वारा बताये गये रास्ते पर चलना चाहिए।विद्यालय के यूकेजी के छात्रों भारतीय कलचर विविधताओं में एकता नाट्य मंचन कर एक अच्छा संदेश दिया ।

इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय इंचार्ज अभिषेक जैन द्वारा किया गया । साथ ही विद्यालय का परिचय एवं स्वागत भाषण विद्यालय के संयोजक सुनील जैन छाबड़ा द्वारा किया गया ।पूज्य गुरुदेव ने बच्चों से अनेक प्रश्न पूछे और छात्रों द्वारा सही उत्तर देने पर श्री सुशील राज छाबड़ा , सुनील छाबड़ा , शशी छाबड़ा , मीरा छाबड़ा रानी छाबड़ा ने छात्रो को पुरुस्कृत किया ।मौके पर विद्यालय की सह संयोजक पियूष काशलीवाल , रीता सेठी , किरण सेठी तथा विद्यालय के शिक्षक सुपरवाइजर मुरारी सिंह जूनियर सुपरवाइजर सुप्रिया गौरव, वसंत कुमार मानसी जैन, व्रजेश कुमार, विनय गिरी, कुनाल शर्मा, ऋद्यु जैन , सोनाली सिंह, सोनल जैन, ऋद्धा जैन, कोमल वर्णवाल, पूजा कुमारी, सोनल कुमारी, संजना सिंह, रितिका भगत , उजाला कुमारी , जूही सिंह, सौम्या जैन, ममता जैन, चाँदनी कुमारी , प्रतीक्षा सिंह, सूरज प्रकाश , राहुल कुमार,सतीश सिन्हा , रोहित भाटिया ,मयंक सिंह, शुभम दारूका ।

## भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ की राज्य इकाई झारखंड जॉर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले महाधरना में शामिल हुए कोडरमा के पत्रकार



**कोडरमा** – कर्दम ऋषि के तपोभूमि कोडरमा विश्व प्रसिद्ध अभ्रक नगरी कोडरमा के विद्वान अधिवक्ता जगदीश सलूजा जेजेए के जिलाध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा,सचिव अनिल कुमार सिंह सहित न्यूज़ स्टार भारत चैनल की पूरी टीम ने दिखाया हकीकत स्टेट ब्यूरो रामकृष्ण मेहता राज्य संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य गण एवं पत्रकार बंधु से हुए रूबरू हुए और कहा कि सरकार को जल्द ही पत्रकार सुरक्षा कानून,पत्रकार पेंशन योजना को झारखंड के पत्रकारों के लिए जल्द लागू करने की मांग की। वही महाधरना के बाद महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया।ततपश्चात मार्च भी किया गया।धरना में कोडरमा से जयकांत कुमार,जाबाज शोएब,शुभम कुमार आदि शामिल हुए।


# विवाह में शहनाई की तरह विलुप्त होता, बैंड बाजा और बाराती की धुम

**झुमरी तिलैया** – पश्चिमी सभ्यता खान-पान रहन-सहन और पहनावे तक में परिवर्तन कर ही सीमित नहीं है, बल्कि अब भारतीय सभ्यता और संस्कृति पर भी इसका खासा असर देखा जा रहा है। देश की सबसे अनूठी सभ्यता और संस्कृति में विवाह उत्सव समाज के सबसे बड़ी पारिवारिक आयोजन मानी जाती है। लेकिन बदलते दौर में बैड बाजा और बाराती की धुम भी अब पूरी तरह सीमित हो गयी है। बाराती और शाराती शहर में अब सीमित संख्या में आना जाना करते हैं। वर वधु परिवार से भी अब वैसे ही लोगों का निमंत्रण मिलता है जो कि बहुत जरूरी होते हैं। इधर अब स्थिति बिलकुल अलग देखी जा रही है। शहर में होने वाली शादियां अब वर वधु परिवार रिसोट में शादी करने के लिए बिहार झारखण्ड बंगाल के विभिन्न इलाकों में पहुँच रहे हैं और ऐसे में पहले जहां शादियां घरों या शहर के धर्मशाला भवनों में होती थी वे पूरी तरह से बदल चुकी है। बेटियां घरों की दहलीज से विदा होती थी और परिवार के लोग एक सप्ताह पूर्व से ही जुट जाते थे लेकिन अब अधिकतर जगह यह देखने को मिल रहा है। संयुक्त परिवार के जगह एकल परिवार हो गया है और लोग शादी के एक दिन पूर्व पहुँचते है और विवाह स्थल पर ही वाहनो व ट्रेनों से पहुँचकर शादी विवाह में शामिल होने के बाद अपने क्षेत्र की ओर रवाना हो जाते है। सीमित दायरा के तहत विवाह दो दिन में ही रिसोट व भवनों में होता है। झुमरी तिलैया में यह भी अब देखने को मिल रहा है। शादी विवाह के कार्ड सगे संबंधियों को ही ई कार्ड मोबाइल पर भेजी ता रही है। वहीं कई रश्में भी बाहर होने लगी है ऐसे में कुछ समाज स्थानीय लोगों को पुरी तरह से भुलते जा रहे है। आने वाले समय में समाज की परिभाषा भी पुरी तरह से बदलने लगी है। इधर सडको पर देर रात को वर पक्ष की ओर से बारात लगाने के लिए दुल्हा के साथ बाराती एवं परिजन नृत्य संगीत में मौज मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इधर लगन शुरू होने के बाद बाजार में रौनक भी आ गयी है। कपडा से लेकर सोना चॉदी इलेक्ट्रॉनिक के साथ वाहन के बाजार भी जोर पकड लिया है। वहीं केटर्र भवन, धर्मशाला के अलावा ब्यूटी पार्लर व वाहनों की बुकिंग भी जोरो पर है ।

16 जनवरी से विवाह के शुभ मुहूर्त की हुई शुरूआत, 74 दिन शहनाई इस साल में बजेगी

16 जनवरी से विवाह सहित अन्य सभी तरह के मंगल कार्य शुरू हो गया। मिथिला पंचाग के अनुसार जनवरी में 10 दिन फरवरी में 14 दिन, मार्च में 5 दिन, अप्रैल में 09 दिन, मई में 15 दिन, जून में 5 दिन है इसके बाद जुलाई, अगस्त, सितंबर व अक्टूबर में विवाह के मुहूर्त नहीं है।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति प्रखंड कमेटी की बैठक सम्पन्न



**मरकच्चो** – झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के तत्त्वधान में गुरुवार को मरकच्चो प्रखंड कमेटी की बैठक दक्षणी पंचयात अंतर्गत अस्पताल मैदान में की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन व सदस्यता अभियान चलाने को लेकर बिचार विमर्श किया गया बैठक में चुनाव प्रवेक्षक के रूप मे केद्रीय समिति सदस्य संजय पांडेय व चुनाव प्रभारी के रूप में बीस सूत्री अध्यक्ष बैजनाथ मेहता उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी,उपाध्यक्ष मो अलाउद्दीन अंसारी,सचिव मो रियासत,सगठन सचिव गन्दीप साव, कोषाध्यक्ष गौतम ऋषि का चयन किया गया। ईस दौरान केंद्रीय समिति सदस्य संजय पांडेय ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामना देते हुवे कहा कि सभी नवनिर्वाचित सदस्य पार्टी हित के लिये बेहतर कार्य करेंगे। उन्होंने ने यह भी कहा कि कोडरमा जिला में पचास हजार नये सदस्य जो?ना है। इसी क?ी को आगे ब?ाते हुवे मरकच्चो में भी सदस्ता अभियान चलाने की शुरूवात की गई। बैठक में मो खलील,मो जावेद, मो अफजल,दिलीप गुप्ता,रामेसर मुर्मू,बसंत पासवान,सुरेश साव,शौकत आलम,रुस्तम आलम,अलोक दास,मो कलीम,साकीर अहमद,तुलसी दास,अमजद आलम,सुल्तान अली, आदि उपस्थित थे।

## एक-नजर

### हनुमान जयंती को लेकर श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की बैठक आज

**झुमरीतिलैया** – शहर के धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की एक बैठक 21 फरवरी दिन शुक्रवार को श्री अंग्रेसन भवन में संध्या 6 बजे रखी गई है।बैठक में श्री हनुमान जयंती मनाने को लेकर चर्चा और कार्यक्रम को लेकर टीम गठित किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा और सचिव विक्की केसरी ने बताया कि 11 और 12 अप्रैल को 44 वाँ हनुमान जयंती मनाया जाएगा।जिसको लेकर मंडल की एक बैठक रखी गई है।वही अध्यक्ष एवं सचिव ने पदाधिकारीयों एवं सदस्यगण से समय पर बैठक में आने की आग्रह किया।

### पत्रकार सुरक्षा कानून, पेंशन योजना एवं स्वास्थ्य बीमा लागू करने के लिए जेजेए ने राजभवन के समक्ष दिया धरना

**रांची :** पत्रकारों पर लगातार बढ़ते हमले एवं पत्रकार पेंशन व स्वास्थ्य बीमा को को लेकर भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ(क्तस्क्त ठुद्बश्ठु) की झारखण्ड राज्य इकाई झारखण्ड जर्नालिस्ट एसोसिएशन(छ्ब्ब्) ने राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया.पत्रकारों के इस महाधरना में झारखण्ड के सभी 24 जिलों के पत्रकारों ने एक स्वर में पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार पेंशन योजना एवं पत्रकार बीमा योजना लागू करने की मांग का समर्थन किया.

धरना को संबोधित करते हुए झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार मनोज प्रसाद ने कहा पिछले एक दशक से अधिक समय से मैं

झारखण्ड जर्नालिस्ट एसोसिएशन(छ्ब्ब्) के संघर्ष को बहुत करीब से देख रहा हूं. उन्होंने कहा पत्रकारहित के मुद्दों पर जेजेए संस्थापक शाहनवा? हसन 24ङ्ग7 कार्य कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि पत्रकार पेंशन योजना के लिए झारखण्ड के अधिकारी मुख्यमंत्री को दिग्भ्रमित कर रहे हैं, झारखण्ड के पत्रकार पिछले 6 वर्षों से पेंशन की आस लगाए बैठे हैं, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने लागू करने की बात भी की है पर इसे अबतक लागू नहीं किया है. वहीं पत्रकार स्वास्थ्य बीमा को लेकर उन्होंने कहा कि पत्रकारों को किसी बीमा की ?रूरत नहीं है, उन्होंने कहा पत्रकार और उनके परिजनों के लिए झारखण्ड सरकार गोल्डन कार्ड जारी करे, जिसके माध्यम से सभी सदर अस्पताल एवं रिम्स में निशुल्क इलाज की व्यवस्था हो. राष्ट्रीय महासचिव शाहनवा? हसन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पत्रकारों को लेकर अधिकारी गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं. मुख्यमंत्री ने उनसे मुला?ात के दौरान पत्रकारों के सभी मुद्दों के समाधान की बात कही थी उसके बावजूद अबतक पत्रकारों के मुद्दों पर झारखण्ड सरकार ने कोई पहल नहीं किया है. श्री हसन ने पत्रकारों की सुरक्षा के मुद्दे को लेकर कहा कि थाना, ब्लॉक और अंचल स्तर पर पत्रकारों के साथ अधिकारियों रवैया तानाशाही वाला होता है, आंचलिक पत्रकारों पर खबर संकलन को लेकर झूठे मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, निचले स्तर के अधिकारी मुख्य सचिव एवं डीजीपी के निर्देश का भी अनुपालन नहीं करते. राष्ट्रीय सचिव चंदन मिश्रा ने पत्रकार पेंशन योजना को लेकर विभिन्न राज्यों द्वारा दी जा रही राशि की जानकारी देते हुए कहा कि झारखण्ड की रघुवर सरकार ने पेंशन योजना कैबिनेट से पारित कर दिया था जिस पर राज्यपाल ने अधिसूचना भी जारी कर दी थी उसके बावजूद पत्रकारों को पिछले 6 वर्षों से पेंशन से वंचित रखा है.अब न्यायलय के शरण में जाना पत्रकारों की मजबूरी बन गया है, जेजेए झारखण्ड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करेगा.

पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने का समर्थन भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (बीएसपीएस) ने भी किया है। हाल ही में पश्चिम बंगाल के दीघा में बीएसपीएस की संपन्न हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में केंद्र सरकार से मांग की गई है कि पत्रकारों की सुरक्षा से जुड़ा कानून जल्द लागू किया जाए। दरअसल यदि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होने से उन पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी, जो जीवन को खतरे में डालकर पत्रकारिता कर रहे हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों, माफिया, नेताओं और अपराधिक तत्वों को उजागर करने वाले पत्रकारों के लिए सुरक्षा आवश्यक है। बीएसपीएस के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने देशभर के पत्रकारों से कहा कि वे अपने-अपने राज्यों में सरकारों पर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिए मांग करें। पत्रकारों पर लगातार बढ़ते हमलों को देखते हुए पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर अलग से कानून बनाए जाने की मांग अब और तेज हो गई है। आज झारखण्ड की राजधानी रांची में फील्ड पर कार्य करने वाले सैक?ों पत्रकार, अपनी मांगो को लेकर एक दिवसीय धरने पर बैठे.पत्रकारों पर हो रहे लगातार हमले और धमकियों के विरोध में जिले के कई पत्रकार अपनी आवाज शासन प्रशासन तक पहुंचाने के लिए धरना देने के लिए पर मजबूर है।.

### ऑटो पलटने से आधा दर्जन परीक्षार्थी घायल

**कोडरम** – थाना क्षेत्र चंद्रोडीह लोहासिकर मोड के समीप गुरुवार की दोपहर दसवीं की परीक्षा के बाद परीक्षार्थियों को लेकर जा रही एक ऑटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान ऑटो पर सवार कई परीक्षार्थी घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घायलों ने बताया कि सभी इंदरवा स्थित परीक्षा केंद्र से जैक के द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा देकर अपने गांव कमयडीह लौट रहे थे। इसी दौरान चंद्रोडीह के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें कई छात्र-छात्राएं घायल हो गईं। जिन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घायलों में ज्योति राज नामक एक छात्रा को उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। लेकिन छात्रा की ईलाज के दौरान मौत हो गई।

**ये हुए हैं घायल**

इधर इस घटना में चांदनी कुमारी पिता उमेश चौधरी, पूर्णिमा कुमारी पिता दिनेश पंडित, तन्नू कुमारी पिता श्यामसुंदर राना, निशु कुमारी पिता सतेंद्र बरनवाल, दिलसान अंसारी, अरमान अंसारी, सेहान अंसारी, सोनम कुमारी पिता संजय पंडित गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनका उपचार सदर अस्पताल में किया जा रहा है।.

### गरीब, शोषित, पीड़ति, वंचित, दबे, कुचले लोगों की एक विश्वास है जेएलकेएम : रमेश



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के मांडू प्रखंड अंतर्गत होटल विकास ,बोंगावार मोड, भरेचनगर, सांडी मे संगठन के सशक्त एवं मजबूती को लेकर एक आवश्यक बैठक की गई! इस बैठक में पार्टी के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगन उपस्थित हुए ।इस बैठक में जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा आज के समय में हर तपके के लोगों का एक विश्वास है, इस संगठन में गरीब, शोषित ,पीड़ति, वंचित, दवे, कुचले तथा सिस्टम के सताए हुए लोगों की एक आवाज बनकर यह पार्टी झारखंड में उभर कर आई है ! इस संगठन में सभी समुदाय के लोग जुड़ रहे हैं। क्योंकि झारखंड की दशा और दिशा यही पार्टी के माध्यम से संभव हो सकता है। भारत के व्यवस्था आप जानते हैं की ईस्ट इंडिया कंपनी नहीं रही । लेकिन उस कंपनी को चलाने वाले लोग आज भी जिंदा है ! अंग्रेजो के तरह शोषण करने वाले लोग जिंदा है ।

# बेटी बचाओ बेटी पढाओ जागरूकता रथ को डीडीसी ने किया रवाना

## हस्ताक्षर अभियान की भी हुई शुरूआत

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** बेटी बचाओ बेटी प?ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जागरूकता अभियान के तहत आज उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक रतन कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चैहान, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, एनडीसी विक्रम कुमार आदि थे। मौके पर सभी ने हस्ताक्षर कर जागरूकता संदेश दिया। हस्ताक्षर के माध्यम से बालिका जन्म पर खुशी मनाने, लिंग भेद को समाप्त करने, बालिका का स्कूल में दाखिला करवाने और उसकी प?ाई निरंतर जारी रखने, बाल विवाह व दहेज कुप्रथा का विरोध करने, अपने आसपास की




महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षित व हिंसा मुक्त रखने तथा महिलाओंध्बालिकाओं को सम्पति में समान अधिकार देने हेतु संकल्प दोहराए। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी प?ाओ के तहत जागरूकता रथ को रवाना किया गया। साथ ही हस्ताक्षर अंकित कर जागरूकता संदेश दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बाल लिंगानुपात में सुधार लाना एवं बालिकाओं के प्रति लोगों की मानसिकता में परिवर्तन लाना है। बेटियों के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना और उन्हें शिक्षा का अवसर प्रदान करना है, ताकि बालिकाओं का संरक्षण हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बेटियां एवं महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। वे मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अद्भुत प्रदर्शन कर रही हैं। यह रथ विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। वहीं उन्हें बेटियों को शिक्षा देने के लिए प्रेरित भी करेगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चैहान ने कहा कि यह जागरूकता कार्यक्रम 22 जनवरी से चल रहा है। यह कार्यक्रम 8 मार्च तक बच्चियों और महिलाओं को जागरूक करने के लिए चलेगा। बेटियां किसी से कम नहीं है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए हमलोग प्रयत्नशील हैं। सभी विभागों एवं समाजसेवी संस्थाओं के साथ समन्वय से बाल विवाह की रोकथाम सहित बेटियों के संरक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलामू की पुलिस अधीक्षक एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी महिला सशक्तिकरण का एक ब?ा उदाहरण हैं। परिवार के निरंतर समर्थन से वे इस मुकाम तक पहुंची हैं। उन्होंने प्रत्येक महिलाओं से आह्वान किया कि जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए। अपनी शक्ति एवं सकारात्मक सोच से समाज में आमूल-चूल परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य करते रहें।

## सीआरपीएफ के जख्मी हुए जवान महिमा शुक्ला का स्वर्गवास

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** छत्तीसग? में हुए नक्सली हमले में पलामू का लाल शहीद हो गया है। 11 फरवरी को छत्तीसग? के दंतेवा?ा में आईईडी विस्फोट में पलामू के लेस्लीगंज के रहने वाले महिमा शुक्ला गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। महिमा शुक्ला केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में हवलदार के पद पर तैनात थे। महिमा शुक्ला नक्सल विरोधी अभियान निकले थे इसी क्रम में आईईडी की चपेट में आ गए थे। इस विस्फोट में उनके दोनों पर उ? गए थे। उन्हें इलाज के लिए छत्तीसग? के रायपुर में भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। राजकीय सम्मान के साथ महिमा शुक्ला का पलामू में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके शहीद होने की खबर के साथ ही पूरे पलामू में मातम का माहौल छा गया।

पैतृक गांव कामलकेडिया में मातम पसर गया है। महिमा शुक्ला लंबे वक्त से छत्तीसग? में नक्सल विरोधी अभियान में तैनात थे। वह 10 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहे थे।

## वेतन के लिए बालाजी के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तैनात बालाजी कंपनी के कर्मचारियों ने वेतन कम मिलने को लेकर आज कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। अस्पताल में तैनात कर्मचारियों का कहना था कि इस बार सभी कर्मचारियों का वेतन बालाजी कंपनी द्वारा काटकर भेजा गया है। इसका वे विरोध कर रहे हैं। इस दौरान बालाजी के कर्मचारियों ने कुछ देर तक अपना काम ठप कर दिया। जिसके कारण कुछ घंटे तक अस्पताल की विधि व्यवस्था चरमरा गई थी। वहीं मौके पर उपस्थित पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य



संग्राम सिंह ने कहा कि बालाजी कंपनी सभी जगह पर तैनात अपने कर्मचारियों को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बालाजी कंपनी के द्वारा जितना भी स्टाफ मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में काम करते हैं वह अपने मेहनत और ईमानदारी का पैसा लेते हैं। इसके बाद भी बालाजी कंपनी के द्वारा कार्यरत कर्मचारियों का वेतन काटकर देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि इन लोगों का पूरा पैसा बालाजी कंपनी द्वारा नहीं दिया जाता है तो आगे की रणनीति तय की जाएगी। वही अस्पताल में तैनात बालाजी कंपनी के सभी कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि बालाजी के सुपरवाइजर जो यहां पर लोगों से काम करवाते है वह लोगों को डराने धमकाने का काम करते हैं। कहते हैं कि यदि तुम किसी से शिकायत करोगे तो तुम्हारा वेतन काट दिया जाएगा और तुम्हें नौकरी से हटा दिया जाएगा। इस बात से भी सभी कर्मचारी डरे सहमे रहते हैं।

## बढ रही आपराधिक घटनाओं से लोंगों में आक्रोश, पुलिस के खिलाफ व्यवसायी सडक पर उतरे, बाजार बंद

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिले में अपराध का ग्राफ गिरने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन जिले के किसी न किसी क्षेत्र में हत्या, लूट व डकैती की घटनाएं हो रही है। अपराध को रोक पाने में पुलिस की असफलता उसकी कार्यशैली पर सवाल ख?ा कर रहे हैं। जिले के लोगों में असुरक्षा की भावना बढ रही है। नतीजा लोग पुलिस के खिलाफ स?क पर उतरने को मजबूर हो रहे हैं। ऐसी ही एक घटना सामने आयी है जिसमें बुधवार की शाम अपराधियों ने बंदूक की नोंक पर एक ग्राहक सेवा केन्द्र में लूट की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। हालांकि ग्राहक सेवा केन्द्र में नकद नहीं मिलने पर अपराधी संचालक का मोबाईल लूट कर भागने में सफल रहे। इसे लेकर व्यवसायियों में काफी आक्रोश



व्याप्त है। जानकारी के अनुसार जिले के हैदरनगर बाजार में हो रही लगातार लूट समेत अन्य आपराधिक घटनाओं के विरोध में गुरुवार को हैदरनगर बाजार बंद रहा। इस दौरान बाजार की सभी दुकानें बंद रही। दुकानदार व अन्य व्यवसायी स?क पर उतरे और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। व्यवसायियों का नेतृत्व भाजपा नेता सह पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह और समाजसेवी डॉ. अजय जायसवाल कर रहे थे। गौलतलब हो कि बुधवार की शाम हैदरनगर बाजार स्थित सद्दाम हुसैन के ग्राहक सेवा केंद्र में लूट की घटना हुई थी। तीन नकाबपोश अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर सीएसपी में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। हालांकि सीएसपी में कैश नहीं मिलने पर अपराधी सीएसपी संचालक का आईफोन लूट कर ले गए थे। इस घटना को लेकर आक्रोशित व्यवसायियों ने बुधवार की शाम स?क पर उतरकर अपना विरोध दर्ज कराया था। इस दौरान नेतृत्व कर रहे संतोष कुमार सिंह ने कहा कि एक ओर हैदरनगर बाजार में लगातार आपराधिक और लूट की घटनाएं हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन घटनाओं का उद्भेदन करने के बजाय अवैध बालू और बाइक चेकिंग के नाम पर उगाही करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि बाजार से थाना की दूरी महज एक किलोमीटर है, लेकिन बीच में रेलवे क्रॉसिंग की वजह से समय पर पुलिस नहीं पहुंच पाती है। उन्होंने हैदरनगर के पुराना थाना भवन में पुलिस पिकेट खोलने की मांग की। व्यवसायियों ने कहा कि थाना कार्यालय के स्थानांतरण से आज तक लगातार पुराना थाना भवन में पिकेट खोलने की मांग ।

## राजधानी में महिला मुख्यमंत्री का होना महिलाओं का सम्मानः अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिले के सतबरवा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सह पुस्तक मेला का शुभारंभ मेदिनीनगर नगर निगम की पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने झंडोतोलन एवं कलश यात्रा प्रारंभ कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा देश हिंदुओं का देश है और हम हिंदुओं को इस तरह के आयोजन से शांति और शक्ति प्राप्त होती है। श्रीमती शंकर ने कहा कि आज हम महिलाओं के लिए काफी गौरव का दिन है। जब देश की राजधानी दिल्ली में रेखा गुप्ता जो पार्षद से राजनीतिक शुरुआत कर मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली हैं, यह देश की आधी आबादी को गौरवान्वित कर रहा है। श्रीमती शंकर ने कहा कि अब देश में आधी आबादी हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है, जो महिलाओं के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर संजय कुमार, विनोद चैधरी, सत्यनारायण मेहता, सुरेश सिंह, कमलेश कुमार, सुभाष प्रसाद एवं श्याम बिहारी व अनिल गुप्ता समेत ब?ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## दुकानों के आवंटियों द्वारा लंबे समय से किराया जमा नहीं करने वालों का आवंटन होगा रद्द : मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

### मुख्य कार्यपालक अधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त ने जिला परिषद की राजस्व वसूली एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** उप विकास आयुक्त-सह-जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर अहमद आज जिला परिषद की राजस्व वसूली एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। प्रखंडवार राजस्व वसूली की समीक्षा के क्रम में जिला परिषद के दुकानों के आवंटियों द्वारा लंबे समय से किराया जमा नहीं करने को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि ससमय किराया जमा नहीं करना गंभीर बात है। इससे सरकारी राजस्व की हानि हो रही है। उन्होंने लंबे समय से किराया जमा नहीं करने वाले आवंटियों को अंतिम रूप से




नोटिस जारी करने का निदेश दिया। इसके बावजूद बकायेदारों द्वारा किराया जमा नहीं करने की स्थिति में बकायेदारों का आवंटन रद्द करने तथा उनकी दुकानें सील करने की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इसके अतिरिक्त बकाया वसूली हेतु आवंटियों के विरुद्ध नीलाम पत्र वाद दायर करने की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने समीक्षा के क्रम में पाया कि कई दुकानों के आवंटियों द्वारा लंबे समय से किराया जमा नहीं किया जा रहा है। ऐसे बकायेदारों को चिन्हित किया गया है। समीक्षा के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि बकायेदारों को पूर्व में कई बार नोटिस भेजकर बकाया राशि जमा करने हेतु निर्देशित भी किया गया है, इसके वाबजूद बकाया राशि को जमा नहीं किया गया। आंगनवा?ी केंद्र भवन निर्माण की समीक्षा में यह पाया गया कि जिले में 280 आंगनवा?ी केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें से लगभग 100 केंद्र भूमि विवाद के कारण लंबित है। इस संदर्भ में संबंधित अंचलाधिकारी से फोन पर चर्चा कर समस्या के शीघ्र समाधान का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त, भूमि विवादों के त्वरित समाधान हेतु अंचलाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता के साथ एक विशेष बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पंचायत भवन, स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन तथा 15वें वित्त आयोग मद से संचालित योजनाओं एवं अन्य लंबित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिला अभियंता, सभी सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं जिला परिषद के कर्मीगण उपस्थित थे।

## एक-नजर

### मजदूरों को शोषण से बचाने को मजबूत संगठन होना जरूरीः गिरिनाथ सिंह

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प?वा प्रखंड स्थित राजहरा कोलियरी में हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष व ग?वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह का स्वागत सह अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पलामू के मजदूर नेता नितेश सिंह के द्वारा अपने सैक?ों समर्थको के साथ मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर बाजे-गाजे के साथ, फूल मालाओं से लादकर अध्यक्ष श्री सिंह का स्वागत कोलयरी मोड पर किया गया। राजहरा कोलियरी के प्रांगण में राजहरा एरिया सचिव कामाख्या नारायण पांडेय की अध्यक्षता में हिंद मजदूर सभा की एक आम सभा की गयी। इसका संचालन राजहरा मजदूर नेता नीरज तिवारी उर्फ छोटू तिवारी ने किया। इस कार्यक्रम में मजदूर नेता नितेश सिंह व छोटू तिवारी अपने सैक?ों समर्थकों के साथ एचएमएस के प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में हिंद मजदूर सभा में शामिल हो गए। हिंद मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष गिरीनाथ सिंह ने कहा कि यह संगठन शुद्ध रूप से गैर राजनीतिक व देश का बहुत पुराना मजदूर संगठन है। उन्होंने हिंद मजदूर सभा का पलामू जिला में संगठन विस्तार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजहरा कोलयरी सहित कार्बन फेयर माइंस, हिंडालको, त्रिमूला, अरणया कोल माइंस के खुलने से पलामू में बेरोजगारी की समस्या दूर होगी, परंतु इन कंपनी के दोहन व शोषण से आमजन, किसान, गरीब व वंचितों को बचाने के लिए एक मजबूत व सशक्त यूनियन का होना बहुत आवश्यक है। इस आम सभा में एचएमएस यूनिट सचिव विजय पांडे, सत्येंद्र पांडे, संजय तिवारी, नीतू सिंह, रविंद्र सिंह, अजमल अंसारी, अजय राम, राजा शर्मा, लालजी राम, मिकी पाल, आनंद चैहान, सूरज राम, प्रदीप पासवान, राजेश गुप्ता, सोनू कुमार, अश्वनी मेहता, सलमान अंसारी, अनिकेत कुमार, उदय चैहान सहित सैक?ों की संख्या में आम जन शामिल हुए।

### छात्रा से दुष्कर्म मामले में डालसा ने लिया संज्ञान, मिलेगा मुआवजा

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पिपरा थाना अंतर्गत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के 10वीं की छात्रा के साथ पिछले दिनों हुए दुष्कर्म के मामले में छपी खबरों के आधार पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने संज्ञान लिया है। इस मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष व पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव को पी?िता को हर संभव सरकारी सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया था। इसी आलोक में दुष्कर्म पी?िता बच्ची को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से राशन सामग्री व दैनिक उपयोग की बस्तु पैरा लीगल वोलेंटियर के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। साथ ही विक्टिम कॉमनशेषन में केस रजिस्टर कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पैरा लीगल वा ॅलेंटियर के माध्यम से पी?िता के द्वारा विक्टिम कंपनसेशन को ले डालसा में आवेदन दिया गया है। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। पीएलवी के माध्यम से तत्काल राशन व दैनिक उपयोग की वस्तु उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही विक्टिम कम्पनशेषन की राशि भी पी?िता को उपलब्ध करायी जाएगी। विदित हो कि पी?िता चार बहनें हैं। उसमे एक की शादी हो चुकी है और तीन छोटी हैं। पी?िता दूसरे नंबर पर है। पी?िता के माता-पिता जीवित नहीं है उसका भरण पोषण चाचा और चाची करते हैं।.

### सबसे बढा दान है रक्तदानः सीएस

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बसौरा नीलांबर पीतांबरपुर पलामू के मुख्य सभागार में जन विकास ट्रस्ट एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ब?ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं अपने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पलामू सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदान शिविर में 62 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। ट्रस्ट के सचिव अजीत कुमार ने बताया कि यह रक्तदान का कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा और संस्था का लक्ष्य है कि 1000 यूनिट से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन ने बताया कि मनुष्य के जीवन का अगर सबसे ब?ा कोई दान है तो वह रक्तदान है जो किसी का जिंदगी बचाने के काम आता है। सभी 18 वर्ष से ऊपर स्वस्थ व्यक्तियों को चाहिए कि वह रक्तदान अवश्य करें। मौके पर हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला, राष्ट्रीय सेवा योजना के महेंद्र मरांडी, प्रो.भावेश कुमार, ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज प्रसाद, ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर सनी सोरेन, आनंद मोहन चद्र, संजीव नयन, आलोक कुमार, एनएसएस के अध्यक्ष हरिशंकर मंडल सुप्रिया रानी, प्रभात कुमार प्रसाद, सुषमा रानी महतो, आदर्श अधिजित, तौशिफ आलम, निशिकांत कुमार, राजीव कुमार, अभय कुमार, रानी कुमारी, अनिशा कुमारी, प्रतिभा कुमारी, जन विकास ट्रस्ट के दीपक सोनी, पप्पू कुमार, मोहम्मद अयूब, अमीषा सिंह, पूजा कुमारी नमिता मिंस छोटू खान सहित सैक?ों की संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

### भाजपा नगर मंडल का कार्यशाला का आयोजन

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** सर्व प्रथम महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एव पुष्पाजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल चुनाव अधिकारी(प्रभारी) सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा व मंडल सह प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष राजहंस अग्रवाल मौजूद थे। उन्होंने बतलाया की आगामी 25 फरवरी तक मंडल के सभी बूथों का बूथ कमेटी का निर्माण पुरा कर लेना है, ततपश्चात मंडल एव पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। सक्रिय सदस्य को ही मंडल का अधिकारी या पंचायत अध्यक्ष बन सकते हैं। वहीं सह प्रभारी राजहंस अग्रवाल ने कहा की सभी पदाधिकारी, सभी पंचायत अध्यक्ष तय समय पर बूथ कमेटी बना लें। सभी पंचायत के लिए पंचायत प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सोमेश सिंह ने की तथा कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा अपनी बातों को रखते हुए प्रदेश कार्य समिति सदस्य दुर्गा जौहरी ने किया।

### प्रखंड कार्यालय को भ्रष्टाचार को अड्डा नहीं बनने दें : विधायक

**नावा बाजार (उज्ज्वल दुनिया)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन के तहत बुधवार को धोती, सा?ी, लुंगी का वितरण विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने किया. मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार सकारात्मक सोच के साथ राज्य की जनता के लिए रोटी, कप?ा व मकान मुहैया करा रही है. जरूरतमंद इस योजना से वंचित न हो, इसलिए सरकार पूरा प्रयास कर रही है. विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योग्य लाभुकों को चिह्नित कर आवास उपलब्ध करायें. विधानसभा क्षेत्र के किसी भी प्रखंड में भ्रष्टाचार का मामला नहीं आना चाहिए. प्रखंड कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा नहीं बनें, इसका ध्यान रहे. विधायक ने बीडीओ व सीओ को स्पष्ट शब्दों में कहा कि गरीबों को किसी तरह से परेशानी नहीं होनी चाहिए. प्रखंड कार्यालय पहुंचने पर जरूरतमंदों का काम प्राथमिकता के आधार पर करें. विधायक श्री सिंह ने कहा कि नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र में महिला उच्च विद्यालय व एफसीआइ गोदाम बनवाने के लिए प्रयास किया जा रहा है. जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा. मौके पर बीडीओ रेणु बाला, अंचलाधिकारी शैलेश कुमार, उपप्रमुख मीर खुर्शीद आलम, राजद के वरिष्ठ नेता जमालुद्दीन खां, प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चैधरी, पूर्व जिला पार्षद अनुज राम, विधायक मीडिया प्रतिनिधि हरिनाथ चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया रछेया यादव, प्रधान सहायक सुधीर कुमार, अशोक प्रजापति, मीर आरिज आलम, प्रदीप यादव, बिरजू प्रसाद यादव, मोहम्मद वारिस, डीलर-गोरख नाथ पांडेय, मनोज प्रसाद, मदन रवि ।

## संपादकीय

## दिल्ली की मुख्यमंत्री को अनेक रेखाओं को पार करना होगा, उनके लिए बड़ी चुनौती

केजरीवाल का दस साल के शासन के बाद अब दिल्ली की कमान नवनिर्वाचित रेखा गुप्ता को सौंपी गई है। उनके शपथ ग्रहण के बाद अब रेखा गुप्ता पर राजधानी दिल्ली सहित देश की नजर है।अब विकास के सोपान तय करने होंगे। मुख्यमंत्री को उन घोषणाओ और वादों को पूर्ण करना होगा, जो चुनाव के दौरान भाजपा ने संकल्प पत्र में किये गए थे। अब विकास की वैतरणी शुरू हो जाएगी। महिला मुख्यमंत्री के नाते महिलाओं को बड़ी उम्मीद है। छात्र नेता से पार्षद और पार्षद के बाद विधायक और अब दिल्ली की मुख्यमंत्री बन जाने के बाद उनके सिर पर अनेक चुनौतिया है। उन चुनौती को पूर्ण करना है जो स्वयं भाजपा ने पाल रखी है।कांग्रेस के बाद केजरीवाल के शासन के बाद दिल्ली की रौनक खत्म हो चुकी है ।अब भाजपा विकास के लक्ष्य को पार करने में अपना विश्वास बनाये रखने में तटस्थ है।भाजपा ने जिन चुनावी मुद्दों पर जीत हासिल की है और दिल्ली की जनता को भरोसा दिलाया है।उसके लिए निर्धारित समय मे कार्य शुरू करना होगा। जिसका भरोसा मत्तदाताओ को दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह और जेपी नड्डा ने बार बार दोहराया था। दिल्ली के लिए डबल इंजन सरकार विकास को नया आयाम देगी। जिस तरह से दिल्ली को केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली को बीमारू बना दिया था। लेकिन अब विकास की बुलंदियों से दिल्ली को खूबसूरत शहर बनाने के संकल्प को भाजपा पूरा करेगी। इसमें दोराय नही है कि दिल्ली विकास की ओर आगे बढ़ेगी। यमुना की सफाई शुरू हो गई है। साफ पानी और प्रदूषण रहित दिल्ली की हवा के वादे भाजपा को शुरूआती दौर में ही शुरू करने होंगे। प्रति वर्ष पचास हजार की नौकरिया और महिलाओं के खातों में पचीसों रुपये हर महीने दिए जाने की घोषणा भाजपा ने चुनाव के दौरान की थी।यह मोदी की गारंटी पर मत्तदाताओ को पूरा भरोसा है। सड़कोकी सफाई और ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने की घोषणा की गई थी। नालों गलियों सीवर की सफाई का वादा पूर्ण होगा साथ ही मुफ्त बस सेवा का फायदा महिलाओं के लिए सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी। दिल्ली केंद्र के सीधे नियंत्रण में है। आम आदमी पार्टी विपक्ष के आक्रामक विरोध की चुनौती और महिला मुख्यमंत्री की तुलना में बेहतर विकास की नींव रखनी होगी। विकास के कार्य को आगे बढ़ाना होगा।

## आज का राशिफल

**मेष** –निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृष** – अपने हित के काम सुबह–सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुन** – अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन–देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ–पैरों में पीड़ा हो सकती है।

**कर्क** – दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह–सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**सिंह** – चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल–मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी।

**कन्या** – निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**तुला** –परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा। आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**वृश्चिक** – संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**धनु** –शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग–दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।

**मकर** – मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश–प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**कुभ** – महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद–विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा–सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**मीन** – प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद–प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान–विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## दैनिक पंचांग

**21 फरवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.38 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मेष | 09.08 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 10.48 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.46 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 15.00 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 17.16 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.28 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.39 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.53 ब.से |
| | | धनु | 02.09 बजे से |
| | | मकर | 04.14 बजे से |
| | | कुंभ | 06.01 बजे से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 52 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** अष्टमी 11.58 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 15.54 बजे को समाप्त।
**योग** व्याघात 11.59 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 11.58 बजे तदनन्तर तैतिल 00.44 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 22.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 10° 33'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872262
**जूलियन दिन** 2460727.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446 **महीना** शाबान
**तारीख** 22
**विशेष** जानकी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# जनजातीय हितों व श्रद्धा पर केंद्रित हो नई वननीति



**नई वन नीति में जिसे 'बिगड़े वन' कहा जा रहा है, उसकी परिभाषा भी तय नहीं है। ग्राम सभा की अनुमति की शर्त भी बड़ी ही आसान व एक औपचारिकता मात्र है। केवल मूल्यवान लकड़ी प्रदान नहीं करने वाले वनों को बिगड़ा हुआ वन मान लेना एक बड़ी प्रदूषित, शोषक, स्वार्थी व एकपक्षीय नीति है। वनवासी बंधुओं की धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक आवश्यकताओं एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए वनीय विविधता बनी रहे, यह परम आवश्यक है। इस नई वन नीति से हमारी आने वाली पीढ़ियाँ कई वन उत्पादों के केवल नाम ही सुन पाएगी। आज जिस प्रकार कृषि क्षेत्र में केवल दो चार प्रकार के अन्न का उत्पादन हो रहा है व शेष फसलों का उन्मूलन होता जा रहा है, वही स्थिति वनों में भी देखने को मिलेगी।**

डॉ.प्रवीण गुगनानी

वनग्राम, वनों से सटे राजस्व ग्राम, जनजातीय समाज, वनों के भीतर कृषि का अधिकार, जनजातीय समाज को वनों के सीमित उपयोग की अनुमति आदि-आदि विषय मप्र में एक बड़ा सामाजिक सरोकार का प्रश्न रहे हैं। यह प्रश्न अब गहरा रहा है। मप्र सरकार कंपनी, संस्था, व्यक्ति या स्वयंसेवी संस्था को बिगड़े जंगल अनुबंध पर साठ वर्ष हेतु देने के प्रस्ताव पर विचाररत है। नई नीति में निजी क्षेत्र को विभाग के अनुसार नए पौधे लगाने होंगे। दो वर्ष में पौधे नहीं उगे तो अनुबंध समाप्ति का अधिकार शासन के पास सुरक्षित रहेगा। इन वनों का कार्बन क्रेडिट, वन विभाग के माध्यम से विक्रय करेंगे। इस नीति के अनुसार एक हजार हेक्टेयर तक के जंगल को यदि कोई निजी कंपनी विकसित करना चाहेगी तो वनों की पुनर्स्थापना का भी प्रावधान है। अनुबंधित वनों से प्राप्त वनोपज का पांचवां भाग वन समिति और शेष चार भाग वन विकास निगम और निजी कंपनी को मिलेंगे। फल वनोपज का आधा भाग निजी कंपनी को प्राप्त होगा।

मप्र में 37 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बिगड़े वन हैं, इसे ही निजी क्षेत्र में सौंपने की तैयारी है। नई नीति के अन्तर्गत निजी निवेशकों का इन वनीय क्षेत्रों की उपज व कार्बन क्रेडिट पर प्रथम अधिकार होगा। नई नीति का नाम ह्लसीएसआर एवं कंपनी एन्वायरमेंट रिस्पांसिबिलिटी एवं अशासकीय निधियों के उपयोग से वनों की पुनर्स्थापनाह्व है। इसके अंतर्गत मप्र में निजी निवेशक न्यूनतम दस हेक्टेयर वन का चयन कर सकेंगे। नई वन नीति में कई विसंगतियाँ हैं, जिससे वनीय विविधता की हत्या हो जाएगी। जिस प्रकार समर्थन मूल्य के कारण मप्र व अन्य प्रदेशों की कृषि विविधता समाप्त हो गई है, उसी प्रकार वन विविधता समाप्त हो जाएगी। जब वनीय विविधता समाप्त होगी तो सर्वप्रथम वनीय जैव विविधता, बड़ी तीव्रता से समाप्त होगी। वनवासियों हेतु हर वृक्ष का हर उत्सव व ऋतु में अलग-अलग आस्था का सम्बंध होता है। हजारों-लाखों प्रकार के जीव-जंतुओं का भोजन, उनकी औषधियां, उनकी रहवासी आवश्यकताएँ सभी कुछ समाप्त हो जाएंगे। जीव-जंतु तो छोड़िए जनजातीय समाज और नगरीय समाज को मिलने वाली हजारों वनीय औषधियां, जड़ी-बूटियाँ, रसायन, मौसमी उत्पाद सभी कुछ समाप्त हो जाएँगे। प्रकृति की अविरल धारा के समक्ष एक बड़ा अवरोध व परिवर्तन उपस्थित होगा जिससे कई प्रकार की असंगतियाँ-विसंगतियाँ देखने को मिलेंगी। अनुबंध पर जंगल लेने वाले व्यवसायी केवल लाभ से सरोकार रखेंगे। निजी वन व्यवसायी और कम्पनियाँ आदि; राष्ट्रीय,



पर्यावरणीय, सामाजिक, धार्मिक विषयों के प्रति कोई सरोकार या संवेदनशीलता रखने से तो रहे। व्यावसायिक लाभ ही एकमेव लक्ष्य होगा, इससे वनोपज में असंतुलित वृद्धि तो हो सकती है किंतु पर्यावर्णीय हानि, जैव व वन विविधता की हानि व वनवासी समाज के साथ शासन व शेष समाज के सम्बंध बिगड़ सकते हैं। नई वन नीति की सम्पूर्ण समीक्षा की आवश्यकता है। या तो यह नीति रद्द हो या फिर इस नीति में वनीय, विविधता, जैव विविधता, जलीय सरंचनाओं, वनीय पशु-पक्षियों की आवश्यकताओं, वनवासी बंधुओं की आजीविका आदि विषय में सुरक्षा की गारंटी हो।

नई वन नीति में जिसे 'बिगड़े वन' कहा जा रहा है, उसकी परिभाषा भी तय नहीं है। ग्राम सभा की अनुमति की शर्त भी बड़ी ही आसान व एक औपचारिकता मात्र है। केवल मूल्यवान लकड़ी प्रदान नहीं करने वाले वनों को बिगड़ा हुआ वन मान लेना एक बड़ी प्रदूषित, शोषक, स्वार्थी व एकपक्षीय नीति है। वनवासी बंधुओं की धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक आवश्यकताओं एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए वनीय विविधता बनी रहे, यह परम आवश्यक है। इस नई वन नीति से हमारी आने वाली पीढ़ियाँ कई वन उत्पादों के केवल नाम ही सुन पाएगी। आज जिस प्रकार कृषि क्षेत्र में केवल दो चार प्रकार के अन्न का उत्पादन हो रहा है व शेष फसलों का उन्मूलन होता जा रहा है, वही स्थिति वनों में भी देखने को मिलेगी। प्रत्येक ऐसे वृक्ष को जिससे आर्थिक लाभ नहीं होता है या कम लाभ होता है, उसे कुल्हाड़ी की बलि चढ़ाकर वहाँ व्यावसायिक लाभ की दृष्टि से मूल्यवान पेड़ लगा दिए जाएँगे। लाभमात्र के मूलमंत्र से पारिस्थितिकी संतुलन व इको सिस्टम समाप्त होगा। वनों में ये कंपनियां बेतहाशा इको टूरिज्म को बढ़ावा देंगी, यह लाभप्रद तो अवश्य ही होगा किंतु इसके गंभीर साइड इफेक्टस भी हो सकते हैं। आशंका है कि वनों को लेकर अंधाधुंध दोहन की या केवल लाभ की नीति से पर्यावरण असंतुलन उत्पन्न हो सकता है।

वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के समय भी इस प्रस्ताव को लाया गया था जो बाद में फाइलों में बंद हो गया। फाइलों में बंद इस जिन्न को मप्र वन विभाग के नौकरशाहों ने पुनः बाहर निकाला है। यद्यपि यह मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार की संवेदनशीलता ही है कि सरकार ने अभी एकतरफा निर्णय नहीं लिया है तथापि मुख्यमंत्री को जनजातियों के प्रति असंवेदनशील, वन नीति से सावधान रहना होगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कुछ ही दिन पहले एक टास्क फोर्स की मीटिंग हुई थी, जिसमें वन अधिकार कानून के तहत ग्राम सभाओं को अपने परंपरागत वन क्षेत्र के पुनर्निर्माण, संवर्धन, संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकार देने का निर्णय हुआ था। संभवतः इसी को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री ने इस वन नीति के प्रारूप को अभी सहमति नहीं दी होगी। मप्र शासन ने नई वननीति के संदर्भ में स्रूा३.स्र्.ङ्म५.ल्ल पर जनता से सुझाव व आपत्तियाँ माँगी हैं। सभी पर्यावरणविदों को सुझाव देना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि शासकीय आय बढ़ाने के इस उपक्रम को वन शोषण का धत्कर्म बना दिया जाए। वन विकास के नाम पर कहीं हमारे वन, व्यवसाइयों व दलालों की भेंट न चढ़ जाएँ। मप्र की जनता से प्राप्त होने वाले सुझावों और आपत्तियों को देखते हुए नीति में वांछनीय परिवर्तन या संपूर्णतः अस्वीकृत भी किया जा सकता है। मप्र की भाजपा सरकार की ओर से यह शुभ संकेत है और एक अवसर भी। वस्तुतः स्टेट फॉरेस्ट रिपोर्ट 2023 में यह निष्कर्ष था कि मध्यप्रदेश, 97 हजार वर्ग किमी वनक्षेत्र वाला देश का सबसे बड़ा राज्य है। इसमें यह तथ्य भी उभरकर आया था कि 2021 की तुलना में 2023 में मप्र में 612 वर्ग किमी जंगल कम हो गए हैं।

मप्र में चालीस प्रतिशत से कम घनत्व वाले वनों को बंजर भूमि या ओपन फॉरेस्ट कहा गया है। इस वनभूमि को ही निजी क्षेत्रों में देना प्रस्तावित है। मप्र सरकार का लक्ष्य इस बंजर भूमि पर वनक्षेत्र बढ़ाना है। किंतु इस लक्ष्य के पीछे कहीं उद्योगपति इनका शोषण न करने लग जाएँ। इस हेतु शासकीय व सामाजिक विजिलेंस का एक बड़ा नेटवर्क निर्मित करना होगा। ग्राम समितियों को नई नीति में शासन की आँख, कान, नाक बनाकर सोशल विजिलेंस का नया उदाहरण समूचे देश के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। प्रस्तावित ड्राफ्ट के पहले भाग में सीएसआर और सीईआर (कॉर्पोरेट एन्वायरमेंट रिस्पांसबिलिटी) निधि से वन विकास का उल्लेख है। दूसरे भाग में निजी निवेश से ओपन फारेस्ट के विकास का लक्ष्य है। यह ड्राफ्ट रोजगार सृजन, राजस्व की सृजन आदि विषय में भी अस्पष्ट है।

एक सुझाव यह भी है कि नई वन नीति समूचे मप्र हेतु एक जैसी न बने। इस नीति को क्षेत्रवार, भौगोलिक विशेषताओं, विशिष्टताओं, वनीय बंधुओं की आवश्यकतानुसार, वनीय बंधुओं की परंपराओं आदि को ध्यान में रखकर वनीय बंधुओं के रोजगार सृजन के लक्ष्य, वनवासी बंधुओं के विस्थापन-स्थापन की सधी हुई दृष्टि से निर्मित करना होगा। मप्र की नई वननीति व्यवसाय नहीं अपितु वनवासी समाज केंद्रित हो, यह ध्यान में रखना ही होगा।

**(लेखक का निजी विचार हैं।)**

# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र



रमेश सर्राफ धमोरा

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटनाएं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद हैं।

देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारें भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इन दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है, भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है, ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो ह्यफोर्सेज का ट्रांसमिशनह्व यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.। 14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी।

13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगलसराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुट ओवरब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी।

हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा-सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन व प्रयागराज के महाकुंभ में भी जो भगदड़ की स्थिति पैदा हुई है उसमें प्रशासनिक चूक रही है। एक स्थान पर अधिक भीड़ इकट्ठा होने पर यदि प्रशासन के अधिकारी सतर्कता बढ़ाते तो ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता था। आगे भी सरकार को चाहिए कि ऐसे किसी भी बड़े आयोजनों के लिए और अधिक पुख्ता व्यवस्था करें। देश में आपदा राहत बल को भी अधिक सशक्त किया जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

**(लेखक का निजी विचार हैं।)**

# रेखा 'राज' के समक्ष चुनौतियां

डॉ. रमेश ठाकुर

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में भारी मंथन के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजे के 12वें दिन रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा हुई। मुख्यमंत्री के नाम पर चौंकाने वाली भाजपा की शैली विभिन्न राज्यों की तरह दिल्ली में भी जारी रही। भाजपा के जीते 48 विधायकों में शायद कोई एकाध नाम छूटा हो, जिसका नाम सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के दावेदार के तौर पर न आया हो। कयास तो प्रवेश वर्मा को लेकर लगाए जा रहे थे लेकिन अंत में वे पिछड़ गए। क्यों पिछड़े, इसका जवाब किसी के पास नहीं। 08 फरवरी के चुनाव परिणाम के दिन से लेकर 19 तारीख की देर शाम तक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भाजपा ने सस्पेंस बरकरार रखा। जैसे पिटारे से नाम निकला, सभी एकबार फिर चकित रह गए। ऐसा नाम जिसकी कल्पना तक किसी नहीं की थी। मुख्यमंत्री के नाम का सस्पेंस 12 वें दिन खत्म किया गया। सप्ताह भर तक नाम को गुप्त रखा गया। पार्टी ने विचार करके और आरएसएस की सिफारिश पर ही दिल्ली के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से चुनी गईं रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की। हालांकि, वरिष्ठता के लिहाज से रेखा गुप्ता अन्य विधायकों के मुकाबले बहुत जूनियर हैं। रेखा के नाम की जब घोषणा हुई, कई के चेहरे की रंगत बदल गई। भाजपा ने एक और नई परंपरा शुरू की है। चुनाव जीतने के बाद राज्यों में किसी बड़े चेहरे को मुख्यमंत्री के पद पर न बिठाने की। दिल्ली में भी कई प्रचलित व दिग्गज नेता मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे लेकिन उनके दावे धरे रह गए। अब मुख्यमंत्री बनने के बाद रेखा गुप्ता के समक्ष सियासी कौशल साबित करने की चुनौती है। चुनाव अभियान के दौरान दिल्ली के मतदाताओं से किए गए पार्टी के वायदों को जमीन पर उतारना सबसे बड़ी चुनौती है जिनमें फ्री की योजनाएं, बिजली-पेयजल की समस्या से निबटना, यमुना की सफाई, बेरोजगारी जैसे बड़े मसले शामिल हैं। इसके साथ परीक्षा आम आदमी पार्टी की भी है। पार्टी का गठन होते ही सत्ता में पहुंच जाने वाली पार्टी को अबतक विपक्ष का कोई अनुभव नहीं है और अब उसे यह साबित करना होगा कि विपक्ष की भूमिका में वे कितने सक्षम हैं। भाजपा का चुनाव जीतने के बाद अंत तक मुख्यमंत्री के नाम को सार्वजनिक नहीं करने की चौंकाने वाली शैली इस समय चचाओं में है। ये सिलसिला बीते कुछ वर्षों से लगातार जारी है। पिछले ही साल मध्य प्रदेश और राजस्थान में इसी शैली ने सबको चौकाया था। मप्र में डॉ. मोहन यादव, राजस्थान में भजनलाल शर्मा को सामने लाकर पार्टी ने प्रदेशों में खलबली मचा दी थी। उन तीनों राज्यों के निर्णयों में एक बात जो कॉमन थी वह यह कि तीनों ही मुख्यमंत्री आरएसएस और भाजपा की राजनीतिक-संस्कृति में पले-बढ़े हैं। तीनों नाम संघ-भाजपा की आपसी सहमति से तय हुए। पेशे से वकील रेखा गुप्ता सालों से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से जुड़ी रही हैं। हरियाणा के जींद जिला स्थित नंदगढ़ में जन्मी रेखा गुप्ता को लेकर भाजपा ने मास्टर स्ट्रोक खेला। इस समय देश की ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं लेकिन इनमें किसी में महिला मुख्यमंत्री नहीं है। इसलिए राजधानी में महिला को मुख्यमंत्री बनाकर उस कमी को भाजपा ने दूर किया है। विपक्षी दल ये आरोप लगाते आए थे कि भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है, पर निभाती नहीं। पार्टी ने जातीय समीकरण को देखकर ही रेखा गुप्ता का चयन किया है। वह वैश्य समाज से संबंधित हैं और दिल्ली में वैश्य बहुतायत संख्या में है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी वैश्य थे, उनकी काट पार्टी ने रेखा के जरिए की है। वैश्य समुदाय से जुड़े पार्टी के एक अन्य वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता के नाम पर भी विचार हुआ, तब भी इस समीकरण को साध सकते थे लेकिन महिला होने के नाते रेखा गुप्ता का पलड़ा भारी पड़ा।

# डीआईजी ने कतरास थाना का किया निरीक्षण, दिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश

## गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली कहा, अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करें

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**कतरास :** गुरुवार को बोकारो डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने धनबाद जिला के बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत कतरास थाना का निरीक्षण किया। जहाँ सबसे पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी दी गई। इस दौरान उन्होंने कतरास सर्किल इंस्पेक्टर के कार्यों की फाइलों की जांच की और थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने और थाने के भवन की रंगाई-पुताई और मरम्मत कराने पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ अच्छे व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए थाना प्रभारी को आदेश दिए। डीआईजी ने बीसीसीएल एरिया के अंतर्गत सभी कार्यालयों के रखरखाव और रंगाई-पुताई की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के मामले में बीसीसीएल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। डीआईजी ने अवैध खनन पर विराम लगाने तथा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने की बात कही। कहा कि सबूत को मजबूत बनाने की दिशा में पहल करें तथा जो अपराधी सलाखों के पीछे नहीं हैं, उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाए। जाम की समस्या पर चर्चा करते हुए जन जागरूकता फैलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि जन जागरूकता और सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनी रहेगी। स?क जाम की समस्या से भी निपटारा मिलेगा। बताया जा रहा है कि डीआईजी का यह निरीक्षण क्षेत्र की सुरक्षा और प्रशासनिक कार्यों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

## एक नजर

### बैंक ऑफ़ इंडिया में 24 एवं 25 फरवरी को दो दिवसीय घोषित हड़ताल को सफल करने एवं मांगों के समर्थन में विशाल प्रदर्शन




**बोकारो :** फेडरेशन ऑफ़ बैंक ऑफ़ इंडिया स्टाफ यूनियंस जो कि ऑल इंडिया बैंक इम्पलाईज एसोसिएशन (एआईबीए) से संबद्ध बैंक ऑफ़ इंडिया में कार्यरत आधिकारिक कर्मचारी संगठन है। फेडरेशन द्वारा लंबे समय से बैंक ऑफ़ इंडिया प्रबंधन को अपनी मांगों से अवगत कराया जाता रहा है, जिसमें अन्य मांगों के अलावा यह प्रदर्शन मूलतः ग्राहक सेवा में सुधार हेतु सभी संवर्गों में समुचित बहाली, बैंक प्रबंधन द्वारा लगातार द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन आदि मुख्य मांगे शामिल हैं। किंतु प्रबंधन द्वारा कोई ठोस सकारात्मक पहल नहीं किए जाने पर फेडरेशन को आंदोलन की राह पकड़ने के लिए बाध्य में होना पड़ा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 20.2.2025 को पूरे भारतवर्ष के बैंक ऑफ़ इंडिया के आंचलिक कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन एवं तदोपरांत बैंक ऑफ़ इंडिया के प्रबंध निदेशक ह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के नाम सभी आंचलिक प्रबंधक के माध्यम से सामूहिक ज्ञापन दिया जा रहा है। इस संदर्भ में बोकारो आंचलिक कार्यालय के समक्ष भी बैंक आफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन झारखंड स्टेट के बैनर तले एक विशाल प्रदर्शन किया गया। जिसमें काफी संख्या में चास- बोकारो में अवस्थित शाखाओं के कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारा लगाया एवं आंचलिक प्रबंधक को अपनी मांगों के संदर्भ में स्मार पत्र दिया। मांगो के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए बैंक आफ इंडिया ईप्लाइज यूनियन झारखंड स्टेट के सहायक सचिव राकेश मिश्रा ने कहा कि बैंकों में कर्मचारियों की संख्या दिन प्रतिदिन घट रही है जिससे जहां ग्राहक सेवा बाधित हो रहा है, वही कार्यरत कर्मचारियों पर कामका आनावश्यक अत्यधिक बोझ बढ़ता जा रहा है एवं तनाव में जीने को वह अभिशप्त हो गए हैं। साथ ही स्थाई बहाली नहीं होने से पढ़े लिखे लोगों को रोजगार से भी वंचित होना पड़ रहा है। हमारी मांगों में मुख्य मांग है कि 27.12 .2021 को केंद्रीय श्रमायुक्त के समक्ष प्रबंधन द्वारा किए गए समझौता को अविलंब कार्यान्वित किया जाए, जिसमें पहली मांग है कि बेहतर ग्राहक सेवा के लिए अभिलंब सभी संवर्गों में समुचित बहाली करने की तय किए गए प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाए। अन्य मांगों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि बैंक प्रबंधन द्वारा समझौता में स्पष्ट रूप से यह वचन दिया गया है कि प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा तथा सभी समझौता का अक्षरसः पालन किया जाएगा किंतु प्रबंधन द्वारा ठीक इसके विपरीत सभी कार्य किया जा रहे हैं एवं कर्मचारियों के प्रति आए दिन भेदभाव किया जा रहा है। बैंकिंग कार्य प्रणाली में मनमाने रूप से समझौते के विपरीत आए दिन एक तरफा निर्णय लादे का प्रयास किया जा रहा है। हम इसका विरोध करते हैं तथा मांग करते हैं प्रबंधन द्वारा किए गए समझौतो का अक्षरशः पालन किया जाए साथ ही या मांग करते हैं कि बैंक द्वारा दिए जाने वाले अन्य वित्तीय सुविधाओं में भी प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के साथ जो भेदभाव किया जा रहा है इससे अभिलंब बंद किया जाए एवं बैंकों द्वारा दिए जाने वाले वित्तीय लाभों में कर्मचारियों को वाजिब हिस्सेदारी दी जाए। आए दिन बैंकों की सुरक्षा काफी चिंतनीय होती जा रही है इसलिए हमारी मांग है कि बैंक की सभी शाखाओं में अभिलंबरी आर्म गार्ड की बहाली की जाए। उन्होंने आगे कहा कि हमारा आंदोलन बैंक हित, ग्राहक हित एवं कर्मचारी हितों के रक्षार्थ किया जा रहा है। अगर प्रबंधन इसके बावजूद भी सचेत नहीं होती है तथा हमारी वाजिब मांगों पर समुचित ध्यान नहीं देती है तो घोषित आंदोलनात्मक कार्यक्रम के अनुसार आगामी 24 एवं 25 फरवरी 2025 को दो दिवसीय पूर्ण हड़ताल किया जाएगा। इसके बावजूद भी यदि प्रबंधन सकारात्मक पालन नहीं करती है तो आंदोलन को और भी तीव्रतर किया जाएगा, संघर्ष और भी धारदार होगा जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी बैंक प्रबंधन की होगी।

बोकारो अंचलिक कार्यालय के समक्ष हुए आज के प्रदर्शन में प्रमुख रूप से राकेश मिश्रा, प्रियंका कुमारी, इंद्रजीत चौधरी, अजय कुमार, प्रेम कुमार, विनय कुमार, मनोज सिंह, राजेश प्रसाद, शशि भूषण मिश्रा, पूनम देवी, ममता राउत, शोभा सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, हसन रजा कलीम , परमहंस, मनोज कुमार, संतोष दांडी, विनोद कुमार, संजीव कुमार, विद्यासागर, ठाकुरदास बेदिया, राजेश दास, जितेंद्र प्रमाणिक के साथ-साथ अन्य सैकड़ो साथी गण उपस्थित थे. ......81

### जमीन और पानी की कमी को दूर करेगा हवा में सब्जी उगाने की तकनिक

**सिमडेगा –** डाक बंगला परिसर में गुरुवार को इंटरनेशन ह्यूमन राईट एंड एंटी क्रप?शन संस?था द्वारा हवा में सब?जी उगाने को लेकर एक दिवसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुख?य अतिथि के रुप में जिप सदस?य जोसिमा खाखा उपस्थित...82

### हवन, पूजन व भंडारे के साथ रूद्र महायज्ञ का समापन, बडी संख्या मे भंडारे मे जुटी भीड

**बरवाअड्डा।** क्षेत्र अंतर्गत छोटा पिछरी शिव मंदिर प्रांगण मे आयोजित माँ पार्वती,गणेश कार्तिक,हनुमान, नंदी महराज मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ हवन, पूजन एवं भंडारे के साथ गुरुवार को संपन्न हुआ। यज्ञ पूर्णाहुति के पूर्व विधि विधान से देवी देवताओ की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। प्राण प्रतिष्ठा में सैक?ें श्रद्धालु साक्षी बने। महाभंडारे में प्रसाद ग्रहण के लिए ब?ी संख्या मे लोग जुटे। देर शाम तक भंडारे का कार्यक्रम चलता रहा। महायज्ञ को संपन्न कराने में जिप सदस्य स्वाति कुमारी, भाजपा नेता दिलीप चौधरी समेत सैक?ो प्रबुद्ध ग्रामीणों का अथक सहयोग रहा।

## अग्रगामी झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के रीजनल सचिव ने सीएमडी व डीपी का पुतला दहन करने की दी चेतावनी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**कतरास :** कर्मचारियों के वेतन से काटे गए राशि का अविलंब भुगतान करने, सीएमपीएफ का डीएचएफएल कंपनी में डूबे 727.67 करोड़ के दोषी अधिकारियों के नाम एवं दोषी अधिकारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने, आऊटसोर्सिंग के मजदूरों को हाई पावर कमेटी द्वारा निर्धारित वेतन भुगतान करने सहित 14 सूत्री मांग पत्र अग्रगामी झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के रिजनल सचिव महेश कुमार ने 12 नवंबर 2024 को बीसीसीएल के अध्यक्ष -सह-प्रबंध निदेशक(सीएमडी) कोयला भवन, धनबाद को दिया था। बताया कि मामले को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे बीसीसीएल प्रबंधन मजदूरों से संबंधित समस्या में कोई रूचि नहीं ले रहे हैं। बताया कि मामले को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे बीसीसीएल प्रबंधन मजदूरों से संबंधित समस्या में कोई रूचि नहीं ले रहे हैं।कहा कि यदि 10 दिनों के अंदर 14 सूत्री मांग पर समाधान नही किया गया तो संघ बाध्य होकर 03 मार्च 2025 को अपराह्न 12 बजे से 1 बजे तक कोयला भवन के समक्ष अध्यक्ष -सह-प्रबंध निदेशक(सीएमडी), भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, कोयला भवन धनबाद एवं निदेशक कार्मिक, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, धनबाद का पुतला दहन किया जायेगा, जिसका सारा जवाबदेही बीसीसीएल प्रबंधन का होगा।

## सात्विक आईभीएफ पहुँचने पर डॉ नेहा प्रियदर्शिनी एवं पूरी टीम ने सरयू राय का किया अभिनंदन

**कतरास :** सात्विक आईभीएफ धनबाद के 10 वर्ष पूरे होने पर पूर्व मंत्री सह वर्तमान जमशेदपुर पश्चिमी विधायक श्री सरयू राय सिटी सेंटर धनबाद पहुँचे। इस अवसर पर सरयू राय ने सात्विक आईभीएफ की संचालिका डॉ नेहा प्रियदर्शिनी को आशीर्वाद दिया।

ज्ञात हो कि सात्विक आईभीएफ का उदघाटन 10 वर्ष पूर्व सरयू राय के हाथों ही किया गया था। सेंटर पहुँचने पर आईभीएफ की संचालिका डॉ नेहा प्रियदर्शिनी और उनकी पूरी टीम ने श्री राय को मधुबनी पेंटिंग एवं बुके देकर सम्मानित किया।

सेंटर पहुँचने पर श्री राय ने विगत 10 वर्ष के क्रियाकलापों की जानकारी ली, जिसे देखकर उन्होंने काफी प्रसन्नता जाहिर की।



उन्होंने पूरे टीम को बधाई दी। साथ ही राष्टीय स्तर पर डॉ नेहा को एवार्ड मिलने पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर डॉ विश्वनाथ चौधरी, बिजय कुमार झा, डॉ शिवानी झा, डॉ धीरज चौधरी, अनंत श्रीकृष्णा, न्युट्रिशयन मनीषा मीनू, सुशील सिंह,पिंटू सिंह, रामस्वरूप यादव, अरविन्द सिंह, नवनीत सिंह, दिनेश धारी, पुष्पा पाण्डेय एवं सात्विक आई भी एफ के अभिनाश कुमार, धीरज सिंह, राजू दत्ता, अमित पासवान, जीतेन्द्र कुमार, मधु कुमारी,अन्नू कुमारी, देवराज कुमार, अनिता सिंह, रतन कुमार उपस्थित थे।

## परियोजना निष्पादन में सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखने और साझा करने के लिए दो दिवसीय एलईओ कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो :** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में परियोजना निष्पादन मं सर्वोत्तम प्रथाओं को सीखने और साझा करने के लिए दो दिवसीय स्थ्रुह कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रँगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) अनीष सेनगुप्ता के साथ वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यशाला में डीएसपी, आईएसपी, बीएसपी, आरएसपी, कॉर्पोरेट कार्यालय और बीएसएल सहित सेल की विभिन्न इकाइयों के कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में संकाय के रूप में आईएसपी के पूर्व अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) एके दासगुप्ता, ने अपने परियोजना निष्पादन के अनुभवों को सभी प्रतिभागियों के साथ साझा किया। मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) मनीष जलोटा ने मुख्य अतिथि तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के रुपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) अनीष सेनगुप्ता ने कहा कि पुरे सेल में बड़े पैमाने पर आधुनिकीकरण का काम प्रस्तावित है तथा ऐसे में इस कार्यशाला के आयोजन से पूरे संगठन को लाभ होगा। अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा ने इस कार्यशाला को उपयोगी बताया।

## दिव्यांगता जांच - पेंशन शिविर का आयोजन 24 फरवरी से

### आहर्ताधारीयों का सभी तरह के पेंशन के लिए प्राप्त किया जाएगा आवेदन, दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी होगा जारी

**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में दिव्यांगता जांच ड्ढ पेंशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में क्षेत्र के योग्य लाभुकों का शत-प्रतिशत पेंशन स्वीकृति (मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना एवं ॥ढ्ढ्रङ्क/ढ्ढष्ठस् पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन) एवं स्वीकृत पेंशनधारियों का जिन्हें किसी कारणवश पेंशन भुगतान नहीं हो पा रहा है, का त्रुटि निराकरण संबंधित आवेदनों का जाँचों परांत नियमानुसार निष्पादन किया जायेगा। साथ ही, शिविर में स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना से आच्छादित करने हेतु पेंशन फॉर्म भी उक्त शिविर में भरा जायेगा। शिविर में दिव्यांग प्रमाण-पत्र भी जांच कर जारी किया जाएगा।

आयोजित शिविर में विभागीय कर्मचारी/चिकित्सक पूर्वा0 10ः30 बजे से अप0 04ः00 बजे तक उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करेंगे। इसको लेकर संबंधितों को जरूरी व्यवस्था को लेकर पत्र जारी किया गया है।

लाभुक निम्न दस्तावेजों को लेकर शिविर में पहुंचेः- आधार कार्ड/मोबाईल नं0,फोटोग्राफ,

बैंक खाता, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र,आवासीय प्रमाण-पत्र । निम्न तिथियों को निम्न स्थानों पर दिव्यांगता जांच - पेंशन शिविर का होगा आयोजन 24 फरवरी दिन सोमवार - स्थान - समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोमिया। दिनांक - 25.02.2025 मंगलवार - स्थान - समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चास। दिनांक - 27.02.2025 गुरुवार - स्थान - समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नावाडीह । दिनांक - 28.02.2025 शुक्रवार - स्थान - प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नावाडीह।

दिनांक - 01.03.2025 शनिवार - स्थान - रामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पेटवार। दिनांक - 03.03.2025 सोमवार - स्थान - चास नगर निगम, चास, बोकारो, दिनांक - 04.03.2025 मंगलवार - स्थान - समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चन्दनकियारी। दिनांक - 05.03.2025 बुधवार - स्थान - प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिण्ड्राजोरा।दिनांक - 06.03.2025 गुरुवार - स्थान - समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेरमो । दिनांक - 07.03.2025 शुक्रवार - स्थान - प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिरा चास। दिनांक - 08.03.2025 शनिवार - स्थान - प्रा0 स्वा0 केन्द्र, चतरोचट्टी, गोमिया। दिनांक - 10.03.2025 सोमवार - स्थान - प्रा0 स्वा0 केन्द्र, चतरोचट्टी, टुपरा (चास)। दिनांक - 11.03.2025 मंगलवार - स्थान - समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जरीडीह। दिनांक - 12.03.2025 बुधवार - स्थान - शहरी सामुदायिक स्वा0 केन्द्र, सेक्टर-6 बी0एस0 सिटी।

## दूसरे दिन प्रयागराज समस्त तीर्थो का राजा है। जिनकी पत्नी श्रद्धा और मंत्री सत्य के रुप में विराजमान हैः उत्तम कृष्ण शास्त्री





**एग्यारकुंड ।** जुनकुंदर ब्रह्मस्थान स्थित मंगल मूर्ति धाम में आयोजित श्री शिव महापुराण के दूसरे दिन गुरुवार को परम पूज्य उत्तम कृष्ण शास्त्री ने प्रयागराज की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज धर्म का महान क्षेत्र है। जहां गंगा,यमुना और सरस्वती नदियों का पवित्र समागम है। कहा कि प्रयागराज समस्त तीर्थो का राजा है। जिनकी पत्नी श्रद्धा और मंत्री सत्य के रुप में विराजमान है। जब जीवन में सत्ता का परिचय कराने वाला मंत्री हो और श्रद्धा जैसी प्रिय नारी हो तो राजा की महिमा अत्यंत श्रेष्ठ हो जाती है। ऐसे पावन तीर्थ में समस्त देवी देवता माघ संक्रांति के समय अपने रुपों को बदलकर स्नान करने के लिए आते हैं। स्नान करके अपने समस्त पापों को नष्ट करते हैं। भागीरथी गंगा सभी पापों को नष्ट करने वाली है। ऐसे पावन तीर्थ का उल्लेख करते हुए उन्होंने शिव लिंग उत्पत्ति का वर्णन किया। कहा कि ब्रह्मा और विष्णु जी के बीच बड़ा होने का अहम भाव प्रकट होता है तो भगवान शिव अग्नि स्तंभ के रुप में ज्योर्तिलिंग के रुप में प्रकट होते हैं। उसी तिथि को शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को प्रथम शिवलिंग का पूजा हुआ था। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि का पावन व्रत संयमित और नियंत्रित होने के लिए करना चाहिए। मनुष्य को मन, वचन और कर्म से भगवान शिव को पूजन करते हुए सारा दिन व्यतीत करें। अपने जीवन को शिव भक्ति से जोड़े। मोबाइल जब से आया है। समाज में झूठ का प्रचलन हो गया है। ब्रह्मण का जीवन त्यायगम होनी चाहिए। क्षेत्रीय भी अपने कार्य से विमुख हो गया है। धन कमाना जरुरी है लेकिन धन को धर्म से जोड़ना परम आवश्यक है। मुख्य यजमान के रुप में डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत के पूर्व मुखिया अजय पासवान, उनके पत्नी मुखिया संगीता पासवान थीं। मौके पर आचार्य मनीष शर्मा, अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रामजी राय, शिवरतन प्रसाद, अमन सिंह, संजय सिन्हा, अजय सिंह, गोविंद पासवान, दिलीप सिंह, उपाध्याय भरत सिंह, गुड्डू सिंह, रिंटू पाठक, राजू चौहान, इंद्रदेव प्रसाद, वीरेंद्र अटल, भोला चौहान, पप्पू शर्मा, दनोज ठाकुर, मंटू ठाकुर, शैलेश सिंह, रामप्रवेश ठाकुर, अरुण मोदी, वीरु राय, रवि महतो, संतोष प्रसाद, राजेश्वर साव, अखिलेश यादव, धीरज सिंह, राजू रक्षित, कमलेश यादव, ब्रह्मदेव गोप, स्वरुप सरकार, कमलदीप चौहान, संजय चौहान, सुदामा प्रसाद, बुबाई मुखर्जी, आदित्य, ललकू रवानी, राजाराम नोनिया, यश, अमन, राजा, नागेश्वर रजक, आयुष ।

## डीपीएस बोकारो का अक्षत नेशनल टॉपरों में शामिल

### राष्ट्रीय वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रवृत्ति मूल्यांकन परीक्षा -

**बोकारो :** डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः राष्टीय स्तर पर अपनी मेधाविता एवं वैज्ञानिक प्रतिभा का लोहा बनवाया है। नॉलेज एंड अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म (केएएमपी) की ओर से आयोजित राष्टीय वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रवृत्ति मूल्यांकन परीक्षा (एनएएसटीए) में लगातार तीसरे साल डीपीएस बोकारो का दबदबा झारखंड में बरकरार रहा। इस वर्ष छात्र-छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्टेट ही नहीं, नेशनल टॉपरों में भी अपना नाम दर्ज कराने में कामयाबी पाई है। वहीं, कुल 29 छात्र-छात्राएं सफल रहे। नेशनल असेसमेंट फॉर साइंटिफिक टेम्प्रामेंट एंड एप्टीट्यूड (एनएएसटीए) - 2024 में पांचवी कक्षा के छात्र अक्षत प्रियदर्शी को



नेशनल टॉपर रैंक-2 के साथ सर्टिफिकेट ऑफ आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस प्रदान किया गया है। उसे ओवरऑल ग्रेड ए प्लस मिला तथा नेशनल अवॉर्ड कैटेगरी के लिए चयनित किया गया। इसके अलावा, विद्यालय की छठी कक्षा के छात्र आदित्य राज, पांचवी के अनिकेत सिंह एवं चौथी कक्षा के ध्रुव श्रीवास्तव ने रैंक- 1 के साथ संबंधित कैटेगरी में स्टेट टॉपर होने का गौरव हासिल किया। वहीं, कक्षा 7 की छात्रा अंशुला श्री भी रैंक- 2 के साथ स्टेट टॉपरों में शामिल रही। सभी स्टेट टॉपरों को सर्टिफिकेट ऑफ स्टेट एक्सीलेंस दिया गया है। इन सभी विद्यार्थियों को जल्द ही नई दिल्ली बुलाकर सम्मानित किया जाएगा।

देशभर से एक हजार स्कूलों के विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा

उल्लेखनीय है कि बीते 07 दिसंबर, 2024 को आयोजित एनएएसटीए- 2024 में देशभर के लगभग एक हजार स्कूलों के कक्षा 3 से 12 तक के लाखों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इसका परिणाम बुधवार शाम को जारी किया गया। परीक्षा में उक्त विद्यार्थियों के अलावा कक्षा 3 की प्राणिद्य कुमारी मिश्रा, शैलजा शान्वी, अथर्व कश्यप, कक्षा- 4 के हर्षित ठाकुर, रुद्र व गेडेला वेदांतिका, कक्षा 5 के आरव रंजन, शिवराज शेखर, प्रसून भूषण, कक्षा 6 से अंसुरी साधु, शिवांश प्रधान, सजग सूर्यांश पांडेय, कक्षा 7 के आदित्य भारद्वाज, अभिज्ञान, दिव्यांश वर्मा, कक्षा 8 के आदित्य लाल, अथर्व कुमार, यशस्वी कुमार, नौंवी कक्षा से पहल लता, रौनक राज, ऋषभ राज, कक्षा 11 के ऋषित शॉ, ऋद्धिम गुप्ता एवं आयुष सुमन ने भी सफलता पाई है।

केएएमपी-एनएएसटीए - एक महत्वपूर्ण पहल

बता दें कि केएएमपी-एनएएसटीए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत सीएसआईआर (काउंसिल फॉर साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) तथा एनआईएसपीआर (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन पॉलिसी रिसर्च) की एक महत्वपूर्ण पहल है। एनएएसटीए का उद्देश्य छात्रों।

## मध्य प्रदेश के बाद अब गोवा में भी टैक्स फ्री हुई छावा, सीएम प्रमोद सावंत ने किया एलान



विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' मध्य प्रदेश के बाद अब गोवा में भी टैक्स फ्री हो चुकी है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार शाम को छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती के अवसर पर एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से इसकी घोषणा की। इससे पहले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म को अपने राज्य में कर मुक्त कर दिया है।

**मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने 'छावा' को किया टैक्स फ्री:** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन और बलिदान पर आधारित फिल्म छावा गोवा में कर-मुक्त होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह फिल्म संभाजी महाराज की वीरता और साहस को दर्शाती है, जिन्होंने देव, देश और धर्म के लिए मुगलों और पुर्तगालियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।

**देवेंद्र फणडवीस ने छावा को लेकर कही ये बात:** इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी फिल्म छावा को टैक्स-फ्री करने की अपील का स्वागत किया था। उन्होंने फिल्म की ऐतिहासिक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जनता से फिल्म के बारे में अच्छे फीडबैक सुने हैं। सीएम फडणवीस ने कहा, मैं खुश हूं कि छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर बहुत ही अच्छी फिल्म बनाई गई है। हालांकि, मैंने इसे अभी तक नहीं देखा है, लेकिन मुझे जो प्रतिक्रिया मिली है, वह बताती है कि इस फिल्म में इतिहास को विकृत नहीं किया गया है। इसके साथ ही फडणवीस ने यह भी जानकारी दी कि महाराष्ट्र ने 2017 में पहले ही एंटरटेनमेंट टैक्स हटा दिया था और अब वे यह देखेंगे कि फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक कैसे पहुंचाया जा सकता है।

**'छावा' जल्द छुएगी 200 का आंकड़ा:** विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' ने रिलीज के तीसरे दिन ही 100 करोड़ का आंकड़ा बॉक्स ऑफिस पर पार कर लिया था। अब यह जल्द ही 200 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो जाएगी। फिल्म ने अब तक बॉक्स ऑफिस से 197.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उटेकर ने किया है। छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा रश्मिका मंदाना ने येसूबाई भोसले, अक्षय खन्ना ने औरंगजेब, डायना पेंटी ने जिनत-उन-निसा बेगम, दिव्या दत्ता ने सोयराबाई, विनीत कुमार सिंह ने कवि कलश और आशुतोष राणा ने हंबीरराव मोहिते का किरदार निभाया है।

# छह महीने किया इंतजार फिर अभिषेक बच्चन से छीन ली स्क्रिप्ट

## निर्माता ने बताया दिलचस्प किस्सा



बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन को मुंबई से आया मेरा दोस्त फिल्म में देखा गया था। इस फिल्म को लेकर फिल्ममेकर अपूर्व लाखिया ने एक किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि एक बार उन्होंने अभिषेक बच्चन के हाथ से स्क्रिप्ट छीन ली थी।

### निर्माता को बनानी थी मुंबई से आया मेरा दोस्त

फ्राइडे टॉकीज के साथ बातचीत में निर्माता अपूर्व लाखिया ने बताया कि मुंबई से आया मेरा दोस्त फिल्म के लिए उन्होंने अभिषेक बच्चन को कास्ट करने के बारे में सोचा। उन्होंने बताया कि पहलाज निहलानी के बेटे विक्की ने इस फिल्म को प्रोड्यूस करने का ऑफर उन्हें दिया था। फिल्म का ब्रीफ सुनने के बाद सभी अभिषेक बच्चन के नाम पर तैयार हो गए।

### अभिषेक बच्चन को भी पसंद आई स्क्रिप्ट

फिल्म निर्माता ने बताया कि इस फिल्म की स्क्रिप्ट अभिषेक बच्चन को भी बहुत पसंद आई थी। इसके बाद भी जब छह महीने तक स्क्रिप्ट आगे नहीं बढ़ी, तो उन्हें लगा कि अभिषेक फिल्म के लिए हां ही कहेंगे क्योंकि उन्होंने फिल्म में अपना बहुत सारा समय इस फिल्म में लगाया है।

### अभिषेक ने किया फोन

फिल्म निर्माता ने बताया कि एक हफ्ते बाद अभिषेक ने फोन किया और कहा कि इस फिल्म जरूर बननी चाहिए लेकिन मेरे साथ नहीं। इसके बाद निर्माता को गुस्सा आ गया था।

उन्होंने कहा कि मुझे उन पर गुस्सा आया मैंने उसके हाथ से स्क्रिप्ट छीन ली। उन्होंने कहा, इस वाकये के एक हफ्ते बाद अभिषेक बच्चन की टीम से फोन आया और इसके बाद जो हुआ सभी को पता है।


### अभिषेक बच्चन का वर्कफ्रंट

अभिषेक बच्चन की फिल्म मुंबई से आया मेरा दोस्त साल 2003 में रिलीज हुई थी। फिल्म में अभिषेक के साथ लारा दत्ता और चंकी पांडे भी नजर आए थे। अभिषेक के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें पिछले साल 2024 में आई आई वॉन्ट टू टॉक में देखा गया था।

## रणवीर अल्लाहबादिया की कंट्रोवर्सी के बीच विशाल ददलानी ने सरकार पर कसा तंज-वो ऑनलाइन कंटेंट पर कंट्रोल करना चाहती



कॉमेडियन समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में पिछले दिनों यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया ने एक विवादित और अश्लील टिप्पणी की थी, जिसके बाद उनकी कड़ी आलोचना हुई। साथ ही पुलिस में कई शिकायतें भी दर्ज हुई। वहीं, अब हाल ही में सिंगर विशाल ददलानी, रणवीर अल्लाहबादिया की कंट्रोवर्सी पर अपने विचार व्यक्त करते नजर आए और सरकार पर तंज कसते दिखे। विशाल ददलानी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के पोस्ट में समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया का जिक्र करते हुए लिखा- 'यह सब पाखंड, बकवास है। सरकार ऑनलाइन कंटेंट पर कंट्रोल करना चाहती है। सरकार लंबे समय से ऐसा करने की कोशिश कर रही है और बार-बार रोकी जा रही है। लेकिन टीवी पर जो गुस्सा दिखाया जा रहा है, उसकी लहर में हमारी मासूम जनता अपनी आजादी खो रही है।' विशाल ददलानी ने आगे लिखा, 'कुंभ में भगदड़-मौते क्या हैं? समझे?' दरअसल, पिछले दिनों महाकुंभ में भगदड़ मची थी, जिसमें कई लोगों की जान चली गई।



# शाहरुख खान ने इस बॉलीवुड अभिनेता से रेंट पर लिए अपार्टमेंट

## किराया जानकर हो जाएंगे हैरान

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने मुंबई के खार के पाली हिल एरिया में दो आलीशान डुप्लेक्स अपार्टमेंट किराए पर लिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें तीन साल के लिए 8.67 करोड़ रुपये का किराया इस अपार्टमेंट के लिए देना होगा।

### इस अभिनेता से ली प्रॉपर्टी

खबरों की मानें तो एक डुप्लेक्स उन्हें एक्टर प्रोड्यूसर जैकी भगनानी और उनकी बहन दीपिका से शाहरुख खान ने लीज पर लिए हैं। वहीं, दूसरा डुप्लेक्स शाहरुख खान ने फिल्म निर्माता वाशु भगनानी से लिया है।

### लाखों में है किराया

एक्टर और प्रोड्यूसर जैकी भगनानी की प्रापर्टी का किराया 11.54 लाख रुपये है। वहीं, वासु भगनानी के अपार्टमेंट का किराया प्रति माह 12.61 लाख रुपये प्रति माह देंगे। दोनों डुप्लेक्स पूजा कासा नामक इमारत में हैं और पहली, दूसरी, सातवीं और आठवीं मंजिल पर स्थित हैं।

### अथॉरिटीज से मांगी इजाजत

खबरों की मानें तो खान परिवार अपने घर को और भी भव्य बनाने की सोच रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान की पत्नी और मशहूर इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान ने पिछले महीने महाराष्ट्र तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (MCZMA) को एक आधिकारिक आवेदन दिया था। इसमें ऊपर दो अतिरिक्त मंजिलों के निर्माण की अनुमति मांगी गई है। इस आवेदन पर 10 और 11 दिसंबर को बैठक कर आवेदन की समीक्षा की गई है।

### अब 6 नहीं 8 मंजिल का होगा मन्नत

शाहरुख खान का घर अभी 6 मंजिल का बना हुआ है। इस घर को साल 1914 में बनाया गया था। घर को बढ़ाने के लिए गौरी खान ने इजाजत मांगी है। मन्नत 2091.38 वर्ग मीटर में बना है। इस घर को गौरी खान 6 से 8 मंजिल तक बढ़ाना चाहती हैं। बात करें अभिनेता के वर्कफ्रंट की तो वे सुजॉय घोष की एक्शन फिल्म किंग पर काम कर रहे हैं। फिल्म से उनकी बेटी सुहाना खान भी बिग स्क्रीन डेब्यू करने वाली हैं।

# फ्लोरल बिकिनी में समंदर की लहरों में इतराईं मौनी रॉय, कर्वी फिगर देख फैंस के छूटे पसीने

बॉलीवुड और टीवी की पॉपुलर हसीना मौनी रॉय फैशन और बोल्डनेस में किसी से कम नहीं हैं। मौनी रॉय की बॉडी परफेक्ट बिकिनी फिगर है। हाल ही में मौनी रॉय ने अपने बिकिनी लुक से इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है। हर कोई उनके हुस्न के दीवाने बन चुके हैं। हाल ही में मौनी ने अपनी नई फोटोज शेयर कर फैंस के बीच तहलका मचा दिया है। ये फोटोज बीच लुक की है जिसमें वह कहर ढा रही हैं। मौनी ने इन फोटोज में पिंक बिकिनी पहनी है लेकिन अपनी आधी बॉडी को कवर कर रखा है जिसमें वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। वेकेशन की इन तस्वीरों में बिकिनी पहने लहरों से खेलती नजर आई। वहीं उनका परफेक्ट फिगर देख फैंस के पसीने छूट गए हैं। मौनी रॉय ने अपने करियर की शुरुआत टीवी की दुनिया से की थी, लेकिन उन्हें सीरियल नागिन से मिली। इस शो में मौनी नागिन बनकर टीआरपी पर राज करती दिखीं। इसके बाद वह फिल्मों में नजर आईं।वह रियलिटी शो टेम्पटेशन आइलैंड में भी दिखी थीं।

बॉलीवुड और टीवी की पॉपुलर हसीना मौनी रॉय फैशन और बोल्डनेस में किसी से कम नहीं हैं। मौनी रॉय की बॉडी परफेक्ट बिकिनी फिगर है। हाल ही में मौनी रॉय ने अपने बिकिनी लुक से इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है। हर कोई उनके हुस्न के दीवाने बन चुके हैं। हाल ही में मौनी ने अपनी नई फोटोज शेयर कर फैंस के बीच तहलका मचा दिया है। ये फोटोज बीच लुक की है जिसमें वह कहर ढा रही हैं। मौनी ने इन फोटोज में पिंक बिकिनी पहनी है लेकिन अपनी आधी बॉडी को कवर कर रखा है जिसमें वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं।



## जिलेवासियों को जल्द मिलेगा ट्रैफिक जाम से मुक्ति, एसपी के स्तर से ट्रैफिक थाना खोलने का भेजा गया प्रस्ताव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के लोगों को अब जाम से मुक्ति दिलाने के लिए पुलिस विभाग एक्टिव हो गई है। जहां गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में जानकारी देते हुए बताया कि बहुत जल्द जिले में ट्रैफिक थाना खुलने की कवायद शुरू कर दी जाएगी। आगे उन्होंने बताया कि इसको लेकर पुलिस मुख्यालय रांची को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है जहाँ से स्वीकृति मिलते ही इसकी कवायद शुरू कर दिया जाएगा।

वही उन्होंने बताया कि ट्रैफिक थाना में 50 होमगार्ड जवानों की तैनाती की जाएगी जहां सभी होमगार्ड जवान को शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर तैनात किया जाएगा जिससे शहर में लगने वाले जाम से शहरवासियों को निजात मिलेगी।

# डीएसडब्लू ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की, दिए जरूरी निर्देश



**गिरिडीह :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सेविका / सहायिका चयन, सेविका/सहायिका मानदेय एवं पोषाहार की स्थिति, पोषण ट्रैकर एप पर एंट्री, सहित अन्य क्रियान्वित कार्यों/योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि विभाग द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है, उन सभी में लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही नहीं बरतें। इसके अलावा उन्होंने 0-5 वर्ष तक के बच्चों की वजन की स्थिति एवं एमटीसी में भर्ती, लाभार्थियों के आधार सत्यापन, लाभार्थियों के मोबाइल सत्यापन, गृह भ्रमण, पोषाहार वितरण, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस एवं समुदय आधारित गतिविधि, लाभार्थियों का पंजीकरण की स्थिति, गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण की समुचित देखभाल सुनिश्चित करने हेतु दिशा-निर्देशिका।

इसके अलावा पोषण ट्रैकर एप के अनुसार पूरक पोषाहार प्राप्त करने वाले लाभुकों में गर्भवती महिला, धात्री महिला, विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों आदि की समीक्षा की गई।

उन्होंने पोषण मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। बच्चों को सही समय पर सभी जरूरी टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती किए गए बच्चो की जानकारी लेते हुए, निर्देश दिया की परस्पर समन्वय से कार्य करें। बैठक में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका, गिरिडीह जिला, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर, पोषण अभियान समेत अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## एक-नजर

### बल्ड बैंक स्थित बल्ड प्लेटलेट्स सेपरेटर मशीन का सीएस व अन्य अधिकारी ने लिया जायजा




**साहिबगंज :** सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में स्थापित किए जाने वाले बल्ड प्लेटलेट्स सेपरेटर मशीन का गुरुवार शाम 4 बजे सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया व जिले से आए हुए अन्य अधिकारी ने निरीक्षण करते हुए इसका जायजा लिया। यहां आपको बता दें कि उक्त बल्ड प्लेटलेट्स सेपरेटर मशीन पिछले कई महीनों से सदर अस्पताल के बल्ड बैंक में आया हुआ है जिसको अभी तक स्थापित नहीं किया गया है। जहां डेंगू समेत अन्य बीमारियों में प्लेटलेट्स की मांग ज्यादा होने के कारण अब इसे बल्ड बैंक में स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उधर प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त बल्ड प्लेटलेट्स सेपरेटर मशीन के स्थापित होने के बाद आगामी दिनों उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया जाएगा जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तैयारी में जुट गई है।

### कोटालपोखर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने दिल्ली के नए मुख्यमंत्री को दी बधाई

**कोटालपोखर :** देश की राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने 27 वर्षों का बनवास काटकर भाजपा नेता रेखा गुप्ता को भारत की दूसरी और दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बनाया है जिससे पूरे भारतवर्ष के महिलाओं में खुशी का लहर है। उधर रेखा गुप्ता ने पहली बार शालीमार बाग से विधानसभा का चुनाव जीतकर यह परचम लहराया है और देश के सभी महिलाओं को यह संदेश दिया है कि महिलाएं दुर्गा का स्वरूप होती है जो अगर कुछ ठान ले तो सब मुमकिन है। इससे पूर्व रेखा गुप्ता भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय पद पर भी आसीन रह चुकी है। जहां देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर समस्त महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया है। उधर मुख्यमंत्री बनते ही रेखा गुप्ता ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो जो वादों को लेकर चुनाव लड़ी और ऐतिहासिक जीत दर्ज की है उन सभी वादों को निश्चय ही पूरा किया जाएगा और सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सबका विश्वास के साथ दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाने का स्वर्णिम अध्याय का शुरुआत हुआ है। उधर दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बनाए जाने पर कोटालपोखर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने एक दूसरे भाजपा कार्यकर्ताओं को अबीर गुलाल लगाकर बधाईयां दी है।

### रेलवे स्टेशन से बरामद अज्ञात शव का 72 घंटे बाद भी नहीं हुई पहचान, जीआरपी ने कराया अंतिम संस्कार

**साहिबगंज :** शहर के रेलवे स्टेशन के पुराने रेलवे टिकट काउंटर के पास से सोमवार को रेल थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया था जहां रेल थाना पुलिस ने उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था। उधर शव बरामदगी मामले को लेकर यूडी केस दर्ज करते हुए जीआरपी उक्त व्यक्ति के शव की पहचान करने में जुटी हुई थी। उधर सदर अस्पताल में उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे पहचान होने तक 72 घंटे तक शव गृह में सुरक्षित रखवा दिया गया था जहां 72 घंटे के बाद भी कोई पहचानकर्ता सामने नहीं आने की स्थिति में उक्त शव को रेल थाना क्षेत्र की पुलिस ने गुरुवार को अंतिम संस्कार करवा दिया है। उधर मामले को लेकर रेल थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि पुराने रेलवे टिकट काउंटर के पास से सोमवार की सुबह एक अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया था जिसकी 72 घंटे बाद भी पहचान नहीं होने की स्थिति में अंततः अंतिम संस्कार करवा दिया गया है।

### स्कूली छात्रों के बीच साइकिल वितरित

**बरहेट :** प्रखंड परिसर में कल्याण विभाग द्वारा स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। जहां प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भगन मुर्मू ने साइकिल चलाकर विद्यार्थियों को सौंपा। वही जिन विद्यालय के छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराया गया उनमें मध्य विद्यालय खेरवा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लक्ष्मी बथान, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरहेट शामिल है। उधर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भगन मुर्मू ने कहा की आठवीं कक्षा के सभी छात्राओं को सरकार द्वारा साइकिल उपलब्ध करा रही है ताकि स्कूल आने जाने में आसानी हो। वही सभी स्कूलों से आठवीं कक्षा के छात्रों की सूची तैयार करने का पूर्व में निर्देश दिया गया है ताकि अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को इसका लाभ मिल सकें।

### बैंक ऑफ इंडिया कर्मियों ने मुख्य कार्यालय के बाहर किया विरोध-प्रदर्शन

**गिरिडीह :** फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया इम्प्लाइज यूनियन के बैनर तले बैंक ऑफ इंडिया कर्मियों ने कोर्ट रोड स्थित मुख्य कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन आगामी 24 और 25 फरवरी को प्रस्तावित दो दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।फेडरेशन के सदस्यों ने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र में सुधार, सभी संवर्गों में समुचित बहाली और द्विपक्षीय समझौतों के उल्लंघन को लेकर बैंक प्रबंधन की उदासीनता के खिलाफ यह आंदोलन किया जा रहा है। मांगों पर ठोस पहल नहीं होने के कारण कर्मचारियों को हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। प्रदर्शन के दौरान सुरेन्द्र कुमार दास, शहबाज आलम, दीपक कुमार, गौरव भारद्वाज, आकांक्षा, चांदनी, शैलेन्द्र, आशीष, धुर्व, अविनाश, शिव शंकर, दीपिका समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### लोगों का कहना है कि अवैध कोयला कारोबार में अफराधिक किस्म के लोग जुड़े हुए है

**एग्यारकुंड ।** मुगमा क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर वर्चस्व को लेकर मारपीट की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है, दुसरे दिन बुधवार की रात भी अवैध कोयला का कारोबार करने वाले भट्ठा संचालक के गुर्गों के बीच मुगमा रेलवे फाटक के समीप व मुगमा स्टेशन रोड जाने वाली सड़क पर मारपीट की घटना घटी,हालांकि मारपीट में किसी की घायल होने की सूचना नहीं है,वहीं बारबार हो रही मारपीट व गोली चलने की घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत व्याप्त है,साथ ही पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश भी व्याप्त है। लोगों का कहना है कि अवैध कारोबार में अफराधिक किस्म के लोग जुड़े हुए है, जो रात भर हरवे हथियार के साथ लैस होकर टोली बनाकर घुमते है। जिससे लोगों के बीच काफी भय का वातवरण बना हुआ है।जिससे कभी भी अप्रीय घटना घटने की संभावना बनी हुई है। एक दिन पूर्व ही लतीबाबू पुल के समीप दो गुटों के बीच हुई मारपीट में युवक घ्याल व चार राउंड गोली चलायी गई थी, वहीं कुछ दिन पहले भी मुगमा रेलवे फाटक के समीप छ राउंड गोली चलने की घटना घटी थी। जिसमें पुलिस दो खोखा भी बरामद किया था।

क्या है मामला

जानकारी के अनुसार बीते रात स्टेशन रोड मुगमा व मुगमा रेलवे फाटक पार स्थित भट्ठा है,इन भट्ठों में गोपीनाथपुर नदीं किनारे जंगल, बंद कापासारा में बैड़े पैमाने पर कोयला का अवैध खनन किया जाता है,जहां से शाम होते ही ट्रैक्टर से भट्ठों में कोयला पहुंचाना शुरु कर दिया जाता है ।

## प्रणव वर्मा ने सदर अस्पताल में भर्ती महालाल सोरेन से की मुलाकात



**गिरिडीह :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं जिला महासचिव महालाल सोरेन के अस्वस्थ होने की सूचना पर झामुमो नेता प्रणव वर्मा गुरूवार को गिरिडीह सदर अस्पताल पहुंच कर उनका हाल जाना। प्रणव वर्मा ने डॉक्टरों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान झामुमो के कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंचे, जिनमें युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप मंडल, झामुमो गांडेय प्रखंड सचिव भैरव वर्मा, झामुमो जिला ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष रवि वर्मा और बिरजू राणा शामिल थे। प्रणव वर्मा ने कहा कि महालाल सोरेन पार्टी के महत्वपूर्ण नेता हैं और संगठन उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता है। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। महालाल सोरेन के स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के कारण आईसीयू में भर्ती हैं।

## वनांचल कॉलेज के समीप अहले सुबह दर्दनाक सडक हादसा में दो युवकों की दर्दनाक मौत

**गिरिडीह अमित सहाय :** गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के वनांचल कॉलेज के समीप अहले सुबह दर्दनाक स?क हादसा में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतकों की पहचान पचम्बा थाना क्षेत्र के बिशनपुर बोडो निवासी अनीस अहमद एवं झगरी पंडित मुहल्ला निवासी शंकर साव के रूप में की गयी है।



जानकारी के अनुसार अनीस अहमद अपने एक सहयोगी शंकर साव के साथ बाइक से बालमुकुंद स्पंज फैक्ट्री मे ड्यूटी करने काफी तेज रफ्तार से जा रहा था। इसी दौरान उदनाबाद निवासी प्रकाश वर्मा भी अपनी बाइक से किसी काम से गिरिडीह आ रहा था। दोनों की बाईक डांडीडीह (बुढियाडीह) स्थित वनांचल कॉलेज के समीप पहुंचा तो दोनों बाइकों में आमने सामने की टक्कर हो गयी। तीनों बाइक सवार स?क पर गिर गये। स?क पर ज्योंहि अनीस अहमद की बाइक गिरा तभी गिरिडीह से धनबाद की ओर जा रही एक तेज रफ्तार टेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटना स्थल पर ही अनीस की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं बाइक सवार शंकर साव गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन फानन में एक टोटो पर बैठा दोनों घायलों को इलाज हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल ले गये। लेकिन अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही शंकर साव ने भी दम तो? दिया। जिसे अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

आक्रोशित लोगों ने मौत के बाद गिरिडीह- धनबाद मुख्य स?क को जाम कर दिया और मुआवजा का मांग करने लगा।

## एमडीए अभियान को लेकर प्रखंड स्वास्थ्य कर्मियों ने किया भ्रमण



**बरहेट :** प्रखंड क्षेत्र के फाइलेरिया अभियान को लेकर गुरुवार को जिला वीबीडी सलाहकार डॉ. सती बाबू डाबड़ा ने क्षेत्र के अलग अलग बूथों में पहुंचकर निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट के अंतर्गत बूथ संख्या 53 में पहुंचकर फाइलेरिया अभियान की जानकारी ली जिसमें दवा प्रशासक के पास एमडीए पारिवारिक पंजी, दीवाल लेखन, ऊँगली मार्किंग आदि का अवलोकन करते हुए घर घर भ्रमण कर बैकचैक किया गया। साथ ही साथ दवा प्रशासक को एमडीए कार्यक्रम से संबंधित कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। उधर निरीक्षण के क्रम में गाँव में उपस्थित सभी लोगों को फाईलेरिया बीमारी के बारे में जानकारी दी गई एवं लोगों को एमडीए कार्यक्रम में दवा खाने के महत्व के बारे में बताया गया जहां सभी लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि गर्भवती महिलाओं, 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छो?कर सभी लक्षित जन सामुदाय को दवा सेवन करने को कहा गया। इस मौके पर केटीएस फ्रांसिस टुडू, सहिया, सेविका उपस्थित थे।

## माध्यमिक परीक्षा में पेपर लिक होना छात्रों के भविष्य से सीधा खिलवाड़ः संजय दादा

**साहिबगंज-** झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आयोजित माध्यमिक 10 वीं परीक्षा हिंदी और विज्ञान की परीक्षा होने से पहले ही उत्तर सोशल मीडिया पर मिलने के बाद बोर्ड ने तत्काल परीक्षा को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। जहां पेपर लीक के बाद छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, छात्र संगठन द्वारा सरकार के विधि व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक संजय दादा ने भी जैक बोर्ड व राज्य सरकार के कार्यशैली पर कई तरह के सवाल खड़े किए हैं। जहां उन्होंने बताया कि अत्यंत दूर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश में लगातार पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं जहां मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा में पेपर लीक की घटना प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के



लिए अत्यंत ही चिंताजनक है। वही विद्यार्थी इस प्रकार की घटनाओं से मानसिक रूप से तनावग्रस्त होते हैं जिनका असर उनकी परीक्षा परिणाम पर भी पड़ता है। जहां एक और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की बात करते हैं वहीं दूसरी ओर उनके द्वारा नियुक्त जैक अध्यक्ष के निगरानी में आयोजित पहली ही परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से करने में असफल रहे हैं। जहां उन्होंने प्रदेश सरकार से निवेदन किया है कि अपनी विफलताओं को ना छुपाएं केवल परीक्षा रद्द करने से समस्या का समाधान नहीं होगा जब तक जो भी गतिविधि शिक्षा माफियाओं द्वारा किया जा रहा है उन पर सख्त कारवाई हो और जो लोग इस प्रकार से शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं उन लोगों के विरुद्ध सीबीआई जांच कर उन्हें चिन्हित किया जाए और उनके उपर कठोर कार्रवाई नहीं किया जाए। वही अगर सरकार आंखे बंद कर लेती है तो शायद छात्रों का भविष्य सुरक्षित नहीं होंगे। यहां बता दें कि मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक के बाद भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने भी सरकार के ऊपर कई तरह के आरोप लगाए हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर स्कूली बच्चियों को किया गया जागरूक

**राजमहल :** जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव के निर्देशानुसार मंथन संस्था एवं चाइल्डलाइन द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, राजमहल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने कहा कि भारत सरकार ने 2015 में शिक्षा, लैंगिक भेदभाव और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत की थी।



यह योजना 22 जनवरी, 2015 को प्रधानमंत्री द्वारा पानीपत, हरियाणा में शुरू की गई थी। जहां इस योजना से शिशु लिंग अनुपात में गिरावट को रोकने, महिलाओं को सशक्त बनाने, आर्थिक विकास में सुधार, स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति को बेहतर बनाने, सामाजिक सुधार को बढ़ावा देने और देश की प्रगति में योगदान देने में मदद मिलती है। आगे उन्होंने स्कूली बच्चियों को जागरूक करते हुए बताया कि अगर वे रास्ते, ट्रेन या किसी अन्य जगह पर खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं, तो वे तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति या नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचना दे सकते हैं इसके बाद उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी। उधर मंथन संस्था के समन्वयक अमन वर्मा ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं का सशक्तिकरण करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और भविष्य में किसी भी समस्या का सामना करने में सक्षम हों।

इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान स्कूल में मौजूद प्रोजेक्टर के माध्यम से बाल विवाह, बाल शोषण, बाल तस्करी और पोक्सो एक्ट से संबंधित वीडियो भी बच्चियों को दिखाए गए।

साथ ही, इन विषयों से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। उधर कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चियों को शपथ ग्रहण करवाई गई और 5 फलदार वृक्षों का रोपण भी किया गया। इस मौके पर इकबाल अंसारी, संजीव कुमार, नाहिद परवीन, रूबी कुमारी, अंशु मालाकार, शबनम परवीन सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह, द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, प्लांट खंख्या-342, 344 चिरौंदी-बोरया रोड, रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादक : मानवेद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), : 8709022665, आरएनआई खंख्या.-JHAHIN/2014/59794

# भारत-मिस्र स्पेशल फोर्सेज ने अभ्यास के दौरान किया सायक्लोन-3 का कठिन प्रशिक्षण

**बीकानेर,एजेंसी।**

भारत-मिस्र स्पेशल फोर्सेज अभ्यास सायक्लोन का तीसरा संस्करण राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहा है। यह 14 दिवसीय सैन्य अभ्यास 23 फरवरी को समाप्त होगा। डिफेंस पीआरओ कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार यह उच्च-तीव्रता वाला अभ्यास भारत और मिस्र के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी का प्रमाण है, जो सैन्य सहयोग को मजबूत करता है और दोनों देशों की विशिष्ट बलों के बीच पारस्परिक कार्यकुशलता को बढ़ाता है।÷कंटिजेंट्स ट्रेन हार्ड÷ पर केंद्रित अभ्यास में, दोनों देशों की सेनाएँ कठिन युद्ध प्रशिक्षण और सामरिक अभ्यास कर रही हैं, जिसका उद्देश्य जॉइंट ऑपरेशन क्षमताओं को मजबूत करना है। इस अभ्यास का प्रमुख लक्ष्य पारस्परिक



कार्यकुशलता को बढ़ाना, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना और स्पेशल फोर्सेज के अभियानों में युद्धकला, तकनीकों और प्रक्रियाओं (टीटीपीज) की आपसी समझ को बढ़ाना है।इस अभ्यास में क्लोज क्वार्टर बैटल (सीक्यूबी) ड्रिल, सर्वाइवल तकनीक, कॉम्बैट मेडिकल स्किल्स और डिमोलिशन ट्रेनिंग का जॉइंट प्रशिक्षण दिया गया। इन उच्च तीव्रता वाले अभ्यासों का उद्देश्य सैनिकों की क्षमता को बढ़ाना था, ताकि वे रेगिस्तानी और अर्ध-रेगिस्तानी इलाकों में जटिल परिस्थितियों में प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया कर सकें।डिफेंस के मुताबिक प्रशिक्षण सत्रों में तेजी, सहनशक्ति और सटीकता पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि दोनों दल वास्तविक युद्ध स्थितियों में एकजुट होकर बिना किसी रुकावट के काम कर सकें।क्लोज़ क्वार्टर बैटल प्रशिक्षण महत्वपूर्ण यह है कि यह सैनिकों की क्षमता को बढ़ाता है, ताकि वे सीमित और शहरी वातावरण में कम रिएक्शन समय में दुश्मनों से निपट सकें। सर्वाइवल प्रशिक्षण मॉड्यूल कठोर परिस्थितियों में ऑपरेशन जारी रखने और शत्रुतापूर्ण वातावरण में स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए आवश्यक कौशल हैं। युद्ध क्षेत्र में आकस्मिक दुर्घटना प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कॉम्बैट मेडिकल कौशल प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है, जबकि डेमोलिशन प्रशिक्षण सैनिकों को दुश्मन की किलेबंदी को तोड़ने और निष्क्रिय करने के लिए तैयार करता है।डिफेंस पीआरओ के अनुसार सायक्लोन-3, 48 घंटे के वेलिडेशन फेज के साथ समाप्त होगा, जिसमें दोनों दल जॉइंट रूप से आतंकवाद विरोधी (सीटी) अभियान करेंगे। अंतिम चरण का उद्देश्य सैनिकों की क्षमता को उच्च चुनौतीपूर्ण माहौल में रणनीतिक योजनाएं बनाने और उन्हें लागू करने के लिए परखा जाएगा। इस चरण में सैनिक जॉइंट सामरिक ड्रिल्स, काल्पनिक खतरों को निष्क्रिय और अपने सीखे हुए कौशल को रियल ऑपरेशनल माहौल में लागू करेंगे।वेलिडेशन अभ्यास का उद्देश्य वास्तविक युद्ध स्थितियों को सामने लाना है, ताकि सैनिकों की निर्णय लेने और मिशन को पूरा करने की क्षमताओं को निखारा जा सके । अलग-अलग ऑपेरशनल तरीकों को एकजुट करके, दोनों सैन्य दल उभरते सुरक्षा खतरों के प्रति अपनी अनुकूलन क्षमता को बढ़ाएंगे।अभ्यास सायक्लोन-3, भारत और मिस्र के बीच निरंतर रक्षा सहयोग और आतंकवाद विरोधी अभियान तथा प्रतीक है।

## मुडा मामले में सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट, लोकायुक्त पुलिस का दावा- नहीं मिले सबूत



**बंगलूरू,एजेंसी।**

मुडा मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट मिल गई है। लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले।कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन मामले में 25 सितंबर को विशेष अदालत के आदेश के बाद 27 सितंबर को लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि मुडा जमीन आवंटन मामले में सबूतों के अभाव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती के खिलाफ आरोप साबित नहीं किए जा सके। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने अंतिम रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंप दी है।लोकायुक्त पुलिस ने कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा को भेजे एक पत्र में कहा कि मामले में आरोपी एक से आरोपी चार के खिलाफ आरोप सबूतों की कमी के कारण साबित नहीं हुए हैं। इसलिए अंतिम रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपी जा रही है। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा 2016 से 2024 तक 50:50 के अनुपात में मुआवजा भूखंड प्रदान करने के आरोपों की आगे की जांच की जाएगी और धारा 173 (8) सीआरपीसी के तहत एक अतिरिक्त अंतिम रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपी जाएगी।

**क्या है पूरा मामला:** मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50:50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले लोग विकसित भूमि के 50त्न के हकदार होते थे। यह योजना 2009 में पहली बार लागू की गई थी। जिसे 2020 में उस वक्त की भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। सरकार की तरफ से योजना को बंद करने के बाद भी मुडा ने 50~50 योजना के तहत जमीनों का अधिग्रहण और आवंटन जारी रखा। सारा विवाद इसी से जुड़ा है। आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को इसी के तहत लाभ पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री की पत्नी की तीन एकड़ और 16 गुंटा भूमि मुडा की तरफ से अधिग्रहित की गई। इसके बदले में एक महंगे इलाके में 14 साइटें आवंटित की गईं। मैसूर के बाहरी इलाके में यह जमीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने 2010 में उपहार स्वरूप दी थी। आरोप है कि मुडा ने इस जमीन का अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर तृतीय चरण की योजना विकसित कर दी।

## जल संचय के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित हो: सीआर पाटिल

**उदयपुर,एजेंसी।**

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हम जितना पानी खर्च करते हैं, उसके अनुपात में संचय नहीं कर पाते, यह चिंता का विषय है।वे बुधवार को जल संरक्षण और जल प्रबंधन को लेकर केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी पहल कर्म भूमि से मातृ भूमि जल संचय अभियान के तहत शौर्यगढ़ रिसोर्ट के सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।संवाद कार्यक्रम में मंत्री सीआर पाटिल ने राजस्थान में बढ़ती जल समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की और जल संचयन को लेकर जन भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर घर नल योजना के माध्यम से जल संकट को कम करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन इसमें जनसहयोग आवश्यक है।मंत्री पाटिल ने कहा कि उदयपुर जैसे शहर में जल संरक्षण पर



सम्मेलन होना ही इस विषय की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि एक समय था जब 100 फीट पर पानी उपलब्ध होता था, लेकिन आज यह स्तर 700 फीट तक नीचे चला गया है। इसके बावजूद भारत में पर्याप्त वर्षा होने के बावजूद जल संकट की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि हम जितना जल उपयोग करते हैं, उतना संरक्षित नहीं कर पाते।केन्द्रीय मंत्री पाटिल ने जल संचय के लिए वाटर हार्वेस्टिंग को सबसे प्रभावी उपाय बताया। उन्होंने कहा कि हम अपने घरों, बंगलों और खेतों में छतों से वर्षा जल संकलित कर सकते हैं। अगर हम इस अभियान को सही दिशा में ले जाएं, तो जल स्तर फिर से 100 फीट तक लाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से भी खेतों में जल संचय करने और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने की अपील की।कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी राजकुमार फत्तावत ने बताया कि कार्यक्रम में सूरत महानगर पालिका के नगर सेवक दिनेश राजपुरोहित, सूरत शिक्षा परिषद के सदस्य अनुराग कोठारी और कैलाश हाकिम ने भी जल प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। संवाद कार्यक्रम में उद्योगपति मांगीलाल प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## उद्धव 2019 में शिंदे को सीएम बनाना चाहते थे, लेकिन भाजपा और पवार ने... , संजय राउत का दावा

**मुंबई,एजेंसी।**

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बुधवार को दावा किया कि उद्धव ठाकरे 2019 के चुनावों के बाद एकनाथ शिंदे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे, लेकिन पहले भाजपा और बाद में शरद पवार सहित एमवीए सहयोगियों ने उन्हें बनने नहीं दिया। राउत ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने (अविभाजित) शिवसेना से मुख्यमंत्री पद साझा करने का वादा नहीं निभाया। यही कारण है कि शिंदे को सरकार का नेतृत्व करने का मौका नहीं मिल सका।बता दें कि अविभाजित शिवसेना के तत्कालीन प्रमुख उद्धव ठाकरे ने 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर भाजपा से नाता तोड़ लिया था और कांग्रेस तथा अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन बनाकर वह मुख्यमंत्री पद पर काबिज हुए थे।शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के राज्यसभा सदस्य



संजय राउत ने दावा किया, एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बनना चाहते थे, लेकिन एमवीए के शीर्ष नेताओं ने उनके अधीन काम करने से इनकार कर दिया, क्योंकि वह उनसे जूनियर थे। (अविभाजित) राकांपा के तत्कालीन अध्यक्ष शरद पवार और अजित पवार ने शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने की योजना का विरोध किया था।

**शंभूराज देसाई ने राउत के दावे का खंडन किया:** राउत के मुताबिक, उद्धव 2019 में शिंदे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा, शिंदे को शिवसेना विधायक दल का नेता बनाया गया था, जो इस बात का संकेत था कि वह मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। शिवसेना नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री शंभूराज देसाई ने राउत के दावे का खंडन किया। उन्होंने कहा कि 2019 में उद्धव ने शिंदे की तरफ इशारा करते हुए पार्टी विधायकों से कहा था कि वह एक आम शिवसेना कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, लेकिन फिर रातों-रात चीजें बदल गईं।भाजपा नेता और राज्य सरकार में मंत्री नितेश राणे ने दावा किया कि राउत खुद मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा रखते थे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, विधायकों को भी फोन किए गए, लेकिन सिर्फ पांच-छह विधायक ही उनके समर्थन में आगे आए।

## सरकारी कर्मचारियों को पहले मिलेगा घर, सीएम ने आइजोल के ऐनावन वेंग में कम्युनिटी सेंटर का किया उद्घाटन



**आइजोल,एजेंसी।**

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने बुधवार को कहा कि फेडरेशन एन्क्लेव मिजोरम के शहरी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस तरह की पहलों से भविष्य में आइज़ोल और उसके आस-पास के क्षेत्रों को एक सुनियोजित शहर में बदलने में मदद मिलेगी। उन्होंने हाउसिंग कॉम्प्लैक्स की सफलतापूर्वक पूर्णता की उम्मीद जताई। वे बुधवार को ऐनावन वेंग में फेडरेशन एन्क्लेव सैंपल फ्लैट और कम्युनिटी सेंटर का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे।मिजोरम सरकार कर्मचारी हाउसिंग सोसाइटी के अध्यक्ष ह्लिंगचुंगनुंगा ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। जबकि एफएमजीई एंड डब्ल्यू के अध्यक्ष एर. आर. लालराममाविया ने भी सभा को संबोधित किया। सभा में वक्ताओं ने मिजोरम में सरकारी कर्मचारियों को आवास प्राप्त करने में आने वाली चुनौतियों को उजागर किया, विशेषकर उनके बार-बार स्थानांतरण और पदस्थापन के कारण। इस समस्या का समाधान करने के लिए, यह आवास परियोजना सरकारी कर्मचारियों को लोन वित्तपोषण के माध्यम से घर प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए विकसित की गई है। सरकार ने इस परियोजना के लिए भूमि प्रदान की है। आवासीय परिसर 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। पहले साल के दौरान आवासीय इकाइयां केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होंगी। इसके बाद ये इकाइयां आम जनता के लिडब्ल्यू (मिजोरम सरकारी कर्मचारी हाउसिंग सोसाइटी) और ब्लू माउंटेन की जा रही है।

## विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, एक युवक की मौत, दमकलों ने पाया आग पर काबू

**विरुधुनगर,एजेंसी।**



तमिलनाडु के विरुधुनगर में एक पटाखा फैक्टरी में बुधवार सुबह विस्फोट हो गया। इसमें एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक झुलस गया। दमकलों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

**महाराष्ट्र के भिवंडी में लॉजिस्टिक कंपनी के गोदाम में लगी आग:** महाराष्ट्र के भिवंडी में लॉजिस्टिक कंपनी के गोदाम में बुधवार सुबह आग लग गई। इसमें गोदाम में रखे इत्र और कार्डबोर्ड जल गए। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। भिवंडी निजामपुर नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 4~30 बजे मुंबई-नासिक हाईवे पर येवई नाका के पास बने गोदाम में आग लग गई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। दमकलों ने दोपहर एक बजे आग पर काबू पाया।

अधिकारियों ने बताया कि आग में गोदाम में रखा सामान इत्र, बॉडी स्प्रे और कार्ड बोर्ड जलकर राख हो गए। जब तक दमकल मौके पर पहुंची तब तक गोदाम का ढांचा ढह गया था। छत पर लगी टिन गिरने से दमकल टीमों को आग बुझाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। इसके अलावा आग की लपटें कई किमी दूर तक नजर आईं। आसमान में काला धुआं दिखा।

अफसरों ने बताया कि दो दमकलें समय पर मौके पर पहुंच गई थी लेकिन पानी और संसाधनों की कमी के चलते आग बुझाने में देरी हुई। अग्निशमन अफसर आग के कारणों की जांच कर रहे हैं। साथ ही नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

## यूपी राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ,एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस के अवसर पर दोनों राज्यों के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और विविधता से परिपूर्ण अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन राज्यों की जनता ने विकास के पथ पर उल्लेखनीय प्रगति की है और उनके प्रयासों से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन एवं अन्य क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम आने वाले वर्षों में और अधिक प्रगति करेंगे तथा अपनी समृद्ध परंपराओं को सहेजते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देंगे। उन्होंने सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना है।

## 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त होंगे शामिल

**भोपाल,एजेंसी।**



विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में स्थित पेंच राष्ट्रीय उद्यान में एक से चार मार्च तक आयोजित की जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे। यह जानकारी बुधवार राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने दी। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में आंध्र प्रदेश की राज्य निर्वाचन आयुक्त नीलम साहनी, दिल्ली-चण्डीगढ़ के डॉ. विजय देव, गोवा के दौलत हवलदार, झारखण्ड के डॉ. बी.के. तिवारी, कर्नाटक के जी.एस. संगरेशी, राजस्थान के मधुकर गुप्ता, उड़ीसा के मधुसूदन पाधी, तेलंगाना की आई. रानी कुमुदिनी, हिमाचल प्रदेश के अनिल कुमार खांची, असम के आलोक कुमार, तमिलनाडु की बी. जोथी निर्मलासामी, महाराष्ट्र के दिनेश टी. वाघमारे, सिक्किम के के.सी. लेप्चा, जम्मू-कश्मीर के बी.आर. शर्मा, छत्तीसगढ़ के अजय सिंह, केन्द्र शासित प्रदेशों के सुधांशु पाण्डे, त्रिपुरा के शरदेंदु चौधरी, गुजरात के डॉ. एस. मुरलीकृष्णन, उत्तर प्रदेश के राज प्रताप सिंह, उत्तराखण्ड के सुशील कुमार, बिहार के डॉ. दीपक प्रसाद और केरल के राज्य निर्वाचन आयुक्त ए. शाहजहाँ शामिल होंगे। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोगों के सचिव एवं अन्य अधिकारी भी शामिल होंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त स्थानीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आई चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। साथ ही नवाचारों और सुधारों से भी अवगत करायेंगे। इस दौरान स्थानीय निकायों के निर्वाचन में नई तकनीकों के उपयोग पर भी चर्चा होगी।

## राजस्व विभाग के सर्वे पर बोले कुमारस्वामी- 40 साल पहले खरीदी जमीन अवैध नहीं, मेरे पास सभी दस्तावेज

**बंगलूरू,एजेंसी।**

केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि रामनगर जिले में उनके द्वारा खरीदी गई जमीन अवैध नहीं है और यह जमीन उन्होंने करीब चालीस साल पहले खरीदी थी। उनका यह बयान तब सामने आया, जब राजस्व विभाग के अधिकारियों ने उनकी जमीन का सर्वेक्षण किया। कर्नाटक सरकार और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर निशाना साधते हुए कुमारस्वामी ने दावा किया कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। कुमारस्वामी ने कहा, मैंने करीब चालीस साल पहले जमीन खरीदी थी चालीस में कई बार सर्वे और जांच हुई है। मैं इसको लेकर खुला रहा हूं..चालीस साल तक कोई शिकायतकर्ता नहीं था। अब वे अचानक कैसे सामने आ गए?



पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि 1986-87 में कांग्रेस नेता सी.एम. लिंगप्पा और जिला पंचायत सदस्य रामचंद्रा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को एक याचिका दी थी, जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि जमीन को अवैध तरीके से खरीदा गया।

**मेरे पास सभी दस्तावेज, हाईकोर्ट से नहीं मिला कोई नोटिस:** उन्होंने कहा, मेरे पास सभी दस्तावेज हैं। यह सरकार और राज्य के संसाधनों की रक्षा करने का दावा करने वाले (कार्यकर्ता) मेरे खिलाफ हो गए हैं। अभी तक मुझे हाईकोर्ट से कोई नोटिस नहीं मिला है। जब मुझे पता चला कि अधिकारी बिना नोटिस दिए ही मेरी जमीन का सर्वेक्षण करने आ रहे हैं, तो मैंने प्रधान सचिव और उपायुक्त से पूछा, फिर उन्होंने मुझे नोटिस दिया। मैंने सर्वेक्षण की अनुमति दी। मैंने उनसे यह भी कहा कि वह किसी भी अंतरराष्ट्रीय एजेंसी से सर्वेक्षण करवा सकते हैं।

**सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के सबूत:** केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने जो जमीन खरीदी है, वह अवैध नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पास इस बात के दस्तावेज हैं कि किसने किस तरह के अवैध काम किए हैं और कैसे सरकारी जमीनों पर दूसरों ने अवैध कब्जा किया है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन आज की व्यवस्था में तार्किक हल तक नहीं पहुंचा जा सकता।

**क्या हुआ पूरा मामला:** राजस्व विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को रामनगर जिले के बिदादी होबली के बेथागनहल्ली में कुमारस्वामी की कृषि भूमि का सर्वेक्षण किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि कुमारस्वामी ने 14 एकड़ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। हाईकोर्ट ने राजस्व विभाग को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के आरोपों की जांच के लिए सरकार ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था।

**कुमारस्वामी ने पूछा- कितनी बार जांच होगी:** यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें निशाना बनाया जा रहा है, कुमारस्वामी ने कहा, इसमें कोई शक नहीं है। कितनी बार जांच होगी? मार्च 2023 में लोकायुक्त को एक रिपोर्ट सौंपी गई..उन्होंने आकर सर्वे किया है।

GOD INCREASE ME IN MY KNOWLEDGE
MUNAM PUBLIC SCHOOL
मुनअम पब्लिक स्कूल
(इंग्लिश मिडीयम, सीबीएसई दिल्ली से मान्यता प्राप्त)
महाराजगंज, चौपारण, हजारीबाग
नामांकन जारी है
क्लास 1 से 8 के छात्रों के लिए मॉडर्न सुविधाओं के साथ हॉस्टल की सुविधा है.
संपर्क : 6206164991, 7091113086
Email: hmptmission@gmail.com,Web: munampublicschool.com